असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
रांची, सोमवार | 24.04.2023 | वर्ष 10, अंक 111
RNI No. JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
प्रतिकूल परिस्थितियों से कुछ व्यक्ति टूट जाते है, जबकि कुछ ऐसे व्यक्ति भी होते है जो दुसरो के रिकॉर्ड तोड़ते है।

**रांची का तापमान**
अधिकतम 36°
न्युनतम 18°

## क्वीक न्यूज

### कालियागंज दुष्कर्म : केंद्र और राज्य शिशु आयोग में टकराव, कानूनगो ने पुलिस प्रशासन पर उठाए सवाल

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिला अंतर्गत कलियागंज में एक नाबालिग बच्ची की सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या मामले पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को राष्ट्रीय शिशु अधिकार रक्षा आयोग के चेयरपर्सन प्रियंक कानूनगो पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। आरोप है कि पुलिस ने उन्हें घटनास्थल पर जाने से रोकने की कोशिश की जिसे लेकर उन्होंने प्रशासन की भूमिका पर सवाल खड़ा किया है। प्रियंक कानूनगो ने कहा कि एक अयोग्य मुख्यमंत्री की छवि बचाने के लिए अयोग्य प्रशासन काम कर रहा है। उन पर राज्य शिशु अधिकार रक्षा आयोग की चेयरपर्सन सुदेशना रॉय ने धारा 144 के उल्लंघन का आरोप लगाया है। इस पर भी पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि अयोग्य मुख्यमंत्री की छवि बचाने के लिए राज्य का अयोग्य कमीशन काम कर रहा है। उसके आरोप का कोई जवाब नहीं देंगे।

### केदारनाथधाम में बर्फबारी, चारधाम यात्रियों का पंजीकरण रोका गया

**ऋषिकेश** : उत्तराखंड के उच्च पर्वतीय क्षेत्र में हो रही ताजा बर्फबारी का असर चारधाम यात्रा पर पड़ना शुरू हो गया है। इस वजह से केदारनाथधाम जाने वाले श्रद्धालुओं का ऑफलाइन पंजीकरण रोक दिया है। गढ़वाल मंडल के अपर आयुक्त नरेंद्र सिंह क्यूरियाल ने इसकी पुष्टि की है। अपर आयुक्त नरेंद्र सिंह क्यूरियाल ने कहा है कि केदारनाथधाम क्षेत्र में बर्फबारी होने से रास्ता बंद हो गया है। इसलिए यह फैसला किया गया। फिलहाल केदारनाथधाम के दर्शन के लिए आज (रविवार) ऋषिकेश और हरिद्वार में ऑफलाइन पंजीकरण नहीं होगा। दोनों कार्यालयों के प्रभारियों को इस संबंध में सूचना देकर आगाह कर दिया गया है।

### राजीव बिंदल बने हिमाचल भाजपा के नए अध्यक्ष

**शिमला** : राजीव बिंदल हिमाचल प्रदेश भाजपा के नए अध्यक्ष बन गए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राजीव बिंदल को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा की है। पांच बार के विधायक रहे बिंदल को तीन साल के भीतर दूसरी बार प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। राजीव बिंदल से पहले सुरेश कश्यप भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष का पद संभाल चुके हैं। राजीव बिंदल को जनवरी 2020 में प्रदेश अध्यक्ष का जिम्मा सौंपा गया था। उस दौरान बिंदल ने प्रदेश अध्यक्ष बनने के लिए हिमाचल विधानसभा का अध्यक्ष पद छोड़ा था। अपनी नियुक्ति के साढ़े चार महीने के भीतर राजीव बिंदल ने प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। स्वास्थ्य विभाग में उपकरणों की खरीद से जुड़े भ्रष्टाचार के कथित मामले के मद्देनजर बिंदल ने नैतिक आधार पर प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि बाद में प्रदेश सरकार की ओर से इस मामले में उन्हें क्लीन चिट मिल गई थी।

### जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों के लिए राष्ट्रीय नीति की घोषणा संभव

**नई दिल्ली** : केंद्र सरकार जल्द ही माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में पंजीकृत व्यापारियों के लिए राष्ट्रीय खुदरा व्यापार नीति और दुर्घटना बीमा योजना की घोषणा कर सकती है। यह जानकारी मंत्रालय से जुड़े एक अधिकारी ने आज दी। इस अधिकारी ने कहा कि इस नीति से व्यापारियों को बेहतर बुनियादी ढांचा उपलब्ध होगा और साथ ही वह अधिक कर्ज भी ले सकेंगे। इस नीति में सस्ता और सुगम कर्ज, खुदरा व्यापार का आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरण, वितरण श्रृंखला के लिए आधुनिक ढांचागत समर्थन, कौशल विकास और श्रम उत्पादकता में सुधार, प्रभावी परामर्श और शिकायत निपटान तंत्र का प्रावधान हो सकता है। सनद रहे भारत वैश्विक स्तर पर खुदरा क्षेत्र में दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा गंतव्य है। इस समय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय वित्तीय सेवा विभाग के साथ मिलकर जीएसटी पंजीकृत खुदरा व्यापारियों के लिए एक बीमा योजना पर भी काम कर रहा है। व्यापारियों के संगठन कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने कहा है कि खुदरा व्यापार नीति से निश्चित रूप से इस क्षेत्र को मदद मिलेगी।

### खालिस्तानी समर्थक और वारिस पंजाब दे संगठन का प्रमुख था अमृतपाल

# अमृतपाल गिरफ्तार

### अमृतपाल सिंह को असम की डिब्रुगढ़ जेल में किया गया शिफ्ट

एजेंसी

**चंडीगढ़** : खालिस्तानी समर्थक और वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख अमृतपाल ने रविवार को पंजाब के मोगा से गिरफ्तार किया गया। कुछ मीडिया खबरों में कहा गया है कि अमृतपाल ने मोगा के गुरुद्वारे में सरेंडर किया है। वह अजनाला कांड के बाद पिछले 36 दिनों से फरार था। 18 मार्च से फरार चल रहे अमृतपाल सिंह को पकड़ने के लिए पंजाब पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। गिरफ्तार करने के लिए कई राज्यों में अलर्ट जारी किया गया था।

पंजाब पुलिस ने एक बयान जारी कर कहा कि अमृतपाल को पंजाब के मोगा से गिरफ्तार किया गया। अमृतपाल तथा उसके साथियों पर विभिन्न वर्गों के बीच वैमनस्य पैदा करने, हत्या का प्रयास करने, पुलिसकर्मियों पर हमला करने और लोक सेवकों के काम में बाधा पैदा करने से जुड़े कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। अमृतपाल सिंह को लेकर विशेष विमान रविवार को असम के डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे पर पहुंचा।पंजाब पुलिस ने रविवार सुबह अमृतपाल को को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद उसे पंजाब उसे शहर के केंद्रीय कारागार ले जाया गया। इस जेल में अमृतपाल सिंह के अन्य सहयोगियों के भी बंद होने के कारण सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए। सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों के अलावा एक विशेष दल को भी तैनात किया गया।

### अमृतपाल ने सरेंडर नहीं किया, उसे गिरफ्तार किया गया

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने दावा किया है कि खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह ने सरेंडर नहीं किया बल्कि उसे गिरफ्तार किया गया है। पंजाब पुलिस के आईजी मुख्यालय सुखचैन सिंह ने कहा कि अमृतपाल चारों तरफ से घिर चुका था। पुलिस की कड़ी घेराबंदी के बीच उसे गिरफ्तार किया गया।आईजी मुख्यालय सुखचैन सिंह ने रविवार को पत्रकारों से कहा कि पुलिस ने गुरुद्वारा साहिब की मर्यादा का ध्यान रखा। चारों ओर से नाकाबंदी के कारण अमृतपाल को फरार होने का कोई रास्ता नहीं मिला और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।



### अमृतपाल अगर 18 मार्च को गिरफ्तार किया जाता तो खून खराबा हो सकता था : सीएम भगवंत मान

**चंडीगढ़।** खालिस्तान समर्थक एवं वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह की रविवार को गिफ्तारी के बाद पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि अगर अमृतपाल को 18 मार्च को गिरफ्तार करते तो खून खराबा हो सकता था। मुख्यमंत्री मान ने पत्रकारों से कहा कि उन्हें पुलिस ऑपरेशन के बारे में जानकारी थी। पंजाब पुलिस इसके लिए बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा कि वह पंजाब वासियों के भी आभारी हैं जिन्होंने इस दौरान अमन शांति को कायम रखने में सहयोग दिया।मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब ने उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है। इस कारण उनका कर्तव्य बनता है कि लोगों के जान-माल की सुरक्षा की जाए। इसके लिए भले ही एक्शन लेने पड़े, कठोर कार्रवाई की जाए, लेकिन निर्दोषों को कुछ नहीं कहा जाएगा। कानून के अनुसार काम किया जाएगा।

### कड़ी सुरक्षा में डिब्रुगढ़ की केंद्रीय जेल पहुंचा अलगाववादी अमृतपाल

**डिब्रुगढ़ (असम)** : पंजाब से राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत गिरफ्तार अलगाववादी अमृतपाल सिंह को कड़ी सुरक्षा के बीच डिब्रूगढ़ की केंद्रीय जेल पहुंचा दिया गया। इसी बीच अलगाववादियों को डिब्रूगढ़ जेल लाने को असम के मुख्यमंत्री डॉ हेमंत बिस्व सरमा ने पुलिस के आपसी सहयोग के हिस्सा बताया। रविवार को कड़ी सुरक्षा में पंजाब पुलिस, सीआरपीएफ और अन्य सुरक्षाकर्मी अलगाववादी नेता अमृतपाल सिंह को लेकर वायुसेना के विशेष विमान से डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे पर पहुंचे। इस विमान को अपरान्ह 11 बजे डिब्रूगढ़ के मोहनबाड़ी हवाई अड्डे पर उतरना था, लेकिन खराब मौसम के कारण विमान निर्धारित समय के बजाय दोपहर 12.40 बजे उतरा। अलगाववादी संगठन वारिस दे पंजाब के प्रमुख व अलगाववादी अमृतपाल को हवाई अड्डे से सीधे डिब्रूगढ़ केंद्रीय कारागार ले जाया गया। शाति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जेल के अंदर और बाहर कई स्तर की सुरक्षा व्यवस्था की गई है। असम पुलिस और सीआरपीएफ अलर्ट पर हैं। जेल के अंदर और बाहर पहले 52 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। जिला पुलिस मुख्यालय के सूत्रों ने बताया है कि इसके अलावा 12 और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

### आईएएस छवि रंजन को ईडी ने आज पूछताछ के लिए बुलाया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सेना की जमीन घोटाले मामले में आईएएस छवि रंजन को पूछताछ के लिए सोमवार को बुलाया है। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी ने छवि रंजन को समन भेजकर 24 अप्रैल को 11 बजे रांची के हिनू स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय पर बुलाया है।

दरअसल, इससे पहले आईएएस छवि रंजन को ईडी ने समन भेजकर 21 अप्रैल को ईडी ऑफिस में पेश होने को कहा था, लेकिन वो ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए थे। इससे पहले ईडी ने छवि रंजन को दो सप्ताह का समय देने की उनकी याचिका खारिज कर दी थी और इसके बजाय ईडी ने उन्हें गत शुक्रवार शाम चार बजे पेश होने का निर्देश दिया था, लेकिन वह उपस्थित नहीं हुए थे।इससे पूर्व ईडी ने उन्हें 17 अप्रैल को समन भेजकर 21 अप्रैल को पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वे नहीं पहुंचे थे। उन्होंने वकील के माध्यम से ईडी से दो सप्ताह की मोहलत मांगी थी, जिसे ईडी ने अस्वीकार करते हुए 21 अप्रैल को ही दूसरा समन भेजकर उसी दिन शाम 4 बजे उपस्थित होने को कहा था। इसके बाद छवि रंजन ने 21 अप्रैल को ही अपने वकील के माध्यम से ईडी को यह जानकारी दी कि वे रांची से बाहर हैं। ईडी जो भी अगली तिथि देगा, वह पूछताछ के लिए उपस्थित हो जाएंगे। इसके बाद ईडी ने उन्हें पूछताछ के लिए तीसरी बार समन किया है।

**इससे पूर्व ईडी ने उन्हें 17 अप्रैल को समन भेजकर 21 अप्रैल को पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वे नहीं पहुंचे थे।**

उल्लेखनीय है कि सेना के जमीन घोटाले की जांच में 13 अप्रैल को ईडी ने छवि रंजन सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के बाद ईडी ने सात आरोपितों को गिरफ्तार भी किया था। उनसे रिमांड पर पूछताछ की जा रही है। सातों आरोपित के सामने ही छवि रंजन से क्रॉस क्वेश्चन भी किए जा सकते हैं।

## रतलाम-इंदौर डेमू ट्रेन की बोगियों में लगी आग



एजेंसी

**रतलाम।** रतलाम से इंदौर जा रही डेमू ट्रेन में रविवार सुबह अचानक आग लग गई। इससे यात्रियों में हड़कंप मचा गया। प्रीतम नगर स्टेशन पर ट्रेन के रुकने पर यात्री अपना सामान निकालकर डिब्बे से दूर खड़े हो गए। दमकल विभाग के कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 09390 रतलाम-अंबेडकर नगर डेमू एक्सप्रेस रविवार सुबह 6.35 बजे रतलाम से रवाना डॉ. अंबेडकर नगर के लिए रवाना हुई थी। रतलाम से 17 किलोमीटर दूर नौगांवा स्टेशन से होकर ट्रेन 4-5 किमी आगे निकली थी, तभी ड्राइविंग मोटर कोच के जनरेटर से चिंगारियां उठने लगी। हवा के कारण आग तेजी से फैलते हुए बगल वाली बोगी तक फैल गई। इंजन से उठती लपटें देख बगल वाली बोगी के यात्री घबरा गए। उन्होंने चेन पुलिंग करने की कोशिश की, लेकिन इतने में सुबह करीब 7 बजे ट्रेन प्रीतम नगर स्टेशन पर आकर ठहर गई। नौगांवा से प्रीतम नगर की दूरी 17 किलोमीटर है। ट्रेन रुकते ही यात्री दौड़ते-कूदते हुए स्टेशन पर उतरे। तब तक आग ने इंजन से लगी बोगी को भी चपेट में ले लिया। सूचना मिलने पर सुबह 7.50 बजे फायर ब्रिगेड टीम भी मौके पहुंची और करीब 20 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद काबू पा लिया गया। हालांकि, आग में ड्राइविंग मोटर कोच और एक बोगी पूरी तरह जल गई। ड्राइविंग मोटर कोच के आधे हिस्से में इंजन और आधे हिस्से में यात्रियों के लिए बोगी अटैच होती है।रतलाम रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी खेमराज मीणा के अनुसार आग ट्रेन के ड्राइविंग मोटर कोच के जनरेटर में लगी थी, इसके बाद बोगी तक फैल गई। आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। इंजन से अटैच बोगी में 20 से 25, जबकि दूसरी बोगी में 40 से 50 यात्री थे।

## पीएम आज रीवा में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस समारोह में लेंगे भाग

एजेंसी

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को रीवा में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस समारोह में भाग लेंगे और देशभर की सभी ग्राम सभाओं और पंचायती राज संस्थाओं को संबोधित करेंगे। आयोजन के दौरान प्रधानमंत्री पंचायत स्तर पर सार्वजनिक खरीद के लिए एकीकृत ई-ग्राम स्वराज और जीईएम पोर्टल का उद्घाटन करेंगे। ई-ग्राम स्वराजङ्क सरकारी ई-मार्केटप्लेस एकीकरण का उद्देश्य पंचायतों को ई-ग्राम स्वराज प्लेटफॉर्म का लाभ उठाते हुए जीईएम के माध्यम से अपने सामानों और सेवाओं के विपणन में सक्षम बनाना है। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार मध्य प्रदेश के रीवा में प्रधानमंत्री मोदी 24 अप्रैल को पूर्वाह्न लगभग 11.30 बजे राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। वे लगभग 17,000 करोड़ रुपये की




लागत वाली परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

सरकार की योजनाओं का पूर्ण लाभ सुनिश्चित करने की दिशा में लोगों की भागीदारी को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री ÷विकास की ओर साझे क़दम÷ नामक एक अभियान का शुभारंभ करेंगे। अभियान का विषय समावेशी विकास होगा, जिसमें अंतिम छोर तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। प्रधानमंत्री लाभार्थियों को लगभग 35 लाख स्वादमित्वा संपत्ति कार्ड सौंपेंगे। कार्यक्रम के बाद देश में स्वामित्व योजना के अंतर्गत लगभग 1.25 करोड़ संपत्ति कार्ड वितरित किए जा चुके होंगे। इनमें यहां वितरित किए गए कार्ड भी शामिल हैं। %सभी के लिए आवास% के विजन को पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री, पीएम आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत 4 लाख से अधिक लाभार्थियों के गृह प्रवेश कार्यक्रम में भाग लेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी लगभग 2300 करोड़ रुपये की विभिन्न रेल परियोजनाओं का शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। जिन परियोजनाओं को समर्पित किया जाएगा उनमें मध्य प्रदेश में शत-प्रतिशत रेल विद्युतीकरण के साथ-साथ दोहरीकरण और विद्युतीकरण परियोजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री ग्वालियर स्टेशन के पुनर्विकास का शिलान्यास भी करेंगे। प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के अंतर्गत लगभग 7,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे।

## श्रीराम जन्मभूमि पर निर्माणाधीन मंदिर का 156 नदियों के जल से हुआ अभिषेक

### समारोह में 13 देशों के राजदूत रहे शामिल

एजेंसी

**अयोध्या** : दुनिया के 156 देशों की नदियों, समुद्र के जल से रविवार को श्रीराम जन्मभूमि पर निर्माणाधीन मंदिर की चौखट का भव्य अभिषेक किया गया। इस समारोह में दिल्ली स्टडी ग्रुप के अध्यक्ष विजय जौली के संयोजन में अपने-अपने देशों की पवित्र नदियों का पवित्र जल लेकर 156 देशों के प्रतिनिधि, 13 देशों के राजदूत, 40 देशों के अप्रवासी भारतीय रामनगरी में श्रीरामजन्म भूमि पहुंचे थे। नेपाल, पाकिस्तान, उज्बेकिस्तान (जहां उस बाबर का जन्म हुआ था ), डेनमार्क, भूटान, रोमानिया, ग्रीस, मंगोलिया, अमेरिका, अल्बानिया सहित कुल 156 देशों के जल को एकत्र कर एक अभियान के रुप में अग्रवाल समाज के लोगों द्वारा सामूहिक रूप से अयोध्या लाया गया। अभियान के जुड़े प्रमुख, विशिष्ट लोगो ने रविवार को मणिराम छावनी के विशाल सभागार में अपने विचार रख कर इस कार्यक्रम के औचित्य को परिभाषित किया। समारोह में सबसे पहले हनुमान चालीसा पड़ा गया। समारोह को सम्बोधित करते हुए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव एवं विहिप उपाध्यक्ष चम्पत राय ने कहा की राम जन्मभूमि में पांच अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर देश के एक हजार स्थलों से जल और मिट्टी राम मंदिर की भूमि पर विसर्जित की गई थी। इसी घटना से प्रेरित होकर दिल्ली स्टडी ग्रुप के अध्यक्ष विजय जौली ने राम मंदिर अभिषेक के लिए दुनिया के 156 देशों का जल एकत्रित किया, जो अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि आज जिन्होंने जल भेजा है, उन्हें



ट्रस्ट के संतों की तरफ से सम्मान। यह आयोजन इंटरनेशनल हिस्ट्री है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार ने कहा कि यह भारत के नागरिकों का नहीं मानव जाति का कार्यक्रम है और यह संकल्प लेने का समय फिर दुनिया को धार्मिक लड़ाई से मुक्त करने का मार्ग अयोध्या से निकलेगा। उन्होंने इस अवसर पर नया नारा भारत जय जगत दिया। समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक रामलाल ने कहा कि रामजन्मभूमि राष्ट्र मंदिर ही नहीं विश्व मंदिर बनने जा रहा है और जिस दिन प्रभु राम की प्रतिष्ठा होगी, उस दिन दुनिया से समस्याओं का अंत आरंभ होगा। जैन आचार्य लोकेश मुनि ने कहा कि श्रीराम का सम्मान सभी संप्रदायों और सभी देशों में है । आज उनके मंदिर के लिए 156 देशों से आया जल इसी सत्य का परिचायक है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि जैन धर्म में जो स्थान भगवान ऋषभदेव यानी आदिनाथ का है, वही श्रीराम का भी है। महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्र आनंद गिरि ने कहा कि जिस प्रकार पूछ जलाए जाने से हनुमान जी का कुछ नहीं बिगड़ा और पूरी लंका जल गई। इसी तरह रामायण को जलाने की बात करने वाले कल चले जाएंगे किंतु रामायण का कुछ भी नहीं बिगड़ेगा। पूर्व थल सेना अध्यक्ष जेजे सिंह ने कहा कि ऊपर वाले ने भारत को स्पेशल बनाया है। कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने कहा कि श्रृंगवेरपुर को पर्यटन केंद्र बनाने का प्रयास हो रहा है। इजराइल की लाइब्रेरी में यह पढ़ने को मिला कि राम के ईश्वर रूप का निषादराज ने सबसे पहले अनुभव किया था। अब पूरे देश में निषाद मछुआरों की सेना तैयार करके रावण राज्य खत्म करने में जुटा हूं।

### आईपीएल : आरसीबी ने राजस्थान रॉयल्स को सात रन से हराया

**बैंगलोर** : इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल-2023) में रविवार को खेले गए 32वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने राजस्थान रॉयल्स को 7 रन से हरा दिया। मुकाबले में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 189 रन बनाए। जवाब में राजस्थान रॉयल्स की टीम 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 182 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ ही आरसीबी की टीम अंक तालिका में पांचवें नंबर पर पहुंच गई। आरसीबी को 7 मैचों में चार में जीत और तीन में हार का सामना करना पड़ा है। वहीं राजस्थान की टीम 7 मैचों में 4 जीत और 3 हार के साथ अब भी अंकतालिका में नंबर एक है।

## परशुराम जयंती पर मंत्री ने किया रक्तदान

# मंत्री समेत आधा दर्जन से अधिक लोगों ने किया रक्तदान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** परशुराम जयंती के अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से शनिवार को सदर हॉस्पिटल स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन गढ़वा विधायक सह सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने एक यूनिट रक्तदान कर किया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर सहित अन्य लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में मंत्री श्री ठाकुर सहित मनोज कुमार झा, संदीप कुमार, विष्णु सिंह, सत्यम सिंह, लक्ष्मी विश्वकर्मा, धीरेंद्र चौबे एवं जाफर खान का नाम शामिल है। झामुमो के संस्थापक सदस्य जफर खान ने ईद के मुबारक मौके पर अपना रक्तदान किया। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि



रक्तदान महादान है। रक्त एक ऐसी वस्तु है जिसे लाखों, करोड़ों रुपए खर्च कर भी नहीं खरीदा जा सकता है। इसे सिर्फ दान में ही प्राप्त किया जा सकता है। रक्तदान करने वाले लोग दूसरे लोगों की जान बचा कर उन्हें नया जीवन प्रदान करते हैं। आज परशुराम जयंती के मौके पर युवा जिस तरह से उत्साहित होकर काफी संख्या में रक्तदान कर रहे हैं। यह समाज के लिए बहुत ही शुभ संकेत है। मंत्री ने कहा कि सभी लोगों को रक्तदान कर दूसरों के जीवन की रक्षा करने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम ने जिस तरह से अन्याय के खिलाफ हथियार उठाकर समाज की रक्षा किया। आज युवा भी उनसे प्रेरणा लेकर समाज सेवा एवं दूसरों की जान बचाने का कार्य कर रहे हैं। मौके पर सिविल सर्जन डा.अनिल कुमार, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डा.अवधेश कुमार सिंह, यक्ष्मा नोडल पदाधिकारी डा. कमलेश कुमार, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, कंचन साहू , आशुतोष पांडेय, नवीन तिवारी, रंथा नायक, दिलीप गुप्ता, , ब्लड बैंक प्रभारी डा. वीरेंद्र कुमार, डीपीएम प्रवीण सिंह, को-ऑर्डिनेटर प्रदीप कुमार, लैब टेक्नीशियन प्रदीप पासवान, जीएनएम रूपदेव सिंह सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## बाल वृक्ष मित्रों द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** पर्यावरण जागृति के बाल वृक्ष मित्रों द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण जागृति कार्यालय चित्तविश्राम मे पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षक अशोक कुमार सिंह उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चों में पेंटिंग अपने आप में रुचिकर विषय है और आज पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण जागृति के बाल मित्रों द्वारा आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता सराहनीय है। इससे बच्चों में अपने पर्यावरण प्रकृति के प्रति संवेदना बचपन से जागृत होगी। बच्चे बचपन से ही अपने पर्यावरण के प्रति सजग होंगे तो आने वाला भविष्य निश्चित तौर पर सुनहला होगा। इंद्र शेखर पांडेय ने कहा कि नन्हे मुन्ने बच्चे इतनी तन्मयता से पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे हैं यह कार्यक्रम की सफलता है. यही बच्चे कल बड़े होकर अपनी पृथ्वी को हरियाली युक्त बनाएंगे। अभिषेक पांडेय ने कहा कि यह पृथ्वी इकलौता स्थान है जहां जीवन है और इसे संतुलित बनाए रखना हम सब का कर्तव्य है। पर्यावरण जागृति के सचिव कमलेश कुमार पांडेय ने अपने बाल आयोजकों को बधाई देते हुए पृथ्वी दिवस की महत्ता पर विस्तृत प्रकाश डाला. सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

## बच्चा चोर जैसा कोई सक्रिय गिरोह नहीं है : अशोक कुमार महतो



**उंटारी रोड, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में बच्चा चोर की अफवाहों को लेकर उंटारी रोड थाना प्रभारी अशोक कुमार महतो ने थाना क्षेत्र के जोगा, करकटा, डेवडर, बिंदुआ, मुर्मा, सहित सभी गाँवों मे घूम कर लोगों को जागरूक किया और बच्चा चोर जैसी अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और संदिग्ध की सूचना थाना को देने की अपील किया, उन्होंने कहा की बच्चा चोर जैसा कोई गिरोह सकिर्य नहीं है अगर को संदिग्ध दिखता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें, संदिग्ध के साथ मारपीट या, लिंचिंग करना कनुनन अपराध है ऐसे मामलों में कठोर कानूनी करवाई की जायेगी। इसलिए अफवाहों से बचे और कानून हाथ में नही लें।

## हुसैनाबाद अनुमंडल परिसर में बाबू वीर कुंवर सिंह का 245 वां विजय उत्सव मनाया गया



**हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद रविवार को अनुमंडल परिसर में बाबू वीर कुंवर सिंह का 245 वां विजय उत्सव माल्यार्पण कर मनाया गया मौके पर किसान बिग्रेड डॉ कर्नल संजय सिंह श्री राम सिंह, बालकेश्वर सिंह, रामप्रवेश सिंह, हीरा सिंह प्रोफेसर, संजय सिंह ऊपरी कला पंचायत समाजसेवी सुधीर कुमार सिंह उर्फ पप्पू कुमार सिंह, डीके सिंह, उमेश सिंह, उदय सिंह, राजीव सिंह उर्फ डबल सिंह, बच्चा सिंह, भानु सिंह, नीरज, रवि रंजन सिंह, जगनारायण बैठा, मुकेश कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# भवानी नगर में राधा कृष्ण मंदिर समिति का हुआ गठन

## अवधेश अध्यक्ष व अरविंद सचिव बने

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** स्थानीय बारालोटा पांकी रोड स्थित भवानी नगर मोहल्ले में राधा कृष्ण मंदिर समिति का गठन हुआ। इसको लेकर मुहलवासियों की एक बैठक राधा कृष्ण मंदिर के प्रांगण में हुआ। बैठक में मंदिर के भवन निर्माण की चर्चा किया गया। मौके पर नई कमेटी का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष अवधेश शुक्ला (पत्रकार), उपाध्यक्ष नागेंद्र भारती और बबन सिंह को बनाया गया। इसके अलावा बैठक में सचिव अरविंद गुप्ता, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार पांडे, संगठन सचिव धनंजय जयसवाल, कार्यालय सचिव अरविंद ठाकुर, मीडिया प्रभारी सोनू सिंह,



अंकेक्षक राजेंद्र जयसवाल, सह अंकेक्षक अजय कुमार झा को बनाया गया ।इसके अलावा एक संरक्षक मंडल की भी घोषणा किया गया। जिसमें मनोज प्रजापति (वार्ड पार्षद), परशुराम प्रसाद, ओम प्रकाश गुप्ता, अरुण कुमार वर्मा, अवधेश कुमार सिंह और सुरेंद्र कुमार झा को संरक्षक घोषित किया गया। इसके अलावा एक कार्यकारिणी समिति के गठन किया गया जिसमें रामप्रवेश सिंह, संभू जायसवाल, जितेंद्र नारायण सिन्हा, कयास ठाकुर शामिल है।

## तेंदुए के भय से जंगल में लकड़ी चुनना हुआ मुश्किल

## समूह बना कर जंगल में लकड़ी चुनने जा रही है महिलाएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू, गढ़वा और लातेहार के अलग-अलग हिस्सों में तेंदुए ने कई लोगों पर हमला किया. इस हमले में चार मासूम बच्चों की जान गई थी. इस घटना के चार महीने बीत गए हैं, बावजूद लोगों के बीच तेंदुए का खौफ कायम है. पलामू गढ़वा लातेहार के सीमावर्ती क्षेत्रों के कई इलाकों में लोगों ने जंगल जाना भी छोड़ दिया है, इन इलाकों की बड़ी आबादी जंगल और जंगल से जुड़े उत्पादों पर निर्भर है।ग्रामीणों में खौफ इस कदर है कि अब वे समूहों में जंगल जाते हैं. स्थानीय ग्रामीणों के हाथ में टांगी या कुछ अन्य हथियार होता है. जनवरी के अंतिम सप्ताह के बाद पलामू प्रमंडल के किसी भी इलाके से तेंदुआ द्वारा किसी पर इंसान पर हमले की खबर निकल कर सामने नहीं आई है. कुछ ग्रामीण जंगल में महुआ चुनते हैं कि जबकि कुछ ग्रामीण में इलाके में निगरानी



रखते हैं। पलामू के रामगढ़ थाना क्षेत्र की रहने वाली आशा और मनीता देवी पिछले कई वर्षो से जंगल से महुआ चुनती हैं और इसे बाजार में बेचती है. महुआ चुनने के बाद ये अक्सर जंगलों में लकड़ी भी चुनती है, लेकिन इस बार दोनों महुआ चुनने के दौरान खौफ में रही है. जंगल में महुआ चुनने के लिए नहीं जा पाई, जबकि महुआ का सीजन धीरे धीरे खत्म हो रहा है. वे दोनों जिस इलाके में महुआ चुनती हैं उस इलाके में तेंदुआ कभी देखा नहीं गया. आशा और मनीता बताती हैं कि उनकी तरह दर्जनों ग्रामीण जंगल नहीं जा रहे हैं, जंगल कभी जाना भी पड़ा तो उस दौरान वे सावधान रहती हैं. आशा देवी बताती है कि अचानक उन्होंने सुना कि जंगल में तेन्दुआ आया हुआ है. वे डर गई थी और काफी दिनों तक जंगल नहीं गई. मनीता देवी बताती हैं कि डर लगता है, लेकिन मजबूरी है जिस कारण वे जंगल जा रही हैं. उनकी तरह दर्जनों महिलाएं हैं जो खौफ के साए में जंगल जाती हैं लेकिन सभी समूह में और एकजुट होकर जाती हैं। दिसंबर 2022 से जनवरी 2023 के अंतिम सप्ताह तक तेंदुआ ने पलामू ने प्रमंडल के कई इलाकों में तबाही मचाई थी. आदमखोर तेंदुए ने अलग-अलग इलाकों में हमला कर चार बच्चों की जान ले ली थी, वहीं आधा दर्जन से अधिक लोग जख्मी भी हुए थे. आदमखोर तेंदुआ को मारने के लिए हैदराबाद के मशहूर छोटे नवाब सफत अली खान को भी बुलाया गया था। पहली बार पलामू प्रमंडल के इलाके में किसी तेंदुआ को आदमखोर घोषित किया गया था. चंदवा छत्तीसगढ़ के इलाके से पलामू प्रमंडल में दाखिल हुआ था।

## नरसिंहपुर पथरा में दहेज में दस लाख रूपए और समान नहीं देने पर कर दी हत्या



**चैनपुर, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नरसिंहपुर पथरा में विवाहिता की संदेहास्पद स्थिति में मौत,पिता ने लगाया दहेज के लिए हत्या का लगाया आरोप। चैनपुर थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर पथरा में एक विवाहिता संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। इस घटना के संबंध में मृतिका के पिता नागेंद्र चौरसिया ने चैनपुर थाना में लिखित आवेदन देते हुवे अपने बेटी के पति बिट्टू चौरसिया और ससुर कृष्णमुरारी चौरसिया के ऊपर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। आवेदन के अनुसार मृता को दहेज के लिए परेशान किया जा रहा था उसके घर वाले उससे 10 लाख रूपए नगद और 5 लाख रुपए की समान मांग रहे थे और नही देने पर उससे परेशान कर रहे थे। जिसके बाद उसे किर्रित दवा खिलाकर उसकी हत्या करने का आरोप उसके पिता ने आरोप लगाया है। इस मामले में चैनपुर थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने बताया है कि लिखित आवेदन के आधार पर मामला दर्ज करते हुवे अनुसंधान का जिमा सब इंस्पेक्टर रवि चौरसिया को दिया गया है।

## वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के सदस्यों की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के सिंहपुर ग्राम स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय परिसर में शनिवार को वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के सदस्यों की बैठक सेवा निवृत्त शिक्षक अर्जुन पासवान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई.बैठक में रमना प्रखंड के बहियार ग्राम में वीर बाबा चौहरमल तथा भारत सरकार के पूर्वमंत्री पद्मश्री स्व0 राम विलास पासवान की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम आगामी 7 मई के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आ रहे लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के आगमन पर उनका भव्य स्वागत करने व कार्यक्रम को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष चन्दन पासवान, महासचिव रामचन्द्र पासवान, पलामू प्रमंडल के महासचिव रामजी पासवान, जिला प्रवक्ता संजय पासवान, मिथिलेश पासवान, रमेश कुमार पासवान (सोनू), मुंद्रिका पासवान, गणेश पासवान, कबीर पासवान, राजेश पासवान, चन्दन पासवान, अशोक पासवान, राम मिलन पासवान, हरिहर राम, नाथू राम, भूपेश कुमार पासवान, सरयू राम सहित अन्य उपस्थित थे।

## शांति, सब्र, भाईचारा और सौहार्द का पैगाम देता है ईद त्योहार : धनंजय तिवारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उंटारी रोड, पलामू :** जिले सहित पूरे उंटारी रोड प्रखंड में धूमधाम से खुशी के साथ मनाई जा रही है ईद - उल - फिटर की त्योहार। आपसी भाईचारे व सामाजिक सौहार्द के माहौल में एखलास व एहतराम के साथ ईद का त्योहार शांतिपूर्ण मनाया गया। कोरोना संक्रमण काल के दो वर्ष बाद लोगों ने इस ईद पर सामूहिक रूप से मिल - जुलकर इबादत की। सुबह मस्जिद पहुंचे, नमाज पढ़ी, गले मिलकर एक दुसरे को मुबारकबाद दी। प्रखंड के सभी इलाकों की मस्जिदों में ईद की नमाज अदा कर गले मिलकर एक दुसरे को बधाई दी। सुबह से ही लोग नए नए कपड़े पहनकर अपने अपने गांव की मस्जिद की ओर नमाज अदा करने के लिए पहुंचने लगे थे। ईद - उल - फिटर के मौके पर मुसलमान भाइयों ने मस्जिदों में ईद - उल-फितर की सामूहिक नमाज अदा करते हुए खुदा का शुक्र अदा किया और अमन शांति के लिए दुआएं मांगी। **संचार इंडिया न्यूज टीम ने किया सम्मान समारोह का आयोजन :** इसी तरह ईद के शुभ अवसर पर ऊंटारी रोड कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह उर्फ रिंकू सिंह को संचार इंडिया न्यूज टीम धनंजय तिवारी और मोहम्मद शमीम ने मिलकर सम्मानित किया। और हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ईद होते ही पाक माह रमजान समाप्त हो गया है। प्यार शब्र भाईचारा सद्भाव का संदेश देता है ईद। इस सम्मान समारोह में उपस्थित कांग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष सतेन्द्र गुप्ता, वार्ड सदस्य प्रभु कुमार सिंह, समाजसेवी नवनीत कुमार पांडेय, लव कुमार सिंह, सतनारायण तिवारी, पाना लाल मेहता, तैयब अंसारी, फूल मोहम्मद अंसारी के साथ सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## पनशाला का किया गया शुभारंम्भ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भीषण गर्मी को देखते हुये-जायंट्स ग्रुप ऑफ श्री बंशीधर नगर के द्वारा रविवार को अल्का मैरेज गार्डेन के निकट पनशाला खोला गया.पनशाला का उदघाटन श्री सद गुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ धर्मचन्दलाल अग्रवाल ने फीता काटकर व राहगीरों को पानी पिलाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी में राहगीरों को पानी पिलाना पूण्य का काम है। उन्होंने कहा कि इस पनशाला के खुलने से राहगीरों को पेयजल के लिये परेशानियों का सामना नही करना पड़ेगा। मौके पर जायंट्स ग्रुप के अध्यक्ष रंजन कुमार छोटू, सचिव अनूप कुमार निराला, कोषाध्यक्ष सुजीत कुमार, हेमंत प्रताप देव, विनोद कुमार कांस्यकार, राहुल जायसवाल, हृदयानंद कमलापुरी, अश्विनी कुमार, उमेश कुमार देव, शंकर प्रसाद, ध्रुव कुमार, राजेश प्रसाद, चंदन जायसवाल, आशीष कुमार, अभय कुमार, सुमित कुमार, अंकित कुमार, अजित कुमार, रविन्द्र प्रसाद, शिवम कुमार, साहिल कुमार, गौतम कुमार, शुभम कुमार, राजू मेहता, गुड्डू कुमार, मुन्ना प्रसाद सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## आंधी में गिरा लिप्टस का पेड़, दो मकान क्षतिग्रस्त



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के कटैया पंचायत अंतर्गत रामपुर गांव मे आंधी से लिप्टस का एक विशालकाय पेड़ उखड़ कर मकान के ऊपर जा गिरा जिससे दो मकान क्षतिग्रस्त हो गये। गनीमत रही कि हादसे में किसी प्रकार की जान माल की हानि नहीं हुई। भुक्तभोगी संगीता देवी तथा मैत्री देवी ने बताया कि तेज आंधी के कारण पेड़ टूटकर कर मकान पर गिर गया। जिसकी चपेट में आने से उक्त दोनों का मकान क्षतिग्रस्त हो गया। संगीता देवी के कच्चा खपरैल घर का छज्जा टूटने के साथ ही दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गये। उसके मकान से सटे मैत्री देवी का मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं पंचायत समिति सदस्य शैलेंद्र कुमार सिंह उर्फ शीलू सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ ही पीड़ितों को हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। पंचायत समिति सदस्य ने बताया कि अंचल पदाधिकारी को इसकी सूचना दी गई है। पीड़ित परिवार को सीओ से आर्थिक मदद दिलवाने की मांग की जाएगी।

## झारखंड विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने रतन इलेक्ट्रॉनिक दुकान का किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर, पलामू :** मेदिनीनगर में लगातार 25 वर्षो से इलेक्ट्रॉनिक्स के दुनिया में तहलका मचाने वाला रतन इलेक्ट्रॉनिक का दूसरा शोरूम अब चैनपुर में रविवार को खुला। चैनपुर वासियों के लिए रतन इलेक्ट्रॉनिक ने तोहफा दिया है। रतन इलेक्ट्रॉनिक के दूसरे शोरूम का उद्घाटन झारखंड विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी और उनके पुत्र दिलीप सिंह नामधारी ने फीता काटकर संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि चैनपुर जैसे क्षेत्र में रतन इलेक्ट्रॉनिक जैसे प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान का शोरूम खुलना चैनपुर के विकास का घोतक है। इससे चैनपुर वासियों को लाभ मिलेगा। उन्होंने शोरूम प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर प्रेम सिंह नामधारी व हरजी नामधारी को शुभकामना दी। इस अवसर पर रतन इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रोपराइटर प्रेम सिंह नामधारी और हरजी नामधारी ने कहा कि अब चैनपुर वासियों और



आसपास के क्षेत्रों के ग्रामीणों को डालटेनगंज जाने की जरूरत नहीं है। उनके इलेक्ट्रॉनिक सामान के जरूरत का हर सामान एक छत के नीचे फाइनेंस सुविधा के साथ बिना ब्याज के उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि लोग इलेक्ट्रॉनिक सामानों की खरीदारी के लिए शहर की ओर जाते थे। लेकिन अब रतन इलेक्ट्रॉनिक स्वयं गांव की ओर गांव वासियों की सेवा के लिए उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए गांव की ओर कदम बढ़ा दिया है। इसी सिलसिले में चैनपुर में इलेक्ट्रॉनिक प्रतिष्ठान खुला है। रतन इलेक्ट्रॉनिक की ओर से चैनपुर वासियों को तोहफा मिला है। मालूम हो कि रतन इलेक्ट्रॉनिक्स ग्राहकों की हर खरीदारी पर कूपन देगा और निश्चित इनाम भी मिलेगा। प्रतिदिन लकी ड्रा निकाला जाएगा और लोगों को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम खुलने के इस अवसर पर पलामू जिला के प्रसिद्ध समाजसेवी सोनू सिंह नामधारी, इंडियन रोटी बैंक के प्रदेश संयोजक झामुमो के युवा नेता दीपक तिवारी, समाजसेवी परवेज अख्तर, रतन सिंह नामधारी, संत अवतार सिंह, सिमरन कौर, रतन सिंह नामधारी, सतवीर कौर, जिसा के अध्यक्ष अविनाश वर्मा, संतोष यादव, वेद प्रकाश कमलापुरी, काशी प्रसाद, नारायण यादव, दिलीप कश्यप व साहब सिंह नामधारी समेत दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## बीडीओ द्वारा जाति सुचक शब्दों से दलित महिला के साथ अभ्रद व्यवहार पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष ने किया प्रेसवार्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सगमा :** प्रखंड मुख्यालय के घघरी निवासी दलित महिला मुनी कुंअर द्वारा अपने रुके हुए विधवा पेंशन चालू कराने के एवज में दिए गए पांच हजार रुपए वापस मांग करने पर सगमा विडियो सत्यम कुमार द्वारा जाती सुचक शब्दों से दलित महिला के साथ अभ्रद व्यवहार करते हुए धक्का मुक्की देकर चेंबर से बाहर निकालना दुर्भाग्यपूर्ण बात हैं यह बातें अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम ने भूतभोगी महिला के घर प्रेस वार्ता के दौरान कहा उन्होंने कहा कि सगमा वीडियो द्वारा हमेशा लोगों के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने की सुचना मिलते आ रहा है जिसे भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे उन्होंने कहा कि संगमा वीडियो के खिलाफ महिला को लेकर गढ़वा उपायुक्त और राज्यपाल महोदय से इसकी शिकायत करने के काम करुंगा सगमा विडियो का मनोबल दिन



प्रतिदिन बढते जा रहा है जो कुछ माह पूर्व मकरी गांव निवासी सोनू मौर्या अपने निजी कार्य के लिए प्रखंड मुख्यालय गया तो वीडियो द्वारा उनसे भी पैसे की मांग किया गया था जब बातें नहीं बनी तो वीडियो द्वारा सोनू कुमार मौर्या पर झूठी मुकदमा दर्ज कर जेल भिजवाने का काम किया इसकी जानकारी मुझे समाचारपत्र के माध्यम से हुआ था जिस तरह से नगर एसडीओ आलोक कुमार द्वारा आज सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया शायद उस दिन भी सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा सकता था लेकिन वैसा कुछ नहीं हुआ वीडियो द्वारा सीसीटीवी कैमरा ऑफ कर महिला के साथ कुछ अभ्द्र व्यवहार किया गया होगा केव की विडियो बहुत चालबाज है अगर इस वीडियो के ऊपर कानूनी कार्रवाई करते हुए बर्खास्त नहीं किया जाता है तो भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के लोग प्रखंड से लेकर राज्य स्तर तक उग्र आंदोलन करने पर बाध्य होंगे इस मौके पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष बलराम राम, बैठा, गौतम बैठा सहित कई लोग प्रेस वार्ता में महिला पुरुष शामिल थे।

## सीता नवमी कार्यक्रम 29 को आयोजित होगी



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कार्यालय में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल और उसके अन्य आयामों के प्रमुखों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष अजीत पाठक और संचालन जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि बैंक खाता खोलने में चूंकि परेशानी आ रही है, इसलिए इसका प्रस्ताव पुनः एक बार बनाकर प्रांत को भेजा जायेगा 7 आगामी कार्यक्रमों में 29 अप्रैल को दुर्गा वाहिनी व मातृशक्ति के नेतृत्व में सीता नवमी कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। आगामी 21 मई से 31 मई तक विश्व हिंदू परिषद का प्रशिक्षण वर्ग तथा 24 मई से 31 मई तक बजरंग दल का प्रशिक्षण वर्ग चक्रधरपुर में संचालित होगा । उसमें हर प्रखंड से विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के दायित्वधारी अधिकारियों का हिस्सा लेना अनिवार्य है। इसी तरह से दुर्गा वाहिनी और मातृ शक्ति का प्रशिक्षण वर्ग क्रमशः 4 जून से 10 जून तक और 7 जून से 10 जून तक रांची स्थित धुर्वा के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में संचालित किया जायेगा।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




**संक्षिप्त खबरें**

### सेल सुरक्षा संगठन द्वारा अग्नि सेवा सप्ताह का हुआ पालन

**रांची।** अग्नि सेवा सप्ताह (14-20 अप्रैल,2023) के अनुपालन के क्रम में 19/04/2023 को सेल सुरक्षा संगठन (एस एस ओ), रांची के तत्वाधान में झारखंड अग्निशमन सेवा रांची के सहयोग से एक अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सेल के इस्पात भवन प्रांगण में किया गया । अभिषेक कुमार सिंह, लीडिंग फायरमैन एवं झारखंड अग्निशमन सेवा के टीम ने अग्नि से बचावके उपायों की विस्तृत जानकारी दी एवं अग्नि सुरक्षा के उपकरणों के उपयोग एवं संचालन की विधि से भी सेल कर्मियों को अवगत कराया । कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक (एस एस ओ) आशीष चक्रवर्ती, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा) शशि वशिष्ठ, मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) एस जे जाचुक, सेल इकाई रांची सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी, कार्मिक एवं सुरक्षाकर्मी उपस्थित थे।

### आरसेटी में धूमधाम से मनाया गया पृथ्वी दिवस

**रांची।** इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) जामा दुमका में धूमधाम से पृथ्वी दिवस मनाया गया।धरती बचाओ जीवन बचाओ के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण से वातावरण को साफ और प्रदूषण रहित बनाने का संकल्प लिया गया । इस दौरान सभी प्रतिभागियो ने पॉलिथिन का प्रयोग कम करने के लिए घरों में कागज या जूट के थैले इस्तेमाल करने की करने की शपथ ली।इस कार्यक्रम के तहत् आरसेटी के निदेशक अनिल कुमार मिश्रा ने आरसेटी में प्रशिक्षण ले रहे प्रतिभागी के साथ मिलकर संस्थान के परिसर में विभिन्न प्रकार के छायादार तथा फलदार वृक्ष लगाएं। हर साल 22अप्रैल को पृथ्वी दिवस फ्रमनाया जाता हैं।इस मौके पर संकाय सदस्य उत्पल कुमार लाहा, अमरदीप कुमार, कार्यालय सहायक अभिषेक कुमार,संजय सोरेन, सुनीता सोरेन एवं अन्य उपस्थित थे।

# बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशस टूर्नामेंट में बोकारो रहा विजयी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशस झारखंड राज्य इकाई द्वारा राज्य में तैनात अपने अधिकारी सदस्यों के लिए इंटर जोनल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिसका फाइनल मैच का आयोजन दिनांक 23 अप्रैल 2023 को बोकारो अंचल और जमशेदपुर अंचल के बीच जे के इंटरनेशनल स्कूल, अगरू, रातू में किया गया। दोनों अंचल के बीच हुए कड़े मुकाबले में बोकारो विजयी हुआ।

बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशस झारखंड राज्य इकाई के महासचिव कॉमरेड सुनील लकड़ा ने बधाई और शुभकामनाओ सहित विजयी टीम बोकारो अंचल के कप्तान मनीष चंचल को इंटर जोनल क्रिकेट टूर्नामेंट - 2023 की ट्रॉफी और उप विजेता की ट्रॉफी जमशेदपुर अंचल टीम के कप्तान सत्यम युवराज को सुपुर्द किया। श्रेष्ठ बल्लेबाजी के लिए जमशेदपुर अंचल के सव्यसाची पात्रा और श्रेष्ठ गेंदबाजी के लिए बोकारो अंचल के रोहित प्रसाद पुरस्कृत हुए। वहीं मैन ऑफ द सीरीज का खिताब जमशेदपुर अंचल के नीरज कुमार ने जीता।बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशंस झारखंड राज्य इकाई के महासचिव कॉमरेड सुनील लकड़ा ने कहा कि मौजूदा समय में हमारे फेडरेशन द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर वर्क लाइफ बैलेंस को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ये क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का आयोजन करना उसी दिशा में किया गया एक पहल है। कामकाजी जीवन में अधिकारियों के बढ़ते स्ट्रैस को दूर करने के उद्देश्य से इस तरह के आयोजन किए जाते रहेंगे। कोषाध्यक्ष प्रकाश उरांव ने टूर्नामेंट के फाइनल मैच के सफल आयोजन के लिए राँची अंचल के सहायक महासचिव मनीष नारायण और उनकी टीम को बधाई दिया। राष्ट्रीय बैंकिंग समूह-झारखंड के महाप्रबंधक मनोज कुमार ने सभी खिलाड़ियों की प्रसंशा करते हुए कहा कि बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशंस झारखंड राज्य इकाई द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में सभी ने खेल भावना से खेला और यही कारण है कि सभी दर्शकों ने भी एक रोमांचक मैच का लुफ्त उठाया। निश्चित रूप से इस तरह के खेल-कूद का आयोजन होते रहना चाहिए। मौके पर राँची अंचल के आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह, उप आंचलिक प्रबंधक नरेंद्र कुमार दास, जमशेदपुर अंचल के उप आंचलिक प्रबंधक अनवर जमाल, इकाई के चैयरमैन राज कुमार श्रीवास्ताव, अध्यक्ष अमित कुमार, उप महासचिव विजय वाधवा, सहायक महासचिव मनीष नारायण, भरत लाल ठाकुर, हरीश सिंह, शैलेंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में बैंक अधिकारी, समर्थक और उनके सगे-संबंधी उपस्थित थे।

# झारखंड में गर्मी से 26 तक बनी रहेगी राहत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड में हुई बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने राज्य के कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ वर्षा होने की अशांका जतायी गयी है।

रांची के मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि रविवार शाम को तीन घंटे तक हजारीबाग, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, रामगढ़ जिले के कुछ भागों में हल्के से मध्यम दर्जे की मेघ गर्जन तथा वज्रपात के साथ बारिश होने की संभावना है। इस दौरान कुछ स्थानों पर तेज हवा चलने की संभावना है। इसे लेकर विभाग की ओर से येलो अलर्ट जारी किया गया है। रांची सहित राज्यभर में 26 अप्रैल तक बारिश होने का पूर्वानुमान है। वहीं, दूसरी ओर 24 और 25 अप्रैल को राज्य के उत्तर-पश्चिमी, दक्षिणी (पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा ,रामगढ़, सरायकेला खरसावाँ, लातेहार, लोहरदगा) तथा निकटवर्ती मध्य भागों (रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग ) में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की वर्षा हो सकती है।

## चुनाव प्रचार के लिए चार दिन के लिए बेंगलुरु जाएंगे दीपक प्रकाश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश कर्नाटक विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए चार दिन के 24 अप्रैल को बेंगलुरु जाएंगे। यह जानकारी रविवार को प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष 24, 25, 26 और 27 अप्रैल को कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पार्टी के विभिन्न प्रचार कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष बेंगलुरु में आयोजित रोड शो, प्रेसवार्ता और रैली आदि को संबोधित करेंगे।

# ईद भाईचारे और सौहार्द का त्यौहार है : अजय नाथ शाहदेव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने ईद के मुबारक मौके पर हटिया विधानसभा क्षेत्र के डोरंडा,नगड़ी प्रखंड,रातु प्रखंड के अनेक स्थानों व रांची विधानसभा के हिंदपीढ़ी,लालपुर में जाकर मुस्लिम भाईयों से मुलाकात की और ईद की मुबारकबाद दी। शाहदेव ने कहा कि ईद भाईचारा और आपसी सौहार्द का त्यौहार है।ईद सभी के जीवन में बेशुमार खुशियां और सुख समृद्धि लाए। ईद के सेवईयों की मिठास हमारे संबंधों में हमेशा बनी रहे।



हमारे देश का गंगा जमुनी तहजीब यहां के सभी त्योहारों में दिखाई देता है।ये हमारा विरासत है और हम कामना करते हैं कि यह अमन चैन हमेशा कायम रहे। शाहदेव ने कहा कि महीने भर के कष्ट भरे रोजे के बाद आज प्रकृति भी रोजेदारों के साथ है और रांची का मौसम बेहद सुहाना हो गया है।जिससे ईद का जश्न का मजा दुगुना हो गया है।

## सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री को लेकर ईडी खोलेगी राज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बरियातू रोड में सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ और चेशायर होम रोड में एक एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। ईडी ने कोलकाता स्थित रजिस्ट्री कार्यालय के दस्तावेजों की फारेंसिक जांच करवाई है। इसमें जमीन माफिया की करतूत और फर्जीवाड़े का राज दीमकों ने खोल दिया है।पता चला है कि भूमि माफिया ने वर्ष 1932, 1933 और 1948 के दस्तावेजों में हेरफेर की है। जमीन के स्वामित्व में भी छेड़छाड़ की गई है। फॉरेंसिक जांच में पाया गया है कि 88 साल पुराने लैंड रिकार्ड के लगभग सभी पन्नों में




दीमकों ने सूक्ष्म छेद कर दिए हैं। कुछ शब्द ऐसे मिट चुके हैं कि पड़ पाना भी मुश्किल है। लेकिन, असली दस्तावेजों के बीच-बीच में कुछ पेज बैक डेट से जोड़े गए हैं, जो सही सलामत हैं। उनमें छेद भी नहीं हैं और लिखावट भी ठीक है। इस पूरे मामले की जानकारी सोशल साइट्स पर वायरल कर दिया गया है।

# पृथ्वी दिवस पर रोटरैक्ट क्लब ऑफ यूनाइटेड रांची और स्थानीय संस्थाओं का स्वच्छता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रोटरैक्ट क्लब ऑफ यूनाइटेड राँची और रोटरैक्ट क्लब ऑफ सेंट जेवियर्स कॉलेज ने पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य पर स्वच्छता अभियान का आयोजन 23 अप्रैल 2023 को टीम ग्रीन, टीम हेल्प राँची, तथा एनसीसी की सहभागिता से की। यह अभियान प्रातः 6:30 बजे शहर के फिरायालाल से होकर जेल चौक तक आयोजित किया गया, इसके माध्यम




से स्वच्छता के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।सामान्य सफाई गतिविधियों के अलावा, जनता के बीच अपनी बात रखने के लिए 1/3 कंपनी सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची नेशनल कैडेट कोर द्वारा नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन हुआ। जिसके द्वारा वह साफ-सफाई के महत्व और पर्यावरण एवं स्वास्थ्य पर पड़ रहे गंभीर परिणामों को उजागर करने मे सफल रहे। क्लब आप सभी से अनुरोध करता है कि आप सभी वातावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाए और वातावरण को स्वच्छ बनाएं ।

# मोराबादी में मंडा पूजा 28 मई को : अंतु तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मोराबादी मौजा के सातों टोला द्व तेतर टोली ,बनिया टोली, सिंदवार टोली,देशवाली टोली,नया टोली और खिजुरिया टोली के प्रमुख ग्रामवासियों की आवश्यक बैठक हुई। जिसमे प्राचीन मंडा पूजा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पारंपरिक रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। जिसकी शुरुआत 10 मई को डागर पूजा के साथ होगा, उसके बाद 16 मई को पाट पूजा किया जाएगा। 27 मई को फुलखुंदी और 28 मई



को भोक्ता झूलन के साथ मंडा पूजा का समापन होगा। आज की बैठक में मुख्य रूप से माधो तिर्की, अंतु तिर्की,निर्मल मुंडा संदीप मिर्धा,रामबहादुर सिंह,शिशु उरांव, संतोष उरांव,शंकर टोप्पो, बलकु उरांव,अनूप सिंह,दिलीप तिर्की, राजेश मुंडा, कृष्णा मुंडा, सोनू तिर्की, अमित मुंडा, यशवंत मुंडा, विवेक मुंडा,रवि मुंडा,बिरसा मुंडा, मनीष तिर्की,राकेश मुंडा, अनिल कुजूर,अमित गुप्ता, अरुण कच्छप, दुर्गा जी, मुन्ना मुंडा,सुनील मुंडा, चंदन मिर्धा, सूरज मुंडा,सन्नी मुंडा, अशोक मुंडा, सिमोन मुंडा, गुड्डू मुंडा, आशीष, राजा, सुधीर मुंडा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# रांचीः थाना परिसर में आग से दुर्घटनाग्रस्त तीन कारें जलकर राख



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जिले के रातू थाना परिसर के पास रविवार को आग लगने की वजह से अफरा-तफरी मच गई। इस आग में थाना परिसर में रखीं दुर्घटनाओं के बाद जब्त की गई तीन कार जलकर राख हो गई। हालांकि इस अग्निकांड में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। थाना प्रभारी सपन महथा ने बताया कि किसी ने गेट के समीप पड़े पत्तों में आग लगा दी थी । आग धीरे-धीरे फैलकर वाहन तक पहुंच गई और आग लग गयी। आग से तीन दुर्घटनाग्रस्त कार जलकर राख हो गई। सूचना के बाद फायर ब्रिगेड के वाहन कुछ देर से पहुंचा और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इससे पहले पुलिसकर्मियों ने भी आग बुझाने के लिए काफी प्रयास किया।

## मुख्यमंत्री ने वीर शहीद तेलंगा खड़िया को दी श्रद्धांजलि



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अमर वीर शहीद तेलंगा खड़िया के शहादत दिवस पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेज शोषकों के खिलाफ उनके विद्रोह और शहादत को सदैव याद रखा जाएगा। झारखंड की माटी के वीर सपूत को शत-शत नमन।

# रांची : दो दिवसीय रांची जिला बालक बालिका प्रतियोगिता का हुआ समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** जिला मलखंब एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय रांची जिला बालक बालिका प्रतियोगिता का समापन रंगारंग कार्यक्रम के साथ आज बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय , धुर्वा, रांची के प्रांगण में सम्पन्न हुआ। जबकि आगंतुकों का स्वागत एवं मंच संचालन रांची जिला मलखंब एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय झा ने किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि मैत्री इंडिया के हेड श्रीमती अपराजिता मिश्रा, विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध समाजसेवी सह संवेदना की संचालिका श्रीमती वंदना चौबे, मैत्री इंडिया की प्रतिनिधि श्रीमती गीता सिन्हा , नेहरू युवा केन्द्र के सदस्य सह विवेकानंद फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, जवाहर नवोदय विद्यालय, जोगना, लोहरदगा के शारीरिक शिक्षा शिक्षक सूरज कुमार पाण्डेय एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय, मसमानो,चान्हो के शारीरिक शिक्षा शिक्षक एम. मोदस्सर ने संयुक्त रूप से सभी विजेताओं को पदक देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता का संचालन वरिष्ठ प्रशिक्षक विवेक कुमार ने किया ।

प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार हैः- बालक वर्ग रोप मलखंब 12 वर्षः सत्यवीर कुमार दास, रणवीर कुमार दास, समीर धनवार बालिका वर्ग रोप मलखंब 12 वर्षः प्रिया कुमारी , संस्कृति कुमारी, हंसिका कुमारी, बालिका वर्ग पोल मलखंब 16 वर्षः साक्षी कुमारी, कावेरी कुमारी, लवली कुमारी, बालक वर्ग पोल मलखंब 16 वर्षः अमन कुमार, आकाश कुमार, रोहित लोहरा, हैंगिंग मलखंब बालक वर्ग 19 वर्ष : रोहण कुमार, रॉकी कुमार, जीतेश कुमार, रोप मलखंब बालिका वर्ग 19 वर्षः अनुशिखा कुमारी, प्रीति कुमारी, आरूषी कुमारी, पिरामिड बालक वर्गः



जीतेश एण्ड ग्रुप, रोहण एण्ड ग्रुप, आकाश एण्ड ग्रुप, पिरामिड बालिका वर्गः अनुशिखा एण्ड ग्रुप, साक्षी एण्ड ग्रुप, प्रीति एण्ड ग्रुप, सर्वश्रेष्ठ अनुशासनः अन्नु कुमारी, रांची मलखंब क्वीनःप्रीति कुमारी, रांची मलखंब किंगः रॉकी कुमार चैंपियन ऑफ चैंपियनः सरिता कुमारी।

# बीएमएस 26 को राजभवन के समक्ष करेगी प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के प्रदेश अध्यक्ष सत्य नारायण सिंह ने कहा कि राज्य में मजदूरों की समस्या और परेशानी को देखते हुए भारतीय मजदूर संघ 26 अप्रैल 2023 को राजभवन के सामने विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस संबंध में रविवार को भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्य नारायण सिंह ने बताया कि पटना में हुए 20वें राष्ट्रीय अधिवेशन में यह तय किया गया है कि झारखंड और बिहार में मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए 26 अप्रैल को भारतीय मजदूर संघ की सभी जिले के इकाई देशभर के सभी उपायुक्तों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। उपायुक्त को सौंपे जाने वाले ज्ञापन के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी से यह मांग की जाएगी कि मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा देने के साथ-साथ ठेका प्रथा के आधुनिकीकरण पर रोक लगाई जाए और अधिनियम 1970 में संशोधन किया जाए। इसके अलावा मजदूरों को मजबूत और आर्थिक सशक्त बनाने के लिए राष्ट्रीय श्रम नीति बनायी जाए। मजदूर



संघ ने यह भी मांग की है कि न्यूनतम मजदूरी की जगह पर जीविका मजदूरी तय की जाए, क्योंकि न्यूनतम मजदूरी की जो राशि रखी गई है, वह काफी कम है। इस मौके पर संघ के रांची जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि 26 तारीख को होने वाले धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में झारखंड के एचईसी मजदूर संघ, सीएमएस सिक्योरटास स्टाफ यूनियन, एचईसी सप्लाई मजदूर संघ, सीएमपीडीआई कर्मचारी संघ, ई रिक्शा कर्मचारी संघ, भवन निर्माण सह निर्माण कर्मचारी संघ, झारखंड प्रदेश कॉपरेटिव बैंक कर्मचारी संघ, पोस्टल कर्मचारी संघ, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ, सेवा सदन अस्पताल कर्मचारी संघ के साथ अन्य 17 संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी प्रदर्शन का समर्थन करेंगे। इस अवसर पर जिला मंत्री सुबोध यादव, महामंत्री रामाशंकर सहित कई मजदूर नेता मौजूद थे।

## रांची में अवैध खनन धड़ल्ले से जारी : भाकपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाकपा जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने बयान जारी कर कहा की पूरे जिले में खनन माफियाओं के द्वारा अवैध रूप से बालू पत्थर का खनन किया जा रहा है ।

जिसके कारण झारखंड सरकार को लाखों का राजस्व की हानि हो रही है। ज्ञात हो कि सरकार के द्वारा अभी तक बालू घाटो की बंदोबस्ती पूर्ण रूप से नहीं की गई है । उसके बावजूद नदियों से अवैध बालू उठाव जारी है और आम जनता को दुगने रेट पर बालू मिल रही है । जिला खनन पदाधिकारी को सूचना होने के बावजूद भी वे समुचित कार्यवाही नहीं करते हैं, जो दर्शाता है की बालू माफिया से उनका पूरा गठजोड़ है।

उनके इजाजत से यह अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। रांची जिला में बिना डिस्ट्रिक्ट सर्वे के नदियों से बालू का उठाव किया जा रहा है, जो नियमों के विपरीत है डिस्ट्रिक्ट सर्वे के अनुसार किसी भी नदी से 60त्न से अधिक बालू का उठाव ठनहीं किया जा सकता है , लेकिन खनन माफियाओं के द्वारा इस नियम का पालन नहीं किया जाता है और धड़ल्ले से झारखंड की नदियों से शत प्रतिशत बालू का उठाव का प्रयास किया जाता है , जिसके कारण झारखंड में नदियों से जलस्तर लगातार घटता और सूखता जा रहा है ।

इसलिए भाकपा रांची के उपायुक्त से मांग करती है कि रांची में अवैध खनन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाएं और सरकार को लाखों रुपए के राजस्व हानि से बचाने का काम करें।

# झारखंड के गौरवशाली इतिहास, गुमनाम क्रांतिकारियों की गाथा को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हम सभी पर : सुदेश महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** क्रांतिकारियों की माटी झारखंड ने असंख्य वीर शहीदों को जन्म दिया, जिन्होंने इस माटी के मान, सम्मान एवं स्वाभिमान के लिए अपना सर्वस्व अर्पण कर दिया। लेकिन इतिहासकारों ने झारखंड के महानायकों को इतिहास के पन्नों में वह जगह नहीं दिया, जिसके वे असली हकदार थे। झारखंड की गौरवशाली इतिहास, वैभवशाली संस्कृति तथा गुमनाम क्रांतिकारियों की गाथा को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हम सभी पर है। युवा पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास से सीखने की जरुरत है। देश की स्वतंत्रता, एकता व अखंडता को अक्षुण्ण रखने हेतु अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले झारखंड के वीर सपूतों की संघर्ष गाथा को जन-जन तक पहुंचाने हेतु हम संकल्पबद्ध हैं और इस दिशा में निरंतर प्रयास जारी है। इसी क्रम में आज वीर शहीद जीतराम बेदिया जी की प्रतिमा का अनावरण किया गया है।

उक्त बातें झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष श्री सुदेश कुमार महतो ने शहीद जीतराम बेदिया के बलिदान दिवस पर बरवादाग, जोन्हा में उनकी प्रतिमा अनावरण कर, उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कही। कहा कि झारखण्ड के वीर सपूत शहीद जीतराम बेदिया ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आंदोलन को जो बिगुल फूंका, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। देश ऋणी है उन क्रांतिवीरों का जिन्होंने देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। युवाओं को वीर शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेकर राज्य और देश निर्माण में योगदान देना चाहिए तथा इतिहास पुनर्लेखन हेतु आगे आना चाहिए।

साथ ही उन्होंने कहा कि हमें झारखण्ड के महानायकों एवं उनके विचारों को समझना होगा, नीति-निर्णयों में शामिल करना होगा। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर भाजपा नेता जैलेदर कुमार जिला प्रवक्ता रोशन लाल मुंडा देवशरण भगत जोन्हा पंचायत समिति दिलीप बेदिया खिजरी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव राजेंद्र शाही मुंडा रामानंद बेदिया अतीश महतो जलना चौधरी वीरेंद्र सिंह भोगता पारसनाथ महतो अजीत महतो महावीर महतो उपस्थित थे ।

## अक्षय तृतीया के अवसर पर हनुमान मंदिर निर्माण भूमि पूजन किया गया



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खलारी प्रखंड के पुरानी राय के दरहा बस्ती में अक्षय तृतीया के अवसर पर हनुमान मंदिर निर्माण भूमि पूजन किया गया।पूजा अनुष्ठान में बस्ती के लोगों ने सामुहिक रूप से मंत्रोच्चारण कर भूमिपूजन कर हवन किया गया. मौके पर प्रमुख एतवारा महतो,मुखिया श्रीमति शिला देवी, उपमुखिया विश्वनाथ महतो, जगदीश महतो, प्रेमनाथ महतो, विश्वनाथ महतो, सुखनाथ महतो, मनोज महतो, नागेश्वर महतो, जलेश्वर महतो राम प्रसाद महतो, अर्जुन महतो, मोनिका देवी, दुलारी देवी, नगीना देवी, आशा देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## चुरी पश्चिमी पंचायत में झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक संपन्न



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :**चुरी पश्चिमी पंचायत में झारखंड मुक्ति मोर्चा की एक बैठक किया गया. बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान व संचालन महेंद्र चौहान ने किया. बैठक का मुख्य उद्देश्य सदस्यता अभियान चलाने एवं चुरी पश्चिमी पंचायत गठन की पुरजोर तैयारी करना है. चुरी पश्चिमी पंचायत कमेटी गठन के लिए कुछ कार्यकर्ताओं का पंचायत कार्यसमिति बनाया गया है.जिसमे से खलारी प्रखंड के उपाध्यक्ष सुभाष प्रजापति,राजेश प्रसाद संयुक्त सचिव,चितरंजन सिंह उर्फ पप्पू राजकुमार गंझू, रमेश तुरी, रमेश तुरी को बनाया गया. मौके पर पवन कुमार गुप्ता,सचिन कुमार गंझू, रवि कुमार, रंजीत कुमार,गोविंद मुंडा, प्रिंस कुमार,विजय कुमार,कैलाशपुरी,छोटू राम उपस्थित थे.

# न सिर्फ रैय्यत, विस्थापित बल्कि सीसीएल कर्मियों को भी ठगने का कार्य कर रहा है सीसीएल प्रबंधन : आनंद सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** चाहे जमीन के बदले नौकरी और मुआवजे की बात हो, या कोयलांचल की विभिन्न कंपनियों में कार्य कर रहे असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के वाजिब हक़ और मजदूरी की बात हो, चाहे क्यों नहीं सीसीएल कर्मियों से सीसीएल के टॉप मैनेजमेंट के अधिकारियों द्वारा किये गए वादे हों, हर स्तर पर सीसीएल प्रबंधन लोगों को ठगने और वादाखिलाफी का कार्य कर रहा है। प्रबंधन द्वारा वादाखिलाफी का आलम यह है कि वह क्षेत्र के चुने हुए जनप्रतिनिधियों यहां तक कि माननीय सांसद, केंद्रीय मंत्रियों तक को भी बेवकूफ बनाने का कोई अवसर नहीं चूक रहा। जल्द ही इसकी शिकायत केंद्रीय कोयला मंत्री से की जाएगी।

उक्त बातें भाजपा रांची जिला ग्रामीण के सोशल मीडिया प्रभारी, सह जनता मजदूर संघ, एन. के. एरिया के संयुक्त सचिव आनंद सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। बताया कि जमीन के बदले नौकरी और मुआवजे को लेकर रैयतों और विस्थापितों में जो अभी आक्रोश फैल रहा है वह अपने चरम पर है। जिसका प्रतिकूल प्रभाव जल्द ही प्रबंधन को खदान विस्तारीकरण और कोयले के उत्पादन की क्षमता के रूप में देखने को मिलेगा।असंगठित क्षेत्र के मजदूरों और कोयले के क्षेत्र में कार्य कर रही विभिन्न कम्पनियों के बीच जो पीएफ, ग्रेच्युटी, ईएसआई, न्यूनतम मजदूरी जैसे मुद्दों को लेकर जो खींचतान और रस्साकशी चल रही है वह कभी भी विस्फोटक स्वरूप ले सकता है। प्रबंधन को जल्द से जल्द हस्तक्षेप करके इन मुद्दों पर त्वरित कार्यवाही करने की आवश्यकता है। अपने खुद के कर्मियों और खलारी कोयलांचल के लोगों को एक सुकून भरी शाम गुजारने का सब्जबाग दिखाकर डकरा में ÷चंद्रशेखर आजाद वाटिका÷ का शिलान्यास सीसीएल के वरीय अधिकारियों ने देश के रक्षामंत्री अमित शाह के कर कमलों से कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी एवम सांसद संजय सेठ की मौजूदगी में करवाकर खूब वाहवाही एवम तालियां बंटोरने का कार्य किया, लेकिन वादाखिलाफी का आलम यह है कि आज 3 वर्ष गुजर जाने के बाद भी शिलान्यास स्थल भूतिया स्थान बना हुआ है। न तो उसके लिए कोई निविदा आमंत्रित की गई, न ही इस दिशा में कोई सार्थक प्रयास ही किये गए। जल्द ही खलारी भाजपा एवम जनता मजदूर संघ का एक प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय कोयला मंत्री से मिलकर इन सभी मुद्दों के समाधान का प्रयास करेगा।

## तेजस्विनी परियोजना गुटजोराऊ की किशोरियों ने वर्ल्ड हेल्थ डे मनाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** प्रखंड अंतर्गत तेजस्विनी परियोजना गुटजोरा के किशोरी एवं युवतियों ने वर्ल्ड हेल्थ डे मनाया। साथ ही क्लब की किशोरी एवं युवतियों के द्वारा मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें वार्ड सदस्य ने किशोरियों का उत्साहवर्धन किया। किशोरियों ने प्रतियोगिता में भाग लेकर बेहतर स्वास्थ्य व उचित जीवन शैली पर आधारित विषयों पर चर्चा की। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित किशोरी एवं युवतियों को प्रथम पुरस्कार नेहा कुमारी,द्वितीय जुली कुमारी एवं तृतीय भुमिका कुमारी को पुरस्कृत किया गया, जिसमें क्लब की किशोरी एवं युवतियों को प्रखंड समन्वयक संगीता देवी के द्वारा वर्ल्ड हेल्थ डे के उपलक्ष में माहवारी एवं एनीमिया के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ में उपस्थित परियोजना कर्मी कलस्टर कोऑर्डिनेटर संध्या कुमारी एवं युवा उत्प्रेरक संजना बालमुचू उपस्थित थे।

## अड़की के बड़ानी घाटी में सवारी गाड़ी पलटी, दर्जनों घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अड़की :** खूंटी जिला अंतर्गत अड़की थाना क्षेत्र के तोडांग पंचायत के बड़ानी घाटी में सवारी गाड़ी से ड्राईवर ने अपना संतुलन खो दिया जिससे गाड़ी जोरदार तरीके से दो पलटी हो गई।इस दुर्घटना से तीन दर्जन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार ऊपर बालालौंग पंचायत के बेडाहातु गांव से पोडाडीह (कुचाई) छेका कार्यक्रम में जा रहे थे इसी दौरान छ्धाह्१ङ्क 3220 रजिस्ट्रेशन नंबर के सवारी गाड़ी घाटी में दुर्घटनाग्रस्त हो गई मौके पर से ड्राइवर और खलासी फरार हो गए इधर जोरदार आवाज सुनकर बड़ानी के ग्रामीण दौड़ कर दुर्घटनास्थल पर पहुंचे और घायल व्यक्ति को गाड़ी से बाहर निकाले साथ ही दुर्घटना की जानकारी अड़की पुलिस को दी।मौके दुर्घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और घायलों को एंबुलेंस और थाना के वाहन से अड़की स्थित दीपक फाउंडेशन द्वारा संचालित कल्याण अस्पताल लाया गया जहां घायलों का ईलाज किया जा रहा है।सामचार लिखे जाने तक घायल बिंदेश्वर मुंडा, भैयाराम मुंडा,साकरा मुंडा, मनीष मुंडा, रोहित लोहरा, कमलेश मुंडा कि गंभीर स्थिति बनी हुई थी जिन्हें बेहतर इलाज के लिए खूंटी सदर रेफर कर दिया गया।

# वीर शहीद निर्मल महतो मेला संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शनिवार के दिन कोचों पंचायत के सुंडील गांव में 33 वां विराट वीर शहीद निर्मल महतो मेला का आयोजन किया गया। मेला में मुख्य अतिथि के रुप में झामुमो के रांची जिला उपाध्यक्ष सह सिल्ली विधानसभा प्रभारी रामानंद बेदिया उपस्थित रहे। उन्होंने शाहिद निर्मल महतो के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा कहा कि वीर शहीद निर्मल महतो के योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। शहीद निर्मल महतो ने झारखंड अलग राज्य के लिए लंबी लड़ाई लड़ी इसलिए हम लोगों को उनके पद चिन्हों में चलकर उनके सपनों को साकार करना है ताकि झारखंड राज्य सुखी, संपन्न और मजबूत बन सके। झामुमो के सभी सदस्यों ने शहीद निर्मल महतो अमर रहे का नारा भी लगाया।

मेले में मुर्गा लड़ाई और छऊ नृत्य का भी आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों ने छऊ नृत्य का भरपूर आनंद उठाया। मौके पर झामुमो सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका, प्रखंड उपाध्यक्ष अमित कुमार महतो, प्रवीण महतो, अनिल बेदिया, हेमंत कोइरी, संयुक्त सचिव अशोक कुमार महतो, अजीत कुमार महतो, कार्यालय प्रभारी पांडे महतो, वरिष्ठ कार्यकर्ता मधुसूदन महतो, विक्रम महतो, देवेंद्र महतो, शक्तिधर महतो, अखिलेश कुम्हार, राम पदों महतो, राजेश महतो, चंद्रशेखर महतो व झामुमो के सक्रिय सदस्य एवं सैकड़ों ग्रामीण मेले में उपस्थित रहे।

## संविधान बचाओ लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ पर सेमिनार का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** संविधान बचाओ लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ एक दिवसीय सेमिनार रौयल सेलिब्रेशन झुमरीतिलैया मे दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति कोडरमा के नेतृत्व में किया गया सेमिनार के पूर्व बाबासाहेब एवं गौतम बुध के प्रतिमा पर माला एवं पुष्पांजलि सभी भीम साथियों ने किया सेमिनार कि अध्यक्षता दलित उतपिडन संघर्ष समिति के अध्यक्ष इंद्रदेव राम ने किया संचालन सचिव गनेश दास ने किया.सेमिनार में जिप सदस्य महादेव राम ने विषय प्रस्तुत किया जिसमें संविधान बचाओ देश बचाओ लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ विषय पर वक्ताओं से राय लेनी है उन्होंने कहा कि जिस तरह से संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही है उनकी आत्मा को कमजोर किया जा रहा है इस परिस्थिति में यह सेमिनार बहुत ही प्रासंगिक है वक्ताओं ने कहा कि देश में संविधान लागू है लेकिन देश में संविधान के मुताबिक ना आर्थिक क्षमता है नाक सामाजिक समता है क्योंकि देश में अमीरी और गरीबी के बीच खाई बढ़ती जा रही है बाबासाहेब आंबेडकर ने आरक्षण का व्यवस्था किया था उस आरक्षण को चतुराई तरीके से समाप्त किया जा रहा है न्यायपालिका पर हमला किया जा रहा है अभिव्यक्ति की आजादी खतरे में है बच्चों को वैज्ञानिक विषय पढ़ाना चाहिए. जबकि भाग्य रेखा पढ़ाया जाएगा साथ ही इतिहास को भी फेरबदल किया जा रहा है इस परिस्थिति में तमाम वक्ताओं ने आह्वान किया एससी एसटी ओबीसी माइनॉरिटी को एक होना है और बाबा साहब के बताए रास्ते पर चल कर संघर्ष को तेज करना है. सेमिनार को दुर्गा प्रसाद रजक ने वंदना गीत से प्रारंभ किया सेमिनार को दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति के जिला उपाध्यक्ष प्रकाश रजक, पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज रजक,जिप सदस्य शांतिप्रिया, ईश्वर ठाकुर,भुनेश्वर पासवान,पूर्व जिलाध्यक्ष प्रकाश अंबेडकर, भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष विकास कुमार, भीम लाल पासवान, मुखिया संजय यादव,मुखिया वीरेंद्र यादव,चरणजीत सिंह,अशरफ खान,अरमान खान, उमेश यादव, सुशील कुमार, राम रतन अवध्या, विजय रजक, राजकुमार पासवान, जयप्रकाश पासवान,दशरथ पासवान ने भी संबोधित किया. सेमिनार में सुमित कुमार,रजनीश कुमार,डॉ कैलाश रजक, विनोद राम,मिथिलेश रजक,सुशील कुमार,संजय दास, मनोज कुमार, किशोरी दास,चंद्र मोहन चौधरी,शिव शंकर रजक, सिकंदर रजक,दशरथ पासवान, धीरज रजक प्रकाश चंद्र राय गणपत दास,गौतम दास,ब्रह्मदेव दास, विश्वनाथ रविदास, राजेश रजक, सिकंदर रजक, कृष्णा दास,रविदास आदि लोग मौजूद थे.

# डकरा में विजय उत्सव दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** डकरा में बाबू वीर कुंवर सिंह चौक में विजय उत्सव दिवस मनाया गया. कार्यक्रम की शुभारंभ एनके एरिया महाप्रबंधक संजय कुमार ने दिप प्रजवल्लित कर किया. इस कार्यक्रम में पुरनाडीह परियोजना पदाधिकारी नरेश सिंह, चुरी परियोजना पदाधिकारी कमल मांझी ने भी पुष्प समर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये. कार्यक्रम का आयोजित क्षत्रिय विकास मंच के सौजन्य से किया गया. कार्यक्रम में समाज के सभी वर्ग के लोगों ने भाग लिए. इस दौरान महाप्रबन्धक संजय कुमार ने कहा की बाबू वीर कुंवर सिंह की जीवनी से हमें यह प्रेरणा मिलती है, अगर इंसान कुछ करने को ठान ले उम्र कभी भी बाधा नहीं बन सकती है, हम सभी को दृढ़ इच्छाशक्ति व विशवास के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है. मौके पर मिथिलेश कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अमरभूषण सिंह, विकास सिंह ( गुड्डू), विनय सिह, डि पी सिह, शैलेश कुमार,प्रेम कुमार, हरेंद्र सिंह,सत्येंद्र सिंह,पुष्पेंद्र, शैलेन्द्र सिंह, मनोज सिंह,इसमाईल अंसारी, शशी सिंह, शत्रुंजय सिंह, राजू कुमार, मुन्नू कुमार सहित सहित अन्य उपस्थित थे.

## शपथ पत्र

मैं कविता देवी पति स्वर्गीय बालेश्वर ठाकुर ग्राम बड़की सरिया पोस्ट सरिया थाना सरिया जिला गिरिडीह का निवासी हूं। शपथ पूर्वक बयान करती हूं कि :

1. यह कि मेरी उम्र लगभग 49 वर्ष है ।
2. यह कि मेरा आधार कार्ड संख्या 3266 8812 0331 में एवं बैंक ऑफ इंडिया शाखा सरिया के खाता संख्या 480510110007208 में मेरा नाम कविता देवी दर्ज है जो सही नाम है ।
3. यह कि मेरा सेम दुसरा अधार कार्ड न. 3266 8812 0331 में मेरा नाम गलती से पर्वतीय देवी दर्ज हो गया है।
4. यह कि उपरोक्त लिखित दोनों नामों का एक ही महिला है जो स्वयं में हूँ मेरे सिवाय कोई और अन्य महिला नहीं है।
5. यह की शपथ पत्र में अपने दोनों नामों की सत्यता की पुष्टि करने हेतु कर रही हूँ ।

मैं कविता देवी पति स्व बालेश्वर ठाकुर घोषणा करता हूँ कि उपरोक्त लिखित सभी बातें सही सत्य दुरुस्त है ।

# डकरा में धूमधाम के साथ मनाई गई भगवान परशुराम की जयंती समारोह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** डकरा में सर्व ब्राह्मण महासभा की ओर से भगवान परशुराम की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता खलारी पिपरवर कोयलांचल के सर्व ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष नवकुमार बनर्जी, संचालन अवधेश उपाध्याय और धन्यवाद ज्ञापन दिनेश पांडे ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत क्षेत्र के सभी मंदिरों के पुजारियों के द्वारा भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष मंत्रोच्चारण कर और दीप जलाकर किया गया। जिसके बाद आए हुए लोगों ने भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर विप्र बंधुओं के द्वारा समाज को संगठित करने और संपूर्ण मानव जाति की सुख शांति और श्रमिक समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई। भगवान परशुराम जयंती समारोह में खलारी, पिपरवार, मैक्लुस्कीगंज, डकरा, बुडमू, चान्हो से सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। इस कार्यक्रम के दौरान बच्चियों के द्वारा भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई। जयंती समारोह में एसके झा, सुजीत उपाध्याय, नवल किशोर दुबे, आभास त्रिपाठी, सतीश पांडे, बीएन पांडे, मुक्तिनाथ गिरी, बीके तिवारी, जितेंद्र पांडे, रतन मिश्रा, गिरधर मिश्रा के द्वारा भगवान परशुराम के जीवनी पर प्रकाश डाला गया और भगवान विष्णु के छठे अवतार के रूप में भगवान परशुराम के पराक्रम के बारे में बताया और कहा कि भगवान परशुराम ने सृष्टि के सभी जाति धर्म के कल्याण के लिए काफी कार्य किया है। वही कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के सभी मंदिरों के पुजारी, वृद्ध महिला एवं पुरुषों, मेधावी छात्र छात्राओं, सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाली बच्चियां एवं अन्य अतिथियों को सम्मानित किया गया। जिसके बाद भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने प्रसाद स्वरूप भोजन ग्रहण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवकुमार बनर्जी ने कहा कि इस तरह के आयोजन का उद्देश्य ब्राह्मण समाज को एकजुट करने का है। समाज के जरूरतमंद लोगों को सहयोग करने, बच्चों में शिक्षा का अलख जगाने, समाज के साथ-साथ देश के विकास में योगदान देने का प्रयास किया जा रहा है। जिसमें सभी क्षेत्रों से काफी सहयोग मिला है। इस मौके पर प्रमोद पाठक ,प्रमोद तिवारी, गिरधर तिवारी, राजीव चटर्जी, राजीव मिश्रा, यशवंत पांडे, अजीत पांडे, अनिल पांडे, सोनू पांडे, विकास दुबे ,प्रशांत दुबे ,धीरेंद्र शर्मा, सोनू तिवारी, जितेंद्र गिरी, निकू पांडे, सतनारायण चौबे, रंगनाथ चौबे, आशुतोष तिवारी, प्रदीप मिश्रा, राजू चौबे, गुड्डु गिरी, लक्ष्मण दुबे, प्रेम शंकर पांडे समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की सांगठनिक बैठक आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**डोमचांच :** कोडरमा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, डोमचांच की सांगठनिक बैठक उमा भारती उच्च विद्यालय, जेरूवाडीह में शुक्रवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक इंद्र गुरु एवं संचालन सचिव शिव कुमार मेहता ने किया। बैठक में एसोसिएशन के संरक्षक सुनील कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष पंकज कुमार कंध्वे, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार, सह कोषाध्यक्ष मिथिलेश कुमार मेहता, कोर कमेटी के सदस्य दिलीप कुमार यादव , सदस्यगण वीरेंद्र कुमार मेहता, अनिल कुमार सुमन, संदीप कुमार, राजेश कुमार गुप्ता आदि ने उपस्थित होकर बैठक को सफल किया. बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिया गया. जिसमें एसोसिएशन की मजबूती के लिए पदाधिकारी गण एवं सदस्यों के सहयोग से उन विद्यालयों में जाकर संपर्क करना है जो हमारे एसोसिएशन से जुड़े हुए हैं। संपर्क कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पांच पदाधिकारियों संरक्षक- सुनील कुमार सिन्हा,अध्यक्ष- विवेक इंद्र गुरु , उपाध्यक्ष-पंकज कुमार कंधवे,सचिव-शिव कुमार मेहता और कोषाध्यक्ष-सुनील कुमार का चयन किया गया। कोडरमा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, डोमचांच से जुड़े सभी विद्यालयों के नाम के साथ में एसोसिएशन का बैनर लगाने के लिए प्रारूप तैयार कर और बनवा कर सभी विद्यालयों में लगाया जाएगा। एसोसिएशन की आगामी सांगठनिक बैठक दिनांक- 10.05. 2023, दिन- बुधवार, समय- 4ः00 बजे अपराह्न, संस्कार पब्लिक स्कूल, नवलशाही में होगी .बैठक की समाप्ति के पूर्व झारखंड सरकार के दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित किया गया और 1 मिनट का मौन रखकर उनके आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई.

# ईचागढ़ प्रखंड : गहराया जल संकट

# बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में भीषण गर्मी से जहां लोग परेशान हैं, वहीं बढ़ते गर्मी में गांवों में जलसंकट गहराने लगी है। ग्रामीण क्षेत्र में भी लोगों को बुंद बुंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। जी हां आपको बता दूं कि 4-5 वर्ष पूर्व जल संकट से ग्रामीणों को निजात दिलाने के लिए झारखंड सरकार द्वारा निर निर्मल परियोजना के तहत दर्जनों जल मिनारों का निर्माण कराया गया,मगर लगभग जलमिनारे पानी बीन खुद प्यासे हैं और जल मिनारें एक शोभा का वास्तु बनकर रह गया है। आलम ये है कि गांव में महिलाओं को खेतों में बने कुएं के



दूषित पानी के लिए भी घंटों लाइन लगाना पड़ रहा है, तब जाकर पानी मिल रहा है। ऐसे ही एक जल संकट का नजारा सोड़ो गांव में देखने को मिला। गांव से बाहर बने एक सिंचाई कुआं में सुबह से रात तक एक घड़ा पानी के लिए लाइन लगाना पड़ता है। कुंआ की चारों ओर से महिलाएं बाल्टी पर रस्सी के सहारे पानी भरकर खींच कर उठाती है। कुंआ में न घीरनी लगा हुआ है और न ही पानी भरने का सुविधा। सोड़ो गांव के आधे से अधिक आबादी इस कुआं से ही गर्मी के दिनों में प्यास बुझाते हैं। सोड़ो गांव में ही जिला परिषद व मुखिया भी है ,फिर भी ग्रामीणों को एक एक बुंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। एक गांव का ही बात नहीं पुरे प्रखंड क्षेत्र में जल मिनारें सफेद हांथी बनकर रह गया है, सुधी लेने वाले कोई नहीं। वहीं गांव के रती गोप व सितु के पूर्व मुखिया पंचानन पातर ने बताया कि यहां पेय जल का घोर अभाव है, जिससे इस कुंए का पानी मजबुरी में पीना पड़ता है। बताया कि बहुत सारे गांवों में जलमिनारे तो बने हैं,मगर सब बेकार है, सुध लेने वाले कोई नहीं है। जिम्मेदार अपने जिम्मेदारी से भाग रहे हैं। उन्होंने गांव में सोलर चलित जलमिनार व चापाकल लगाने का मांग किया है।

## घबराएं नही! साकची मार्केट में अग्निकांड जैसी स्थिति को लेकर मॉक ड्रिल आज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार सोमवार 24 अप्रैल को अपराह्न 04:30 बजे से 05:30 बजे तक साकची मार्केट में अग्निकांड जैसी स्थिति से निपटने को लेकर मॉक ड्रिल अभ्यास किया जाएगा। अग्निकांड जैसी आकस्मिक स्थिति से निपटने को लेकर जिला प्रशासन की क्या तैयारियां है इसे जांचा जाएगा, ऐसी परिस्थितियों में तत्काल कैसे लोगों के बीच मदद पहुंचाई जा सके, फर्स्ट रिस्पॉन्डर कौन होंगे, किस विभाग का क्या दायित्व है तथा उसको वे कैसे निभायेंगे इसको देखा जाएगा । मॉक ड्रिल के माध्यम से प्रशासन का प्रयास होता है कि किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए अपनी तैयारियों को दुरुस्त रखा जाए जिससे विकट स्थिति में भी जानमाल का किसी तरह से कोई नुकसान नहीं हो।

## विविधता में एकता का प्रतीक है हमारा भारत : फादर टोनी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** जेवियर स्कूल गम्हरिया में रविवार को लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी प्रतिभागियों को जगुआर, पैंथर, लेपर्ड और चीता आदि चार हाउस में विभक्त कर दिया गया था। सभी बच्चों ने विभिन्न राज्यों के लोक नृत्यों की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ फादर टोनी राज एस.जे. ने कहा कि हमारा भारत ही पूरे विश्व में एकमात्र देश हैं जहां सभी तरह की संस्कृति मिलती है। यही गुण हमारे देश को दूसरे देशों से महान बनाता हैं। यही विविधता में हमारी एकता का प्रतीक है।

## लोसोदिकी में हनुमान मंदिर निर्माण का विधायक ने किया शिलान्यास

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खरसावां प्रखंड क्षेत्र के तेलाईडीह पंचायत अंतर्गत लोसोदिकी गांव में भूमि पूजन के साथ हनुमान मंदिर निर्माण का स्थानीय विधायक दशरथ गागराई ने विधिवत शिलान्यास किया। बजरंगबली मंदिर निर्माण का पंडित रशमी रंजन मिश्रा के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन के बाद ईट रखकर मंदिर की नींव रखी गई। इस दौरान मुख्य रूप से विधायक दशरथ गागराई राजाराम महतो प्रताप प्रधान सुसेन प्रधान विशकेशन प्रधान श्रीवास्तव प्रधान गोपाल प्रधान लक्ष्मीनारायण प्रधान दुर्वासा प्रधान डॉक्टरी प्रधान भीष्म प्रधान दुर्योधन प्रधान यदुनंदन प्रधान भागरथी प्रधान आदि उपस्थित थे।



## मारवाड़ी सम्मेलन भालूबासा शाखा ने एमजीएम अस्पताल में बांटे शरबत और फल

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी सम्मेलन भालूबासा शाखा द्वारा अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर एमज़ीएम अस्पताल परिसर मे शिविर लगाकर ठंडा मीठा शरबत एवं फल वितरण की सेवा लगभग 700 लोगों के बीच की गयी। शाखा के द्वारा जिलाध्यक्ष मुकेश मित्तल को दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम भालूबासा शाखा अध्यक्ष पंकज छावछरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसे सफल बनाने मे महामंत्री मालीराम अग्रवाल, रामोतार बेगराजका, रामरतन खंडेलवाल, आदि का योगदान रहा।



## साकची बाजार शिव मंदिर में श्याम परिवार ने बांटे फल व शरबत

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को साकची बाजार श्री श्री शिव मंदिर परिसर में अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर श्री श्याम परिवार साकची द्वारा अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए ठंडा मीठा शरबत एवं फल वितरण की सेवा लगभग 1200 से अधिक लोगों के बीच की गई। इस कार्यक्रम में शामिल होकर मारवाड़ी सम्मेलन के जिलाध्यक्ष मुकेश मित्तल, जिला महासचिव विवेक चौधरी, उमेश शाह, शंभु खन्ना, सुभाष शाह एवं अंकुश जवानपुरिया ने भी सेवा की। श्री श्याम परिवार द्वारा इन सभी को दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे अध्यक्ष बबलू अग्रवाल, मोहित साह, नरेश अग्रवाल, गौरव जवानपुरिया, आदि का योगदान रहा।



## भायली महिला मण्डल ने शरबत व चना का किया वितरण

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर शहर की सामाजिक संस्था भायली महिला मण्डल सोनारी, जमशेदपुर द्वारा आदित्यपुर इमली चौक के पास शिविर लगाकर करीब 1500 लोगों के बीच शरबत और चना का वितरण किया गया। इसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि आदित्यपुर थाना प्रभारी राजन सिंह ने फीता काटकर किया। शरबत वितरण कार्यक्रम की उचित व्यवस्था के लिए सदस्य कंचन अग्रवाल ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस कार्यक्रम में ओम अग्रवाल, अमित अग्रवाल, मुरारी अग्रवाल, नारायण अग्रवाल, बानी नारायण और लड्डू अग्रवाल विशेष सहयोगी रहें।



## अनुमंडल कार्यालय चांडिल के प्रधान सहायक के ट्रांसफर की मांग लेकर लिखा सीएम को पत्र

**नीमडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति ने अनुमंडल कार्यालय चांडिल के प्रधान सहायक को स्थानांतरण करने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री को पत्र भेजा। पत्र में लिखा गया है कि अनुमंडल कार्यालय चांडिल के प्रधान सहायक पूर्व में चांडिल अंचल कार्यालय में पदस्थापित रह चुके हैं और वर्तमान में अनुमंडल कार्यालय चांडिल के प्रधान सहायक के पद पर कार्यरत है। जब वे चांडिल अंचल में कार्यरत थे तब पुड़ीशिली मौजा, थाना नंबर 320 खाता नंबर 131 प्लॉट नं 31, 64, 66, 82, 85, 32 एवं 138, खाता नंबर 104 प्लॉट नं 299, 423, 424, 825, 466, 469, 476, 483 एवं 484, खाता नंबर 130 प्लॉट नं 69, 72, 74, 74, 594, 138, 76, 82, 139 एवं 141, खाता नंबर 128 प्लॉट नं 609, 775, 63, 67 एवं 71 तथा खाता नंबर 129 प्लॉट नं 432, 433, 470 एवं 479 का गलत वंशावली बनाकर अपने नाम से जमीन नामांतरण करा लिया है। इस विषय का जांच कर प्रधान सहायक को चांडिल अनुमंडल कार्यालय से अन्यत्र प्रखंड में स्थानांतरण के लिए आवश्यक कारवाई करने हेतु सरायकेला खरसावां के उपायुक्त को आदेश देने की कृपा करें।



## मायुमं टाटानगर अचीवर्स शाखा के पुनः अध्यक्ष बने रवि कुमार गुप्ता

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा की वार्षिक आम सभा तथा वार्षिक पुरस्कार समारोह का आयोजन बिष्टुपुर स्थित एक होटल मे किया गया। जिसमें नए सत्र के लिए चुनाव पदाधिकारी सुगम सरायवाला की उपस्थिति में सर्वसम्मति से रवि कुमार गुप्ता को एक बार फिर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इससे पहले सभा की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता ने अपने स्वागत भाषण में एक साल शाखा द्वारा किए गये कार्यों का विवरण दिया। इसके बाद शाखा कोषाध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने आय-व्याय का विवरण दिया। मौके पर अध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता ने अपनी नयी टीम में अंशुल रिंगासिया को सचिव एवं आदित्य जाजोडिया को कोषाध्यक्ष बनाने की घोषणा की। अंत में निर्वतमान सत्र 2022-23 में उल्लेखनीय कार्य करने वाले सदस्यों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



## पटमदा के मस्जिद व ईदगाहों में पढ़ी गई ईद की नमाज, प्रशासन ने दी बधाई

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा के बेलटांड़ स्थित मस्जिद में शनिवार की सुबह 100 से अधिक नमाजियों ने ईद की नमाज अदा की। इस दौरान पटमदा के सीओ चंद्रशेखर तिवारी व पटमदा थाना प्रभारी रणजीत कुमार सिंह ने व्यवस्था का जायजा लेते हुए सभी को ईद की मुबारकबाद दी। मौके पर खादिम अंसारी, मोहम्मद महमूद, शेख इस्माईल, शेख यूनुस, शेख ऐनुल, शेख मैनुल आदि लोग मौजूद थे। दूसरी ओर कमलपुर थाना क्षेत्र के कुमीर, तिलाबनी, गेरुवाला व दांदूडीह में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईदगाह में नमाज अदा की और गले लगाकर एक-दूसरे को मुबारकबाद दी। वहीं बोड़ाम थाना क्षेत्र के रसिकनगर स्थित मस्जिद एवं पोखरिया के ईदगाह में भी ईद की नमाज अदा की गई।

# जमशेदपुर एफसी ने श्रीनिदी डेक्कन को 2-0 से हराकर पहुंचा सेमिफाइनल में

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर एफसी की अंडर13 टीम जेएसडब्ल्यू यूथ कप में अपने अंतिम ग्रुप स्टेज मुकाबले को भी जीतने में सफल रही. उन्होंने श्रीनिदी डेक्कन एफसी को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया. कर्नाटक के बेल्लारी में जेएसडब्ल्यू विद्यानगर ग्राउंड में रविवार की सुबह खेला गया मुकाबला काफी रोमांचल रहा. हालांकि अंतिम चार में टीम ने पहले ही जगह पक्की कर ली थी. इसके बावजूद मैन ऑफ स्टील के खिलाड़ियों ने खुलकर मुकाबला किया और शानदार जीत दर्ज की. जमशेदपुर की अंडर13 टीम के मुख्य कोच अरशद हुसैन की रणनीति से जमशेदपुर की रक्षात्मक प्रदर्शन ने श्रीनिदी के आक्रमण को दबा दिया,



जिसके परिणामस्वरूप आधे घंटे तक स्कोर 0-0 रहा. मोहित मुखी ने 32वें मिनट में श्रीनिदी के गोलकीपर अद्वैत रेड्डी बडवेलु को छकाते हुए शानदार गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी. 16 मिनट बाद, जमशेदपुर एफसी ने एक और झटका दिया जब रोशन सोरेन ने अपनी टीम की बढ़त को दोगुनी कर दी और अपनी टीम की जीत लगभग सुनिश्चित कर दी. इस जीत के साथ अंडर13 टीम जेएसडब्ल्यू यूथ कप में चार मैचों में सात अंक लेकर अगले दौर में पहुंची. ग्रुप स्टेज में जमशेदपुर को दो में जीत, एक ड्रॉ और एक में हार का सामना करना पड़ा है. 25 अप्रैल को 4.30 बजे सेमीफाइनल में जमशेदपुर एफसी का भिडंत राउंडग्लास पंजाब होगा। वहीं 24 अप्रैल को अंडर15 टीम अंतिम चार के लिए शाम 4 बजे राउंडग्लास पंजाब एफसी से भिड़ेगी.

# भामाशाह की जयंती पर तैलिक साहू महासभा ने बांटे शर्बत, खिचड़ी व हलवा भोग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** रविवार को अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा पूर्वी सिंहभूम जिला कमिटी द्वारा महादानवीर भामाशाह की 476वीं जयंती समारोह स्वाभिमान दिवस के रूप में धूमधाम से भामाशाह चौक (एमजीएम अस्पताल गोलचक्कर) पर मनाया गया। जिलाध्यक्ष राकेश साहू के नेतृत्व में एग्रीको ट्रांसपोर्ट मैदान से शोभायात्रा बाइक रैली निकली गयी, जो एग्रीको सिग्नल होते भालूबासा रोड़ से साकची गोल चक्कर से एमजीएम गोलचक्कर भामाशाह चौक पहुंचकर कार्यक्रम में तब्दील हुआ। कार्यक्रम का संचालन जिला कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार ने किया। इस दौरान सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक हजारों लोगों के बीच शीतल जल, शर्बत, हलवा एवं खिचड़ी



भोग का वितरण किया गया। राकेश साहू ने कहा कि लोकहित व आत्म सम्मान के लिए अपना सर्वस्व दान कर देने वाली उदारता के इस गौरव पुरूष की प्रेरणा को चिरस्थाई रखने के लिए छतीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान समेत कई प्रदेशों में इनके नाम से कई योजनाएं भी चलाई जाती है। इस अवसर पर सरायकेला खरसावां के जिलाध्यक्ष गोपाल साहू, मिथलेश साहू, कृष्णा देव प्रसाद, प्रभात कुमार, भोला साहू, वीरेंद्र साहू, रामकृपाल साह, महिला अध्यक्ष पूजा साहू, युवा अध्यक्ष आदित्य धनराज साह, क्षेत्रीय अध्यक्ष रवि शंकर साहू, अनिल साह, वीरेंद्र साह, रंजीत गुप्ता संतोष साहू चंदन काशी आदि समाज के गणमान्य लोगों को पगड़ी एवं अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से संजय साह, राजेश प्रसाद, अशोक साहू, आदि का योगदान रहा।

# अक्षय तृतीया पर रथ निर्माण कार्य का हुआ शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर रविवार को सरायकेला जगन्नाथ मंदिर परिसर में उत्कलीय जगन्नाथ परंपरा अनुसार इस वर्ष 20 जून 2023 को होने वाले भगवान जगन्नाथ रथयात्रा के लिए विधिवत पुजा अर्चना कर रथ निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में मंदिर के मुख्य पुजारी ब्रह्मानंद महापात्र एवं पंडित सानु आचार्य द्वारा पूजन कार्यक्रम किया गया। रथ निर्माण शुभारंभ पूजा कार्यक्रम में श्री जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष राजा सिंह देव, सचिव पार्थसारथी दाश, बादल दुवे, सुधीर चन्द्र दाश, चिरंजीवी महापात्र, गणेश सतपथी, राजेश मिश्रा, चन्द्रशेखर कर, प्रशांत महापात्र, मनोज चौधरी, परशुराम कवि, शंकर सतपथी, दाशरथि परिछ्छा, लिपु महांती,काशीनाथ कर, सुशील आचार्य, प्रदीप कर, राजा महापात्र, शुभम कर, संजय मिश्रा, गोलक ज्योतिषी, धीरज कुमार एवं रथ निर्माण कार्य के कारीगर विश्वकर्मा, मुनसी राउतीया सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे।

# पीएम के मन की बात कार्यक्रम के 100वें संस्करण को खास बनाने में जुटी भाजपा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो पर प्रसारित होने वाले 'मन की बात' कार्यक्रम के 100वें संस्करण को लेकर रविवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक बिस्टुपुर स्थित चैम्बर भवन सभागार में सम्पन्न हुई। अध्यक्ष गुंजन यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भाजपा जिला पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चा के जिलाध्यक्ष समेत महानगर अंतर्गत विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक में आगामी 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100वें संस्करण को सर्वस्पर्शी और सर्वव्यापी बनाने हेतु जमशेदपुर महानगर के सभी बूथों पर आमजनों के संग श्रवण सुनिश्चित करने को लेकर चर्चा



की गई। बैठक के दौरान कदमा एवं जुगसलाई उपद्रव में राज्य सरकार के इशारे पर जिला प्रशासन द्वारा की गई एकपक्षीय एवं विद्वेषपूर्ण कार्रवाई के विरोध में गठित सर्वजन हिन्दू समिति के जारी आंदोलन में प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जमशेदपुर महानगर के भाजपा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी को लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक में प्रदीप महतो, संजीव सिन्हा, समेत अन्य उपस्थित थे।

## एक साल में ही दम तोड़ दी छातरडीह से हेसलोंग सड़क, जांच की उठी मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**तिरुलडीह :** कुकडु प्रखंड के छातारडीह से हेसलोंग तक बने सड़क जर्जर हो गयी है जिससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही सूचना पाकर कुकडु प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष शक्ति महतो व उपाध्यक्ष नवकिशोर हांसदा ने स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क को देखते हुए कहा कि सड़क निर्माण पूरा हुए एक साल भी नही हुआ है और नदुटांड के सामने लगभग दस फिट पीसी सड़क फटकर टूट गया है, जिससे राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। हैं बीस सूत्री अध्यक्ष शक्ति महतो ने कहा कि इस सड़क निर्माण में गुणवत्ता को दरकिनार किया गया है। इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

## मजदूर दिवस पर झारखंड मजदूर यूनियन निकालेगा बाइक रैली

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** झारखंड मजदूर यूनियन की एक बैठक गम्हरिया के बीको मोड़ स्थित कार्यालय में जिलाध्यक्ष सुनील गोराई की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी एक मई को मजदूर दिवस पर यूनियन की ओर से आयोजित कार्यक्रमों पर चर्चा कर रूपरेखा तैयार की गई। निर्णय लिया गया कि मजदूर दिवस के मौके पर प्रखंड के राहरगोड़ा स्थित गणेश पूजा मैदान से विशाल बाइक रैली निकाली जाएगी जो उपरबेड़ा मैदान पहुंच कर सम्पन्न होगी। वहां दिवंगत मजदूर नेता रतिलाल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद जनसभा का आयोजन किया जाएगा। बताया कि उक्त कार्यक्रम में औद्योगिक क्षेत्र के काफी संख्या में मजदूर भाग लेंगे। बैठक में यूनियन के महासचिव संत सिंह सरदार, सचिव सागर महतो, आदि थे।

## पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस की जम्बो जेट कमिटी की घोषणा

# बबलु झा दोबारा बने उपाध्यक्ष, अब्दुल सलीम को कोषाध्यक्ष व तीन प्रवक्ता बनाये गये

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की अनुमति के बाद पूर्वी सिंहभूम जिला कमिटी के पदाधिकारी व एक्जीक्यूटिव कमिटी के नामों की घोषणा की गई. उक्त जम्बो जेट कमिटी में कुल 258 पदाधिकारियों के नामों को शामिल किया गया है. उक्त सूची पार्टी के प्रदेश महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अमूल्य नीरज खलखो ने जारी की. ज्ञात हो कि कुछ माह पूर्व प्रदेश नेतृत्व ने पार्टी के आनंद बिहारी दूबे को जिलाध्यक्ष के पद पर मनोनीत नाम इस प्रकार है - **उपाध्यक्ष :** आनंदमय पात्रो, संजय सिंह आजाद, राजकिशोर यादव, अवधेश कुमार सिंह, सुबोध सिंह सरदार, रामदरश चौधरी, योगेन्द्र सिंह यादव, रियाज खान, सतीश तिर्की, ब्रजेन्द्र तिवारी, जितेन्द्र सिंह, रामलाल पासवान, शैलेन्द्र सिंह चंदेल, अंसार खान, शफी अहमद खान, जसवंत सिंह जस्सी, अरुण कुमार सिंह, मनोज झा, राहत खान,









सुरेन्द्र झा उर्फ बबलु झा, संजय तिवारी, नवीन चंद्र सिंह, रजनीश सिंह, शशि सिन्हा, ओमप्रकाश उपाध्याय, मंजीत आनंद व बुद्धदेव गिरी.

**कोषाध्यक्ष :** अब्दुल सलीम खान, **महासचिव :** शहनवाज अहमद, परविंदर सिंह सोहेल, सुखदेव सिंह मल्ली, श्याम सुंदर प्रसाद, शैलेन्द्र सिंह, राहुल जमील अहमद, मोहन बनर्जी, किशन लाल महतो, अमर मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, ज्योति मिश्रा, बीडी गोपाल किशन, सनातन भगत, विरेन्द्र पांडेय, वृंदा प्रसाद, अपर्णा गुहा, अविनाश सिंह, सोमेन मंडल, राजेश चौधरी, नागेन्द्र प्रसाद, अजय मिश्रा, चिन्ना राव, संजय तिवारी (अधिवक्ता), सुनील प्रसाद गौड़, गुरदीप सिंह, गुरबा जामुदा, कामेश्वर तिवारी, भरत सिंह, पप्पू शुक्ला, अरविंद रजक, बावन शुक्ला, जित्तु सिंह, अनिल सिंह, संजय प्रसाद, रविन्द्र प्रसाद, हरिहर प्रसाद, फातु हांसदा, नितेश मित्तल, राहुल गोस्वामी, शिदामाचंद्रण हेंब्रम, राजकिशोर प्रसाद, बलजीत सिंह, उदय कुमार सिंह, राजू वर्मा, गुलरेज अख्तर अंसारी, इंतिखाब वारसी, सुभाष उपाध्याय, अजय ओझा, राजा ओझा, संजय चौधरी, शैलेश कुमार, अशोक कुमार सिंह, मो. सागिर, डा. राजू ओझा, काशीनाथ गोस्वामी, राजगिरी सिंह यादव, शशिभूषण प्रसाद, रंजीत झा, अजय मंडल, अइमत दूबे, मनोज कुमार व गोपाल यादव.

**सचिव :** अजीत कुमार सिंह, अरुणा मुखी, मनोज कुमार सिंह, बंटी सिंह राजपूत, परेश मुखी, संजय मिश्रा, अजय महतो, सनत कुमार भोल, रंजीत सिंह कल्लु, प्रवीण महानंद, बालक मिंज, राजा सिंह राजपूत, अरुण बारिक, अनिल कुमार सिंह, सुरेन्द्र प्रसाद सिंह, अजीतेश उज्जैन, इंदूभूषण यादव, अंकुश बनर्जी, अभिजीत सिंह, दिव्यरंजन साहू, एसएस रईस रिजवी, एसआरके कमलेश, मो.सलीम, शाहिद इकबाल खान, रविन्द्र मौर्या, राजकुमार प्रसाद राजू, निरंजन मोहापात्रा, चरणपाल सिंह, अनवारुल हक, इश्तियाक टाकु, रवि दूबे, उमेश शर्मा, सुनील चौबे, रमण खां, सोमवारी सोरेन, त्रिलोक सिंह बिट्टू, लक्ष्मण हेंब्रम, सतीश चंद्र रजक, कैलाश एआर, चेतन लेयांगी, सोनू सोलंकी, सूरज दास, डोमन पूर्ती, लालमोहन जामुदा, सुनील सहाय, उत्तम कुमार गोराई, गीता सिंह, सुशीला पांडेय, रानी राव, बिट्टू सिंह, कौशल प्रधान, दीपक गुप्ता, सुल्तान अहमद, विपिन ठाकुर, संतोष यादव, रमाकांत करुआ, कमर रजा खान, पवन बिहारी ओझा, राखाल सोरेन, बसंत टोपनो, रघुनाथ देवगम, शिबू सिंह बानरा, निमाई मुर्मू, रामप्रकाश राव, पीके सत्पति, सुकुमार मुकुटी,अमृत गुप्ता, राजीव मिश्रा, राजकुमार वर्मा, अमित श्रीवास्तव, अजीत नायक, जयराम हांसदा, इंद्रदेव प्रसाद, सुशील घोष, सुनील तिवारी, राजा कुमार साव, रोहित सिंह, सरोज सिंह, सुशील भगत, विकास मुखी, प्रदीप कुमार, अभय पांडेय, सरोज मार्डी, शहनवाज आलम, कृष्णादेव पातर, संतोष पांडेय, अखिलेश मुखी, गोपाल कुमार राय, अंकित दूबे, धीरज कुमार, शिल्पी चक्रवर्ती, सीमा मोहंती, अनीता कुमारी, शमीम गद्दी, चंदन यादव, आजम शफी, संजय सिंह, संध्या दास व सचिन कुमार सिंह,

**प्रवक्ता :** कुमार गौरव, बलजीत सिंह बक्शी व सूर्या राव. इसके अलावा 25 कार्यकारी सदस्य तथा 41 विशेष आमंत्रित सदस्यों के नाम भी शामिल किये गये हैं.

## संपादकीय

## उपलब्धियों में कितनी उपलब्धि

**हिमाचल** प्रदेश विश्वविद्यालय के प्रांगण में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन तथा 26वें दीक्षांत समारोह के बहाने, शिक्षा की बात जुबां तक आई वरना अब तो केवल सियासी आंखों में ही ऐसे संस्थान बसते हैं। समारोह का आंखों देखा हाल बताता है कि छात्रों ने गौरव के कई क्षण और उपलब्धियों के कई खजाने सौंप कर प्रदेश के सबसे पुराने व अग्रणी विश्वविद्यालय की आंखों में फिर से सुरमा डाला है। यही वजह है कि अति शिक्षित हिमाचल प्रदेश के आंकड़े देख कर देश की पहली नागरिक इस तथ्य को जानकर प्रफुल्लित हुईं कि उच्च शिक्षा में एक लाख छात्रों की तादाद की सत्तर फीसदी बेटियां, समाज के दर्पण को ऊंचा कर रही हैं। विश्वविद्यालय में 99 पीएचडी उपाधि प्राप्त छात्रों के नाम पर बजी तालियों में से 59 छात्राओं का योगदान, हर घर में बेटी का सम्मान है, तो 111 स्वर्ण पदकों का वितरण भी 77 बेटियों को आगे कर देता है। यह उपलब्धियों में उपलब्धि है कि शिक्षा के आधुनिक अवतरण में हिमाचल की बेटियां मीलों आगे हैं। स्कूल, कालेज से विश्वविद्यालय ही नहीं, बल्कि खेल के मैदान से सेना के अधिमान तक हिमाचल की बेटियां नित नए कीर्तिमान हासिल कर रही हैं। अभी दो दिन पहले ही जिस जिद्दत से पर्वतारोही बलजीत कौर ने बर्फ के पहाड़ से लड़ाई कर, खुद को बचाया वह पूरे विश्व के लिए प्रेरणादायक है। इसमें दो राय नहीं कि इस पर्वतीय राज्य ने पहाड़ पर शिक्षा का पहाड़ चढ़ा दिया, लेकिन बात सिर्फ डिग्री धारक बनने की नहीं, जीवन में सफलता के एहसास को जीतने की है। शिमला विश्वविद्यालय के माध्यम से हिमाचल का शैक्षणिक इतिहास कभी डिग्रियों को ही स्वर्णिम बना देता था। हर विभाग के कक्ष में विचारों का तापमान जब तक उच्च रहा, तब तक शिक्षा के उस दौर ने कई नगीने पैदा किए, लेकिन अब छात्र जिज्ञासाओं के समुद्र से अध्ययन की परिपाटी अतृप्त क्यों है। क्यों एमबीए की डिग्री अब उस वातावरण को हार रही है, जो कभी सीधे देश की श्रेष्ठ यूनिवर्सिटियों के मुकाबले नाम कमाती थी। आए दिन शिमला विश्वविद्यालय अपने ही कारणों से ऐसी चिंताओं का घर बन गया, जहां प्रदेश भी अब कई विश्वविद्यालयों में विभक्त हो चुका है। छात्र राजनीति के कई सूरमा पैदा करके भी यह उच्च शिक्षा संस्थान आए दिन क्यों हिंसक उन्माद के नंगे नाच में फंस जाता है। बहरहाल हिमाचल में एक विवाद शिमला के बर अकस खड़े किए गए मंडी विश्वविद्यालय के औचित्य पर उठा है और जहां पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने इसे बंद करने की आशंका प्रकट की है। आश्चर्य यह कि शिक्षा के तर्कों से परे राजनीतिक फैसलों की छांव में विश्वविद्यालयों की स्थापना भी अब एक खास तरह की सियासी जरूरत बना दी गई है। प्रदेश में कृषि, बागबानी, मेडिकल, तकनीकी, केंद्रीय व मंडी विश्वविद्यालयों की खेप में उपलब्धियां अगर डिग्रियां हैं, तो हम युवाओं का सही नेतृत्व नहीं कर रहे। किसी समय कृषि विश्वविद्यालय की जरूरत समझी गई होगी, लेकिन अगर हिमाचल में कुल दस गेहूं खरीद केंद्र स्थापित करके भी चार मंडियों में एक भी किसान गेहूं बेचने नहीं आता, तो कहीं संबंधी विश्वविद्यालय के औचित्य पर भी प्रश्न उठता है। जहां फलोत्पादक निजी नर्सरियों के भरोसे फल पौधों की खरीद पर भरोसा करते हों या किसान के लिए हर तरह के बीज शहर से आते हों, तो बागबानी तथा कृषि विश्वविद्यालयों की प्रासंगिकता का सवाल पैदा होता है। हिमाचल शिक्षा को विस्तृत और उच्च आयाम तक पहुंचाने के बजाय शिक्षण संस्थानों के कंगूरे खड़े कर रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से मेडिकल कालेजों की मिट्टी भले ही पलीद हो चुकी है, लेकिन दिल है कि एक अदद मेडिकल यूनिवर्सिटी बना कर भी मानता नहीं। तकनीकी विश्वविद्यालय को सजाने से पहले कितने इंजीनियरिंग कालेज मनहूस होकर मर गए, किसी के पास जवाब नहीं। ऐसे में फैकल्टी के नाम पर हुई विसंगतियों पर चर्चा के बजाय सियासत सिर्फ यह छाती पीट रही है कि हाय! मेरी यूनिवर्सिटी, हाय उसकी यूनिवर्सिटी। यूनिवर्सिटी जैसे संस्थान भी अगर क्षेत्रवाद की जद में हैं तो शिमला विश्वविद्यालय का इतिहास और गौरव यूं ही छीना जाएगा ताकि कहीं अन्यत्र खुला विश्वविद्यालय पुचकारा जा सके। राज्य के पहले विश्वविद्यालय के प्रति सरकार को गंभीरता से इसकी श्रेष्ठ दमक को बरकरार रखने के उपाय सोचने होंगे।

> विश्वविद्यालय में 99 पीएचडी उपाधि प्राप्त छात्रों के नाम पर बजी तालियों में से 59 छात्राओं का योगदान, हर घर में बेटी का सम्मान है, तो 111 स्वर्ण पदकों का वितरण भी 77 बेटियों को आगे कर देता है। यह उपलब्धियों में उपलब्धि है कि शिक्षा के आधुनिक अवतरण में हिमाचल की बेटियां मीलों आगे हैं। स्कूल, कालेज से विश्वविद्यालय ही नहीं, बल्कि खेल के मैदान से सेना के अधिमान तक हिमाचल की बेटियां नित नए कीर्तिमान हासिल कर रही हैं। अभी दो दिन पहले ही जिस जिद्दत से पर्वतारोही बलजीत कौर ने बर्फ के पहाड़ से लड़ाई कर, खुद को बचाया वह पूरे विश्व के लिए प्रेरणादायक है। इसमें दो राय नहीं कि इस पर्वतीय राज्य ने पहाड़ पर शिक्षा का पहाड़ चढ़ा दिया, लेकिन बात सिर्फ डिग्री धारक बनने की नहीं, जीवन में सफलता के एहसास को जीतने की है। शिमला विश्वविद्यालय के माध्यम से हिमाचल का शैक्षणिक इतिहास कभी डिग्रियों को ही स्वर्णिम बना देता था।

## कुछ अलग

## सबसे ज्यादा हिंदुस्तानी

**संयुक्त** राष्ट्र जनसंख्या कोष की ताजा रपट के मुताबिक, भारत सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है। चीन को पीछे छोड़ दिया गया है। फरवरी, 2023 तक के आंकड़ों के अनुसार, भारत की आबादी 142.86 करोड़ और चीन की 142.57 करोड़ है। भारतीय चीनियों की तुलना में 29 लाख अधिक हो गए हैं। यह सिलसिला अब जारी रहेगा, क्योंकि हमारी औसत प्रजनन दर करीब 2 फीसदी है, लिहाजा आबादी लगातार बढ़ती रहती है। जब भारत अपनी आजादी का शतक पूरा कर चुका होगा, उसके बाद 2050 में हमारी आबादी 166.8 करोड़ से ज्यादा होगी। चीन से तुलना बंद कर देनी चाहिए, क्योंकि 2100 आने तक उसकी आबादी सिकुड़ कर 76 करोड़ के करीब रह सकती है। भारत दुनिया का सबसे 'युवा देश' है। करीब 66 फीसदी आबादी 35 साल की उम्र से कम है। भारत में 15-64 आयु-वर्ग की आबादी करीब 68 फीसदी है। इस आयु-वर्ग को 'कामकाजी' माना जाता है। 19-40 के आयु-वर्ग के 53 करोड़ हिंदुस्तानी हैं, जो अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उन्हीं के दम पर भारत 'मैन्यूफैक्चरिंग हब' बनेगा। युवा आबादी हमारे लिए 'शक्ति-पुंज' है। दुनिया का सबसे बड़ा बाजार, सबसे युवा कार्य-बल और सबसे सस्ता श्रम-बल भारत में उपलब्ध है, लिहाजा हम दुनिया के 'बाजार-बादशाह' हैं। दुनिया के उदाहरण सामने हैं कि यदि अमरीका, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया सरीखे देशों ने असीम सफलताएं हासिल की हैं, तो सिर्फ अपनी युवा आबादी के बल पर ही**...**। चूंकि अब उनकी आबादी बुढियाने लगी है, तो काम के संकट भी पैदा हो रहे हैं। सामूहिक ताकत, ऊर्जा, कौशल, कारोबार, उत्पादन आदि के संदर्भ में 'सबसे ज्यादा हिंदुस्तानी' होने की खबर सुखद है। उम्मीद और संभावनाओं के व्यापक आसमान खोलती है, लेकिन चिंताएं और चुनौतियां भी मौजूद हैं। दुनिया की 800 करोड़ से ज्यादा की आबादी में भारत की हिस्सेदारी 17.77 फीसदी है, लेकिन हमारा भू-भाग मात्र 2.5 फीसदी है। संसाधन भी सीमित हैं। हालांकि भारत की इतनी आबादी होने के बावजूद हमारे सामने भुखमरी और सूखा-अकाल के हालात नहीं हैं, लेकिन देश के रेलवे स्टेशन, बस अड्डों, मेट्रो स्टेशनों, अस्पताल, स्कूल, बाजारों, राशन के डिपो से लेकर 5 किलो मुफ्त अनाज के वितरण-केंद्रों आदि तक पर जब जन-सैलाब देखते हैं, तो असंतुलन का खौफ पैदा होने लगता है। असंख्य चेहरे आंदोलित होते हैं, किसान अपनी फसल को जलाने को विवश होते हैं और बेरोजगार युवा आक्रोश में आकर तोड़-फोड़ करने लगते हैं, तो आबादी का 'शक्ति-पुंज' ही देश को जलाता हुआ लगता है। सब कुछ सवालिया हो जाता है। बेशक भारत में बहुत कुछ बदल चुका है। देश में करीब 50 करोड़ कामगार हैं। यदि 15 साल से अधिक उम्र के कामगारों को भी जोड़ लिया जाए, तो यह आंकड़ा 100 करोड़ को छू सकता है। इतने कामगार दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं। चीन को छोड़ दें, तो अमरीका, यूरोप, अफ्रीका की इतनी आबादी भी नहीं है। देश की तकनीकी कंपनियों में करीब 54 लाख लोग कार्यरत हैं। 2022-23 के दौरान इन कंपनियों ने 2.90 लाख लोगों को नौकरियां दी हैं। मार्च तिमाही में रोजगार दर करीब 37 फीसदी थी। हमारे देश में महिला कामगारों की संख्या भी काफी है, हालांकि इस संदर्भ में अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है।

## भारतीय या हिंदू सामाजिक व्यवस्था में इन जातियों के साथ इनकी जाति के कारण ही भेदभाव किया जाता है

# अनुसूचित जाति आरक्षण में नए दावेदार

**कुलदीप चंद अग्निहोत्री**

> कुछ लोग राजेन्द्र सच्चर और रंगनाथ मिश्रा की रपटों की भारी भरकम पोथियां लेकर उच्चतम न्यायालय की ओर भागते देखे गए। तर्क पर तर्क दिए जा रहे हैं। किसी भी तरीके से आरक्षण दिलवाना है, नहीं तो महमूद गजनवी से लेकर औरंगजेब तक का सब किया कराया मिट्टी में मिल जाएगा। प्रश्न यह है कि एटीएम मुसलमानों के लिए किस आधार पर आरक्षण मांग रहा है? एटीएम का कहना है कि इन मुसलमानों में भी जाति है। यदि कोई यह कहता है कि वह मुसलमान भी है और उसकी जाति भी है तो या तो वह झूठ बोल रहा है या फिर वह मुसलमान नहीं है। दोनों बातें एक साथ नहीं हो सकती। इस्लाम में जाति व्यवस्था नहीं है।

**भारत** की कुछ जातियों की एक सूची तैयार की गई है जिसके कारण इन जातियों को अनुसूचित जाति के नाम से जाना जाता है। अंग्रेजी भाषा में इसे संक्षेप में एससी कहा जाता है। इस सूची में शामिल जातियों के लोगों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिए जाने का प्रावधान है। भारतीय या हिंदू सामाजिक व्यवस्था में इन जातियों के साथ इनकी जाति के कारण ही भेदभाव किया जाता है। उनके साथ दूसरी जातियों के लोग खाते-पीते नहीं हैं। उनकी बस्तियां गांव से बाहर होती हैं। इतना ही नहीं कई जातियों को तो अछूत ही मान लिया जाता है। शादी विवाह में खाने के लिए इन जातियों के लोगों की पंक्ति कई जगह अलग लगा दी जाती है। यह हिंदू समाज का भीतरी रोग है जिसे दूर करने के अनेक उपाय सदियों से होते रहे हैं। बाबा साहिब अंबेडकर ने एक बार कहा था कि यह हिंदू समाज का गुण है कि वह समय समय पर अपने भारत आ गई बीमारियों को दूर करने के प्रयास भी करता रहता है। भेदभाव की बीमारी को दूर करने और सामाजिक समरसता स्थापित करने के अनेक उपाय किए जाते रहे हैं। उनमें से एक उपाय है अनुसूचित जातियों का सशक्तिकरण। सरकारी नौकरियों में आरक्षण उनमें से मात्र एक प्रावधान है। सत्ता में भागीदारी दूसरा प्रावधान है। यही कारण है कि विधान सभाओं व लोकसभा में भी अनुसूचित जातियों के प्रत्याशियों के लिए कुछ सीटें आरक्षित रखी जाती हैं। लेकिन पिछले कुछ दशकों से भारत में रह रहे एटीएम (अरब, तुर्क, मुगल-मंगोल) मूल के मुसलमान एक बड़े अभियान में लगे हुए हैं। उनकी कोशिश है कि भारत के देसी मुसलमान (डीएम) को भी अनुसूचित जाति की तर्ज पर आरक्षण दिलवाया जाए। लेकिन उनके दुर्भाग्य से इस्लाम में जाति की कोई अवधारणा नहीं है। सामाजिक व्यवस्था में जाति की अवधारणा केवल हिंदू समाज में ही है। यह सामाजिक व्यवस्था अच्छी है या बुरी है, यह एक अलग प्रश्न है। लेकिन इस व्यवस्था के अस्तित्व से कोई इन्कार नहीं कर सकता। जिनको आज की वैधानिक शब्दावली में एससी कहा जाता है, उनमें से बहुत सी जातियां एटीएम के शासन काल में इस्लाम में शामिल कर ली गई थीं। ऐसा नहीं कि इन जातियों ने इसका विरोध नहीं किया। बल्कि यदि इतिहास को सही रूप से परखा जाए तो अरबों, तुर्कों व मुगल हमलावरों से स्थान स्थान पर इन्हीं जातियों के लोगों ने मुकाबला किया। परन्तु हमलावरों की विजय के बाद, इसका




सबसे ज्यादा दंश भी इन्हीं जातियों को झेलना पड़ा। इनको इस्लाम में शामिल किया जाना भी इसी का परिणाम था। परन्तु 1947 के बाद देश में से सभी विदेशी शासकों मसलन- अरबों, तुर्कों, मुगलों, पुर्तगालियों, फ्रांसीसियों व अंग्रेजों के शासन का अन्त हो गया। देश में लोकतन्त्र की स्थापना हुई। नई शासन व्यवस्था में अनुसूचित जातियों को भी हिस्सेदारी मिली। इसलिए यह सुगबुगाहट भी होने लगी कि इन जातियों के जो लोग इस्लाम में धकेल दिए गए थे, वे वापिस अपने घर लौट आएं। इस सुगबुगाहट से एटीएम मूल के मुसलमान घबरा गए। उनकी घबराहट समझ में आती थी। एटीएम भारत में अभी भी इन्हीं देसी मुसलमानों के बलबूते अपना उल्लू सीधा कर रहा है। उनकी संख्या आटे में नमक के बराबर भी नहीं है, लेकिन वह देसी मुसलमानों को हांक कर, उनके संख्या बल पर विधान सभाओं या लोकसभा में पहुंचता है। देसी मुसलमान को मजहब की घुट्टी पिला कर स्वयं नौकरशाही में बड़े पद झटक लेता है। एटीएम को लगता है यदि देसी मुसलमान हिल गया तो एटीएम की हवेलियां धराशायी हो जाएंगी। इसलिए वह उसे आश्वस्त कर रहा है कि आप को भी अनुसूचित जाति की तजर्.पर आरक्षण दिलवा दिया जाएगा। लेकिन यह कैसे सम्भव हो सकता है? बाबा साहिब अंबेडकर ने भी इस प्रश्न पर गहराई से विचार किया था। लेकिन उन्होंने देसी मुसलमान के लिए संविधान में आरक्षण की व्यवस्था करने से इन्कार कर दिया था। एटीएम ने इसका भी चोर दरवाजा खोज निकाला था। उसने सोनिया कांग्रेस से तालमेल बिठा कर भीमसेन सच्चर, जिन्होंने 1947 के बाद पाकिस्तान संविधान सभा का सदस्य बने रहने को वरीयता दी थी, के सुपुत्र राजेन्द्र सच्चर की अध्यक्षता में एक कमेटी बना दी थी। इस कमेटी ने अपनी रपट में कहा था कि भारत में मुसलमानों के साथ बहुत ही अन्याय हो रहा है। उनका शोषण हो रहा है और वे अत्यन्त पिछड़े हुए हैं। उसके कुछ साल बाद, यूपीए की सरकार ने ओडीशा के एक सज्जन रंगनाथ मिश्रा, जो कभी उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश भी रह चुके थे, की अध्यक्षता में एक दूसरा आयोग गठित किया। इस आयोग ने भी राजेन्द्र सच्चर कमेटी की तजर्.पर वही घोषणा की कि देसी मुसलमान के साथ घोर अन्याय हो रहा है। जाहिर है यह सारी कसरत इसलिए की जा रही थी कि कल को न्यायालय में जाकर इन महापुरुषों की रपटों को सबूत के तौर पर पेश किया जा सके और देसी मुसलमानों के लिए भी आरक्षण की मांग की जा सके। एक बार उनको आरक्षण दिलवा दिया तो उनका अपने पुराने पुश्तैनी घर में चले जाने का ख़तरा टल जाएगा और एटीएम इस भीड़ में छिप कर फिर मौज करेगा। और सचमुच जिसका शक था, वही हुआ। कुछ लोग राजेन्द्र सच्चर और रंगनाथ मिश्रा की रपटों की भारी भरकम पोथियां लेकर उच्चतम न्यायालय की ओर भागते देखे गए। तर्क पर तर्क दिए जा रहे हैं। किसी भी तरीके से आरक्षण दिलवाना है, नहीं तो महमूद गजनवी से लेकर औरंगजेब तक का सब किया कराया मिट्टी में मिल जाएगा। प्रश्न यह है कि एटीएम मुसलमानों के लिए किस आधार पर आरक्षण मांग रहा है? एटीएम का कहना है कि इन मुसलमानों में भी जाति है। यदि कोई यह कहता है कि वह मुसलमान भी है और उसकी जाति भी है तो या तो वह झूठ बोल रहा है या फिर वह मुसलमान नहीं है। दोनों बातें एक साथ नहीं हो सकती। इस्लाम में जाति व्यवस्था नहीं है। यह सामाजिक व्यवस्था केवल हिंदू समाज में ही है। अब एटीएम क्या यह मांग कर रहा है कि पहले तो उच्चतम न्यायालय इस्लाम की मूल अवधारणा में 'जाति की अवधारणा' ट्रांसप्लांट करे और यह कठिन काम निपटाने के बाद कुछ निश्चित जातियों को आरक्षण की व्यवस्था करे। लेकिन मुख्य प्रश्न यही है कि क्या हजरत मोहम्मद द्वारा स्थापित और पारिभाषित इस्लाम की मूल अवधारणा को किसी एक देश, उदाहरण के लिए भारत की न्यायपालिका बदल सकती है? सुनवाई के दौरान शायद भारत के मुख्य न्यायाधीश इसी का जवाब मांग रहे थे। एटीएम के पास क्या इसका कोई उत्तर है? उत्तर हो ही नहीं सकता क्योंकि एटीएम मूल के मुसलमानों की अपनी कोई जाति नहीं है।

# स्कूलों में लागू करें फिटनेस कार्यक्रम

> नया शिक्षण सत्र शुरू हो रहा है। क्या इस बार सरकारी स्कूल अपने यहां या कोई निजी स्कूल पहल करेगा? शिक्षण विषयों के रिपोर्ट कार्ड की तरह स्वास्थ्य के मानकों का रिपोर्ट कार्ड भी प्रत्येक विद्यार्थी का हर स्कूल में अनिवार्य रूप से हो। क्योंकि भाषा व अन्य शिक्षण विषयों की तरह ही स्वास्थ्य के मूल स्तंभ स्पीड, स्ट्रेंथ, इडोरैंस व लचक आदि का प्रयोगिक प्रशिक्षण भी उसी उम्र में शुरू करना होता है। शिक्षण विषयों के लिए तो स्कूलों के पास शिक्षक सहित पूरा प्रबंध है, मगर स्वास्थ्य के घटकों को विकसित करके उनका मूल्यांकन करने की कोई भी सुविधा आज तक उपलब्ध नहीं हो पाई है। इस कॉलम के माध्यम से कई बार इस विषय पर स्कूलों व अभिभावकों को चेताया जा चुका है, मगर कोई भी समझने के लिए तैयार नहीं है। किसी भी देश को इतनी क्षति युद्ध या महामारी से नहीं होती है जितनी तबाही नशे के कारण हो सकती है। आज जब देश के अन्य राज्यों सहित हिमाचल प्रदेश में भी नशा युवा वर्ग पर ही नहीं किशोरों तक चरस, अफीम, स्मैक, नशीली दवाओं तथा दूरसंचार के माध्यमों के दुरुपयोग से शिकंजा कस रहा है, इसलिए सरकार, स्कूल प्रबंधन व अभिभावकों को इस विषय पर जरूरी कदम जल्दी ही उठा लेने चाहिए।

**कई** वर्षों से स्कूली स्तर पर फिटनेस कार्यक्रम शुरू करने की बात इस कॉलम के माध्यम से हो रही है, मगर हिमाचल प्रदेश का कोई भी सरकारी या निजी स्कूल अपने यहां फिटनेस कार्यक्रम लागू करने में नाकाम रहा है। नया शिक्षण सत्र शुरू हो रहा है। क्या इस बार सरकारी स्कूल अपने यहां या कोई निजी स्कूल पहल करेगा? शिक्षण विषयों के रिपोर्ट कार्ड की तरह स्वास्थ्य के मानकों का रिपोर्ट कार्ड भी प्रत्येक विद्यार्थी का हर स्कूल में अनिवार्य रूप से हो। क्योंकि भाषा व अन्य शिक्षण विषयों की तरह ही स्वास्थ्य के मूल स्तंभ स्पीड, स्ट्रेंथ, इडोरैंस व लचक आदि का प्रयोगिक प्रशिक्षण भी उसी उम्र में शुरू करना होता है। शिक्षण विषयों के लिए तो स्कूलों के पास शिक्षक सहित पूरा प्रबंध है, मगर स्वास्थ्य के घटकों को विकसित करके उनका मूल्यांकन करने की कोई भी सुविधा आज तक उपलब्ध नहीं हो पाई है। इस कॉलम के माध्यम से कई बार इस विषय पर स्कूलों व अभिभावकों को चेताया जा चुका है, मगर कोई भी समझने के लिए तैयार नहीं है। किसी भी देश को इतनी क्षति युद्ध या महामारी से नहीं होती है जितनी तबाही नशे के कारण हो सकती है। आज जब देश के अन्य राज्यों सहित हिमाचल प्रदेश में भी नशा युवा वर्ग पर ही नहीं किशोरों तक चरस, अफीम, स्मैक, नशीली दवाओं तथा दूरसंचार के माध्यमों के दुरुपयोग से शिकंजा कस रहा है, इसलिए सरकार, स्कूल प्रबंधन व अभिभावकों को इस विषय पर जरूरी कदम जल्दी ही उठा लेने चाहिए। यदि विद्यार्थी किशोरावस्था में नशे से बच जाता है तो वह फिर युवावस्था आते-आते समझदार हो गया होता है। माध्यमिक से वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को विभिन्न विद्याओं में व्यस्त रखने के साथ-साथ शारीरिक फिटनेस की तरफ मोडना बेहद जरूरी हो जाता है। मानव का सर्वांगीण विकास शिक्षा के बिना अधूरा है। शिक्षा की परिभाषा में साफ-साफ लिखा है कि यहां शारीरिक व मानसिक दोनों तरह से बराबर विद्यार्थियों का विकास करना है जिससे वे आगे चलकर जीवन को सफलतापूर्वक खुशहाल जी सकें। शारीरिक विकास के लिए खेलों के माध्यम से फिटनेस कार्यक्रम बहुत जरूरी हो जाता है। खेल ही वह माध्यम है जिसके द्वारा विद्यार्थी को नशे से दूर रखा जा सकता है। पड़ोसी राज्य पंजाब एक समय तरक्की में देश का अग्रणी राज्य रहा है। खेलों में उत्कृष्टता उस प्रदेश की तरक्की व खुशहाली का भी पैमाना होती है। पंजाब में हजारों प्रशिक्षक विभिन्न खेलों में खेल प्रशिक्षण के लिए नियुक्त होने के साथ-साथ खेल प्रशिक्षण के लिए आधारभूत ढांचा होना वहां के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का प्रमुख कारण रहा था। बाद में जब पंजाब धीरे-धीरे खेलों से दूर हुआ तो पहले वहां आतंकवाद और फिर आजकल पंजाब नशे का अड्डा बना हुआ है। यही कारण है कि हर क्षेत्र में आज हरियाणा पंजाब से काफी आगे निकल गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने एशियाई, राष्ट्रमंडल व ओलंपिक खेलों में पदक विजेता होने पर खिलाडियों को करोड़ों रुपए के नगद ईनाम व सम्मानजनक नौकरी देकर हरियाणा में खेलों के लिए बहुत ही उपयुक्त बातावरण तैयार किया है। उसी का नतीजा है कि आज हरियाणा का हर किशोर व युवा किसी न किसी खेल के मैदान में नजर आता है। हिमाचल प्रदेश में भी पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने प्रदेश की खेलों के लिए अपने पहले कार्यकाल से ही कई महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हिमाचल प्रदेश में कई खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्ले फील्ड, सरकारी नौकरियों में तीन प्रतिशत आरक्षण तथा देश में प्रशिक्षक कैडर डाईंग हो जाने के बाद पहली बार प्रशिक्षकों की भर्ती बहुत बड़े खेल सुधार किए। हिमाचल प्रदेश की खेल सुविधाओं का प्रयोग राज्य में स्वास्थ्य व खेलों के लिए बड़े स्तर पर करना चाहिए। हिमाचल प्रदेश इस समय शिक्षा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में गिना जाता है।



फिछले कुछ दशकों से हिमाचल प्रदेश के नागरिकों की फिटनेस में बहुत कमी आई है। इसका प्रमुख कारण है विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के लिए किसी भी प्रकार के फिटनेस कार्यक्रम का न होना। रट्टे वाली पढ़ाई की होड़ में हम विद्यार्थियों की फिटनेस को ही भूल गए हैं। हिमाचल प्रदेश की अधिकांश आबादी गांव में रहती थी। वहां पर सवेरे-शाम वर्षों पहले विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ कृषि व अन्य घरेलू कार्यों में सहायता करता था। विद्यालय आने-जाने के लिए कई किलोमीटर दिन में पैदल चलता था। इसलिए उस समय के विद्यार्थी को किसी भी प्रकार के फिटनेस कार्यक्रम की कोई जरूरत नहीं थी। आज का विद्यार्थी घर के आंगन में बस पर सवार होकर विद्यालय के प्रांगण में उतरता है। पढ़ाई के नाम पर ज्यादा समय खर्च करने के कारण फिटनेस के लिए कोई समय नहीं बचता है। अधिकांश स्कूलों के पास फिटनेस के लिए न तो आधारभूत ढांचा है और न ही कोई कार्यक्रम है। आज का विद्यार्थी फिटनेस व मनोरंजन के नाम पर दूरसंचार माध्यमों का कमरे में बैठ कर खूब दुरुपयोग कर रहा है। ऐसे में विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास की बात मजाक लगती है। आज के विद्यार्थी के लिए विद्यालय या घर पर आधे घंटे के फिटनेस कार्यक्रम की सख्त जरूरत है। इसमें 15 से 20 मिनट धीरे-धीरे दौडना तथा विभिन्न कोणों पर शरीर के जोड़ों की विभिन्न क्रियाओं को पूरा करने के बाद शरीर को कूलडाऊन करना होगा। कम से कम बीस मिनटों तक तेज चलने, दौडने व शारीरिक क्रियाओं के करने से रक्त वाहिकाओं में रक्त संचार तेज हो जाता है। उससे हर मसल को उपयुक्त मात्रा में प्राणवायु मिलने से उसका समुचित विकास होता है।

## देश दुनीया से

## समलैंगिकता 'कुदरत' के खिलाफ

**सर्वोच्च** अदालत के पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने समलैंगिक शादी को कानूनी-सामाजिक मान्यता देने और 'स्पेशल मैरिज एक्ट' में संशोधन करने पर एक नई बहस शुरू की है। संविधान पीठ शादी की नई व्याख्या भी कर सकती है। कानून में 'पुरुष' और 'स्त्री' शब्दों के स्थान पर 'जीवन-साथी' शब्द स्थापित किया जा सकता है। ऐसी दलीलें सामने आई हैं। बहस से पहले यह सबसे अहम है कि क्या समलैंगिक यौन संबंध नैसर्गिक और प्राकृतिक हैं? क्या उन्हें 'अनैतिक' और 'गलत' करार नहीं दिया जाना चाहिए? सर्वोच्च अदालत ने 2018 में धारा 377 के तहत समलैंगिकता को 'अपराध' की श्रेणी से मुक्त किया था, लिहाजा उसे कुछ स्वीकृति मिली थी, लेकिन उसके मायने ये नहीं हैं कि प्रकृति की संरचनाओं से खिलवाड़ किया जाए। कुदरत ने सभी जीवों, प्राणियों में 'नर-मादा' की संरचना की है। उनके भीतर ऐसे समीकरण, प्रक्रियाएं तैयार की हैं कि दोनों का 'मिलन' एक और प्राणी को जन्म देता है। समलैंगिकों का जन्म भी इसी तरह हुआ है। जन्म और संरचना की यह प्रक्रिया एकदम 'दैवीय' लगती है। जिस तरह एक नए जीव का मस्तिष्क, चेहरा-मोहरा, शारीरिक अंग, हृदय और दूसरे हिस्से और उंगलियों पर लकीरें आदि हम देखते हैं, उन्हें कौन गढ़ता है? हम अचंभित होते रहते हैं कि 'नर-मादा' के मिलन से ही ऐसी संरचना कैसे बन जाती है? हमारे वेद, पुराण, उपनिषद आदि प्राचीन महाग्रंथों में जीव, प्राणी की संरचना, आत्मा और ब्रह्मांड के निरंतर निर्माण के संदर्भ में उल्लेख हैं और व्याख्याएं भी की गई हैं। कोई संविधान, कानून और व्यक्तिपरक बौद्धिकता ऐसी नैसर्गिक और प्राकृतिक संरचनाओं की समीक्षा नहीं कर सकते। यह व्यक्ति की क्षमताओं से बहुत परे है। उनके खिलाफ कानूनी प्रावधान स्थापित नहीं कर सकते। भारतीय सभ्यता और संस्कृति में 'विवाह' को एक पवित्र संस्कार माना गया है। यह एक सामाजिक संस्थान भी है। विवाह के जरिए वंश-वृद्धि को सामाजिक मान्यता और स्वीकृति मिली है। समाज और दुनिया ऐसे ब्याहता जोड़े को सम्मान की दृष्टि से देखते हैं। जीव और मानवीय लैंगिकता उनके 'जननांग' से ही परिभाषित होती है। वैचारिक लैंगिकता उसके बाद ही आती है। अदालत कोई नई परिभाषा तय करना चाहती है, तो हम उसका भी आकलन करेंगे और फिर व्याख्या भी करेंगे। यह आधुनिक मतिभ्रम हो सकता है कि समलैंगिक होना भी 'प्रगतिशील' लगे। किन देशों में, किन स्थितियों में इसे कानूनी-सामाजिक-मानसिक मान्यता मिली है, उससे हमें ज्यादा सरोकार नहीं है। समलैंगिक भी भारत देश के नागरिक हैं, लिहाजा उनके मौलिक और संवैधानिक अधिकार भी सुरक्षित हैं। नर-नर और मादा-मादा का विवाह न तो मौलिक अधिकार है, अलबत्ता उन्हें भी शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, आजीविका आदि के अधिकार प्राप्त होने चाहिए। उनकी मनोविकृति शारीरिक स्तर पर है, उसका निदान किया जाना चाहिए। समलैंगिक संबंध और शादी के अधिकार और मान्यता का ही सवाल नहीं है। परिवार और संबंध से जुड़े पर्सनल लॉ, बच्चे गोद लेने का अधिकार, उत्तराधिकार एवं संपत्ति के अधिकार भी ऐसे संवेदनशील मुद्दे हैं, जिन पर बड़े विवाद पनपते रहे हैं और संबंधों का ताना-बाना भी बिखर सकता है। जिस स्तर पर समलैंगिकता की समीक्षा की जा रही है, वह स्तर भी देश के लोगों का प्रतिनिधित्व नहीं करता। लोकतंत्र में यह स्वीकार्य कैसे हो सकता है? यदि चर्चा की जानी है, तो सबसे पहले संसद में की जाए। यह उसी के अधिकार-क्षेत्र का विषय है। यह विशुद्ध रूप से कानून और अपराध का मामला नहीं है। संसद में प्रस्ताव पारित हो जाए, तो फिर संविधान पीठ उसकी विवेचना कर सकती है।

> कानून में 'पुरुष' और 'स्त्री' शब्दों के स्थान पर 'जीवन-साथी' शब्द स्थापित किया जा सकता है। ऐसी दलीलें सामने आई हैं। बहस से पहले यह सबसे अहम है कि क्या समलैंगिक यौन संबंध नैसर्गिक और प्राकृतिक हैं? क्या उन्हें 'अनैतिक' और 'गलत' करार नहीं दिया जाना चाहिए? सर्वोच्च अदालत ने 2018 में धारा 377 के तहत समलैंगिकता को 'अपराध' की श्रेणी से मुक्त किया था, लिहाजा उसे कुछ स्वीकृति मिली थी, लेकिन उसके मायने ये नहीं हैं कि प्रकृति की संरचनाओं से खिलवाड़ किया जाए। कुदरत ने सभी जीवों, प्राणियों में 'नर-मादा' की संरचना की है। उनके भीतर ऐसे समीकरण, प्रक्रियाएं तैयार की हैं कि दोनों का 'मिलन' एक और प्राणी को जन्म देता है। समलैंगिकों का जन्म भी इसी तरह हुआ है। जन्म और संरचना की यह प्रक्रिया एकदम 'दैवीय' लगती है।

## नागरिक बोध

## विपक्षी दलों में भाजपा और मोदी के खिलाफ गुस्सा और उदासी

**राजनीतिक** बैरोमीटर बता रहा है कि विपक्षी दल और उसके नेता चुनाव में पराजय, खासकर पूर्वोतर राज्यो में हार के कारण सकते में है। भाजपा और मोदी विरोधी खेमे में उदासी है। उदासी से ज्यादा गुस्सा है। अडाणी पर बयान से घिरे राहुल ने ब्रिटेन में भारत में लोकतंत्र को खतरा बताया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सूरत की कोर्ट ने सजा सुनाने के बाद कांग्रेस तिलमिला उठी। उससे ज्यादा आपत्ति कांग्रेस और राहुल को उस समय हुई, जब राहुल का लोकसभा सदस्यता खत्म हो गई। इसलिए कांग्रेस और उनके सभी साथी पक्षो को मोदी और भाजपा फूटी आंख नही सुहाते है। विपक्ष कई बार विचार करता है कि मोदी को उन नीतियों के लिए कैसे इतना बड़ा जनसमर्थन मिल गया जिसे विपक्ष के लोग भारतीय लोकतंत्र और सेक्युलर ढांचे के खिलाफ मानते है। 1977 में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की जनता पार्टी से भयंकर हार का सामना करना पड़ा और उसके हाथ से सत्ता निकल गई। तब वह न तो हताश हुई और न ही नाराज। उन्होंने हार को अवसर माना और वह फिर से पार्टी को खड़ा कर सके ताकि राजनीतिक वापसी हो सके। कार्यवाहक प्रधानमंत्री बीड़ी जट्टी को अपना इस्तीफा देने के बाद जब वह संवाददाताओं से मिली तो बोली जनता का यह सामूहिक निर्णय है जिसका सम्मान होना ही चाहिए। वह 1977 का वर्ष था। 1975 में संजय गांधी ने इमरजेंसी लगवाने और जनता ओर अनुशासन के नाम पर जुल्म ढाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। सच्चाई को समझने वाले संजय गांधी ने कांग्रेस की हार में अपनी भूमिका मानकर माफी मांग ली। लेकिन हमने ऐसी कोई बात राहुल गांधी से नही सुनी। अभी हाल ही में सूरत में कोर्ट में माफी मांगने के लिए कोर्ट ने सलाह दी। लेकिन माफी नही मांगी। माफी मांग लेते तो लोकसभा की सदस्यता और दो वर्ष की सजा की घटनाओं को सहज रोका जा सकता है। राहुल ने सूरत में सजा माफ करने की प्रार्थना की थी, लेकिन कोर्ट में सजा बरकरार रखी है। अहंकार के आड़े राहुल माफी नही मांगते है। भले ही कांग्रेस के दिग्गज नेताओं को मोदी का विकास बेमानी लगता है लेकिन पी चिदंबरम के आलेख में मोदी की प्रशंसा की है। कांग्रेस की नीतियों में बदलाव की जरूरत है। कांग्रेस सन 47 की नीतियों पर है। जबकि सच्चाई यह है कि आज हर इंसान की नीतियों, आर्थिक स्वावलंबन और रहन सहन के साथ विचारधारा भी बदली गई है। लेकिन कांग्रेस उसी नीतियों का अनुसरण कर रही है। जिसके कारण कांग्रेस को पीछेहट करना पड़ रहा है। नेता मणिशंकर अय्यर ने मोदी की टीका करते हुए कहा कि चायवाला कभी भी प्रधानमंत्री नही बन सकता है। हम अपने सम्मेलन स्थल पर उसको चाय बेचने को कुछ जगह दे सकते है।

# धूमधाम से मनाया ईद त्यौहार मस्जिद में नमाज पढ़ एक दुसरे को गले लगाया मांगी अमन शांति दुआएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत सभी मस्जिदों में 22 अप्रैल शनिवार सुबह 7:00 से 8:00 के बीच धूमधाम से खुशी के साथ ईद -उल -फितर की त्योहार मनाया गया। एवं आपसी भाईचारे व सामाजिक सौहार्द के माहौल में एखलास व एहतराम के साथ ईद का त्योहार शांतिपूर्ण मनाया गया। इस ईद पर सामूहिक रूप से मिल -जुलकर इबादत कीया। शुबह मस्जिद में नमाज पढ़ गले मिलकर एक दुसरे को मुबारकबाद दीया गया। बताते चलें कि प्रखंड के गांगपुर,तिलैया द्वारी, तरी, सिंदवारी खुर्द, किरकिरा, सलीमपुर, बरटा,लुबधिया गांव के मस्जिदों में नमाज पढ़ा गया। मुस्लिम धर्मावलियों के लोग सुबह से ही नए नए कपड़े पहनकर अपने अपने गांव की मस्जिद की ओर नमाज अदा करने के लिए पहुंचने लगे थे।ईद -उल -फितर के मौके पर मुसलमान भाइयों नें मस्जिदों में सामूहिक नमाज अदा करते हुए खुदा का शुक्र अदा किया। और अमन शांति के लिए दुआएं मांगी। इस अवसर पर बच्चे से बूढ़े तक सभी नये कपड़े व रंगबिरंगी टोपियों में सजे हुए अपने गांव की मस्जिद में नमाज के बाद एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी। कई जगह के मस्जिदें नमाजियों की भीड़ के सामने छोटी पड़ गई। भाईचारे व सामाजिक सौहार्द तथा शांति अमन के लिए सामूहिक दुआ की गई।पवित्र माह रमजान में रोजेदार करीब 15 घंटे भुख प्यास सहकर ईबादत कर एक माह रोजा रखते हैं। चांद दिखाई देने के बाद ईद -उल - फितर का त्योहार मनाया जाता है। प्रखंड प्रशासन अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक एवं थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव के दलबल के सहयोगी नें लगभग सभी मस्जिदों के पास कड़ी सुरक्षा का पैगाम बांध रखा था। एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर रखा था। पुलिस प्रशासन ने ईद - उल - फितर की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ईद होते ही पाक माह रमजान समाप्त हो गया है। ईद का त्यौहार प्यार शब्र भाईचारा सद्भाव का संदेश देता है।

# 45 खाद्य प्रतिष्ठानों हाइजीन रेटिंग टेस्ट किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** संयुक्त सचिव स्वास्थ, चिकित्सा शिक्षा एवम परिवार कल्याण विभाग झारखंड सरकार के निर्देशानुसार चतरा जिला में कुल 45 खाद्य प्रतिष्ठान जैसे कि रेस्तारा, ढाबा, बेकरी एवम केक दुकान तथा मीट दुकानों का हाईजीन रेटिंग ऑडिट कराने का निर्देश के तहत जांच किया गया है। इसके लिए अभिहित आधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चतरा एवम सिमरिया तथा खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी चतरा जिला श्री राजेश कुमार शर्मा के द्वारा कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिले के अंदर संचालित विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का सर्वे fssai अधिकृत एजेंसी एस्ट्रेलियस सर्विस प्राइवेट लिमिटेड इंदौर मध्यप्रदेश कि प्रियंका यादव एवम ज्ञानसिटी एजुकेशनल ट्रस्ट के संतोष पाठक के द्वारा fssai के मानक के अनुरूप किया जा रहा है। श्री शर्मा ने बताया कि हाईजीन रेटिंग ऑडिट का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता और सुरक्षा मानकों में सुधार लाने के लिए खाने-पीने के व्यवसायों को प्रोत्साहित करके उपभोक्ताओं को खाद्य पदार्थों से संबंधित सूचित विकल्प / निर्णय लेने की अनुमति प्रदान करना है। ये हाईजीन रेटिंग का सर्वे दिनांक 19/04/2023 से दिनांक 23/04/2023 तक किया गया है। इस क्रम में चतरा शहरी क्षेत्र, हंटरगंज प्रखंड, इटखोरी प्रखण्ड, सिमरिया, बगरा मोड़, टंडवा प्रखण्ड के विभिन्न मिठाई प्रतिष्ठानों एवम रेस्टुरेंट का सर्वे किया गया है जो भी खाद्य प्रतिष्ठान fssai के सभी मानकों पे खड़ा उतरेंगे उन्हें हाईजीन रेटिंग सर्टिफिकेट दिया जाएगा।

# घर से गुस्से में निकले युवक का कुएँ में मिला शव



**लावालौंग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के लमटा पंचायत स्थित आतमपुर गांव में एक युवक नें कुएँ में कुदकर जान दे दिया। जानकारी के अनुसार आतमपुर गांव निवासी अरूण साव का सोलह वर्षीय पुत्र विराट उर्फ साहील का अपने घर के लोगों के साथ शनिवार की दोपहर कुछ विवाद हुआ था। इसके बाद वह गुस्से में घर से निकल गया था। कुछ देर तक घर नहीं लौटने पर उसके परिजन उसे ढूंढने लगे। जब काफी देर हो जाने के बाद उसका कहीं पता नहीं चला तो उसके परिजन इसकी सूचना गांव वालों को दिया। फिर देर शाम से लेकर रात तक गाँव वालों ने भी युवक की काफी खोजबीन की। इसके बावजूद भी उसका कहीं पता नहीं चला। गांव के ही एक व्यक्ति नें बताया कि साहील को दोपहर के समय अंतिम बार बरमता कुआं के पास बैठा हुआ देखा था। इसकी संदेह पर ग्रामीणों नें टॉर्च वगैरह की सहायता से कुएँ में खोजबीन की परंतु अंदाजा नहीं लगा। इसके बाद रविवार की सुबह विभिन्न स्थानों पर ढूंढने के बाद ग्रामीणों नें निर्णय लिया की उक्त कुएँ में ही ठीक तरीके से खोजबीन किया जाए। इसके बाद कुएँ के अंदर दो तैराक युवकों को उतारा गया। बेहद मशक्कत के बाद कुएँ के तल में शव बैठा हुआ मिला जिसे युवकों नें निकाला। इसके बाद घटना की सूचना लावालौंग थाना को दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज। बड़ी और दुखद बात तो यह है कि साहील अपने माँ बाप का एकलौता बेटा था। साथ ही हाथ के ही दिनों में उसकी बड़ी बहन की शादी होने वाली थी। जिसकी तैयारी में लोग लगे हुए थे। परंतु इस घटना से परिजनों के साथ साथ पुरे गांव में शोक की लहर छा गई।

# महुआ चुनने गए युवक को भालू ने किया घायल

**महुआडाड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ प्रखंड के ग्राम केवरकी के निवासी संदीप टोप्पो पिता मिल्यानुस टोप्पो उम्र 38 वर्ष सुबह लगभग 5:45 बजे महुआ चुनने गांव के नजदीक महुराम जंगल में गया हुआ था। इस दौरान जंगली भालू ने हमला कर युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। भालू ने विशेष रूप से युवक के चेहरे और आंख को गंभीर रूप से घायल किया। जिसमें युवक का दाहिना आंख बुरी तरह ज़ख्मी हो गया है। जिसके बाद वनरक्षी सरवन कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और घायल युवक को महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां प्राथमिकी इलाज के बाद घायल युवक को लातेहार सामुदायिक स्वास्थ केंद्र रेफर कर दिया गया। मौके पर पहुंचे वनों के अधिकारी वृंदा पांडे ने घायल युवक को तत्काल सहयोग राशि के रूप में ?5000 दिया साथ ही वन विभाग से मिलने वाले मुआवजे की राशि भी जल्द दिलाने का वादा किया। गांव के लगभग सभी घरों में महुआ चुनने और उसे सुखाकर बेचने का कार्य किया जाता है जिससे ग्रामीणों की आमदनी हो जाती है। लेकिन अब ऐसे भय के माहौल में ग्रामीण जंगल जाने से डरने लगे हैं।

# प्रखंड क्षेत्र के बांदू में भामाशाह जयंती मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** प्रखंड क्षेत्र स्थित बांदु गांव में अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा दुर्गा मण्डप के प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महासभा के लोगों के द्वारा महा दानवीर भामाशाह की जयंती मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आदित्य साहू ने किया। कार्यक्रम में सबसे पहले उगम साहू के द्वारा दीप प्रज्वलन का कार्य किया गया। जिसके बाद समाज के प्रबुद्ध लोगों के द्वारा दानवीर भामाशाह की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि किया गया। इस दौरान पूर्व शिक्षक अर्जुन साहू सह प्रखण्ड अध्यक्ष ने भामाशाह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दानवीर भामाशाह तैलिक समाज ही नहीं अपितु पूरे देश के लिए आदर्श हैं। अपना संपूर्ण जीवन देश सेवा के लिए अर्पण कर दिया। अकबर के साथ युद्ध में महाराणा प्रताप हार गए थे और उनका राज्य छीना जा चुका था ऐसे में भामाशाह ने अपनी संपूर्ण संपत्ति का दान महाराणा प्रताप को किया था। जिसके बाद उसी धन से महाराणा प्रताप ने नई सेना का गठन किया और पुनः युद्ध कर अपना मेवाड़ साम्राज्य को प्राप्त किया था। इसके अलावा मौके पर होरिल सामने लोगों को कहा कि हमें भामाशाह के व्यक्तित्व को अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है। उनका जीवन हमें देशभक्ति का संदेश देने के साथ-साथ यह भी बताता है कि हमें अपने देश के लिए अपना सर्वस्व निछावर कर देना चाहिए। जिसके बाद कार्यक्रम का संचालन कर रहे उमेश कुमार साहू ने कहा कि इस कार्यक्रम के बाद आदरणीय 28 अप्रैल को चतरा में बृहद रूप से महा दानवीर भामाशाह जयंती मनाई जाएगी। इस दौरान कार्यक्रम में कुंवर साहू, विजय साहू, प्रमोद कुमार गुप्ता, संतोष साहू, संजय साहू, डेगन साहू, चेतलाल साहू, बालेश्वर साहू, शंभू साहू, पप्पू कुमार, दिलीप कुमार, रिंकू देवी, विनीता देवी, सोनी देवी, प्रतिमा देवी, उर्मिला देवी और सतीश साहू समेत तैलिक समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में गड़बड़ियों की अनदेखी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में भारी भ्रष्टाचार और गड़बड़ी के बाद राज्य सरकार के संबंधित विभाग और मंत्री का इसे संज्ञान में नहीं लेना दर्शाता है कि अधिकारियों और ठेकेदारों को जनता के पैसों को लूटने की खुली छूट दे दी गई है। शायद इसीलिए मीडिया में लगातार आ रही गड़बड़ी और भ्रष्टाचार की खबरों और लोगों की शिकायतों को नजरअंदाज कर दिया जाता है। मामला नक्सल प्रभावित लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत लाभर सीआरपीएफ पिकेट से नावाडीह होते हुए अम्वाटिकर तक ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत हो रहे सड़क निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा गुणवत्ता को ताक पर रख कर भारी अनियमितता बरती जा रही है।पानी का छिड़काव भी नही किया जा रहा है। जिस कारण लोगो को भारी परेशानियां भी हो रही है। संवेदक की लापरवाही से ग्रामीण हो रहे हैं विमार चुंगरु पंचायत के मुखिया बालदेव परहिया व ग्रामीणों ने कहा कि ग्रेड् वन का काम नहीं करके सिधे डस्ट का छिड़काव कर दिया गया है।इसी में डस्ट छिटकर ढलाई कर दिया जा रहा है।घटिया मैटेरियल का योजना में प्रयोग धड्डले से किया जा रहा है। एवं डस्ट से हमलोग सभी ग्रामीण परेशान हैं,घर से बाहर निकलना दूभर हो गया है पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा है।जिसके वजह से धुल फांकना पड़ रहा है। और हमलोग कई तरह के बीमारियों की चपेट में आ रहे है। वहीं योजना स्थल पर लगाए गए बोर्ड पर सड़क की प्राकलित राशि का अंकित नहीं होना भी भ्रष्टाचार कि संकेत है।ग्रामीणों ने उपायुक्त से संज्ञान में लेने का आग्रह किया है ताकि कार्य में सुधार लाया जा सके कार्यपालक अभियंता दिपक कुमार ने कहा कि कार्य गुणवत्ता पूर्ण जचोपरांत कारवाई की जाएगी।

# लातेहार के पूर्व विधायक सह भाजपा नेता प्रकाश राम की माता का निधन



**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लातेहार विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सह भाजपा नेता प्रकाश राम की माता जीरा देवी 85 वर्ष का रविवार की सुबह इलाज के दौरान रिम्स रांची में मौत हो गयी। पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए बारियातू स्थित पूर्व विधायक के पैत्रिक आवास पर लाया गया। जहाँ बारियातू के आसपास के गांव समेत, बालूमाथ, चंदवा, हेरहँज, लातेहार, चतरा, सिमरिया, हजारीबाग, रांची, मेदिनीनगर समेत अनेक जगहों से लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। पूर्व विधायक ने बताया कि घर में गिर जाने से हड्डी फ्रैक्चर होने के बाद कुछ दिनों से रिमस में इलाजरत थी। इलाज के दौरान ही सुबह अंतिम सांस ली। जीरा देवी अपने पीछे दो पुत्र पूर्व विधायक प्रकाश राम व बारियातू जिप सदस्य रमेश राम व 6 पुत्रियों को छोड़ गयी है। ज्ञात हो कि पूर्व विधायक प्रकाश राम के पिता कैलाश राम की मृत्यु अगस्त 2002 में ही हो गयी थी। अंतिम दर्शन के लिए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुलनाथ शाहदेव, चतरा के पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, बालूमाथ एसडीपीओ अजित कुमार, चतरा लोकसभा क्षेत्र की पूर्व प्रत्यासी सह भाजपा नेत्री नीलम देवी, जिला परिषद सदस्य प्रियंका देवी, लाल कौशल नाथ शाहदेव, जुनैद अनवर, सिमरिया के पूर्व प्रत्यासी बिनोद बिहारी पासवान, बारियातू थाना प्रभारी मुकेश चौधरी, नरेंद्र चौबे, सुरेश सिंह, कुडु अंचल अधिकारी प्रवीन सिंह, भाजपा नेता चेतलाल रामदास, भाजपा जिला महामंत्री पंकज सिंह, अनिल कुमार सिंह, पवन कुमार, जावेद अख्तर, अम्लेश कुमार सिंह, मो उमर, अहद खान, पूर्व उपप्रमुख संजीव सिन्हा, राजद नेता सुरेश राम, महेंद्र प्रसाद लातेहार, चंदवा सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद, राजकुमार पाठक, हाफिज मो एहसान, चंदवा भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता, सुरेंद्र प्रसाद वैद्य, हेरहँज भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष जायसवाल, अजय सिंह, बारियातू मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह, मो तौफ़ीक़, मो निसार, नीलू शर्मा, अरविंद सिंह, बिहारी यादव, जावेद अख्तर, सोहराय भगत, लालजी उरांव,सेंकड़ों लोगों ने अंतिम दर्शन कर शोक व्यक्त किया। अंतिम संस्कार के लिए शव को बनारस ले जाया गया।

# मंजुआखाड़ में चापानल खराब, ग्रामीण परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड के फूलसु पंचायत अंतर्गत मतकोमा के मंजुआखाड़ टोला मे पिछले एक माह से चापानल खराब रहने के कारण पेयजल के लिए ग्रामीण परेशान हैं. ग्रामीण नेमा गंझु, आरती देवी, बबिता देवी, संदीप गंझु, फूलदेव गंझु, ललिता देवी, धानो देवी सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया की मतकोमा टोला मे चापानल पिछले एक माह से खराब पड़ा हुआ है जिसके कारण हम सभी ग्रामीणों को काफ़ी दूर से पानी लाकर पेयजल आपूर्ति करना पड़ रहा है. इधर गरमी भी अपना दस्तक दे दी है। हमलोग प्रखंड के अंतिम छोर के गाँव मतकोमा स्थित मंजुआखाड़ टोला में निवास करते हैं। मंजुआखाड़ के ग्रामीणों ने उपायुक्त से चापानल मरम्मत करवा पेयजल सुविधा बहाल कराने की मांग की है।

# आरपीएस डिजिटल इंडिया कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अखिल भारतीय बिरसा मुंडा कामगार यूनियन झारखंड आरपीएस डिजिटल इंडिया के तत्वावधान में रविवार को आरपीएस डिजिटल इंडिया सेंटर का उद्घाटन बाईपास चौक के पास संस्था के केंद्रीय अध्यक्ष दिलेश्वर यादव ने फीता काटकर किया। संस्था के प्रो कमलेश यादव ने बताया कि आरपीएस डिजिटल लाइफ सॉल्यूशन कंपनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कैशलेस इंडिया के सपनों को साकार करने के लिए काम कर रही है। यह एप्लीकेशन सरकार द्वारा निर्देशित एप्लीकेशन भीम के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का बीड़ा उठाई है। उन्होंने कहा कि हम कैशलेस सिस्टम का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। मौके पर दिलेश्वर यादव सेलेस्टिन कुजूर, मोहम्मद वकाश, शंकर यादव, रामसेबल मिस्त्री विजय भान भगत चंद्रशेखर सिंह राजेश्वर सिंह विजय शंकर सिंह सुरेंद्र राम कालेश्वर नागेशिया जयंत यादव कुलदीप नायक, श्रवण यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

# ये डस्ट ले लेगी लोगो की जान, क्या अधिकारी वा टंडवा के कद्दावर नेताओं का नहीं है प्रवाह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड को ओधोगिक नगरी का दर्जा प्राप्त है। बिजली और कोयला का नाम से यह क्षेत्र पूरे भारत वर्ष में अपनी पहचान बनाने में लगा हुआ है। सीसीएल एवं एनटीपीसी के अधिकारियों को सरकार ने कम समय मे वृहद कोयले के उत्पादन को लेकर पुरुस्कार से भी नवाजा है ।दूसरी तरफ टंडवा में एनटीपीसी बिजली उत्पादन के क्षेत्र में युध्द स्तर से लगी हुई है। कुल मिलाकर देखने सुनने में तो सब कुछ ठीक लग रहा है लोग भी जान गए है कि जहां आग लगेगी वहां धुआं दिखेगा ही। लेकिन यहां धुंआ नही गर्दा दिख रहा है लोगो को नाको दम करने वाली ऐसी बीमारी जिसकी चपेट में न जाने कितने लोग रोज काल के मुंह मे जाने की कतार में है। बढ़ते प्रदूषण से मानो अधिकारियों का कोई सरोकार ही नही। लोग जिये या मरे इन सब चीजों से किसी को लेना देना नही है। ऐसा लगता है कि ये डस्ट ले लेगी लोगो की जान क्या अधिकारी है इतने नादान।

# धूमधाम से मनाई गई भामाशाह जयंती, शामिल हुए पूर्व मंत्री



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड के सबानो, पगार बानासाड़ी सेरंदाग के अलावा कई पंचायत में दानवीर भामाशाह की जयंती धूमधाम से मनाई गई।और दानवीर भामाशाह के जीवन पर प्रकाश डाला गया। इसी दौरान सबानो में पंचायत स्तरीय सभा आयोजित कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी संचालन जिला कार्यसमिति सदस्य अशोक कुमार ने किया। भामाशाह की जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत अध्यक्ष जगदीश साव, पंचायत सचिव प्रेमचंद साहू प्रखंड उपाध्यक्ष तुलसी प्रसाद साहू, अर्जुन साहू प्रखंड सचिव प्रदीप कुमार के अलावा कई वरिष्ठ समाजसेवी की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर तथा भामाशाह के प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर किया गया। इसी दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव, पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू जिला संरक्षक देवनंदन साहू,नवीन साहू, अमित कुमार साहू, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष प्रदुमन साहू प्रखंड अध्यक्ष ईश्वरी साहू,नरेश साव सहित कई लोग शामिल हुए और दानवीर भामा शाह के प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित किए। मौके पर उपस्थित लोगों ने सभी मुख्य अतिथियों को माल्यार्पण कर तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। साथ हीं उपस्थित सैकड़ों महिला पुरुष ने बारी बारी से दानवीर भामाशाह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। मौके पर उपस्थित पूर्व मंत्री ने कहा कि आज पूरे भारतवर्ष में दानवीर भामाशाह की जयंती मनाई जा रही हैं हम सभी धूमधाम से इनके जयंती को मना रहे हैं । जिस तरह से इन्होंने महाराणा प्रताप को अपनी सारी संपत्ति दान कर दिए थे। जिस तरह से हम सभी उनके जीवन के गुणगान कर रहे हैं। उसी तरह से हमें इनके द्वारा दिए हुए प्रेरणा के साथ चलने की जरूरत है।कार्यक्रम में शामिल पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू ने कहा कि आगामी 28 अप्रैल को चतरा में दानवीर भामाशाह की जयंती मनाई जाएगी जिसमें देश और प्रदेश स्तर के प्रमुख लोग शामिल होंगे। जिसमें समाज के सभी लोगों को शामिल होने का निमंत्रण दिया है आप सभी ग्रामीण भी निर्धारित तिथि को चतरा पंहुचे और कार्यक्रम को सफल बनावे। मौके पर रोहन साव, लालो साव, देवकी साव, पोखन साव, सरजू साव, गोविंद कुमार, राजेश कुमार, लोकी साव, अजय कुमार, अमित कुमार, मिथलेश कुमार, आशीष साव, कुलेश्वर साव,शिवजागत साव, अनूप साव, प्रेम प्रकाश साव, मुनेश्वर साव, रविंद्र कुमार, तुलसी साव, चुरमनी साव, निर्मल साव लालमन कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

# हर्षोउल्लास के साथ पढ़ी गयी ईदुल फित्र की नमाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा /सिमरिया :** जिले और सभी प्रखण्ड में ईदुल फ़ित्र की नमाज हर्षोउल्लास के साथ अपने अपने गाँव व शहरों के मस्जिदों एवं ईदगाहों में पढ़ी गयी। नमाजों में खुदा से शुक्र अदा किया साथ हीं अपने क्षेत्र मुल्क की अमन चैन की दुवाएं मांगी गयी। नमाज के बाद एक दुशरे से गला मिल ईदुल फ़ित्र की खुशियां जाहिर किया। वहीं एक दुशरे के घर देशी सेवई से लेकर लच्छे का खूब लुत्फ़ उठाया। साथ हीं बीते वर्ष का सभी तरह का गीले शिकवे भूल कर गले से गले लगा मुहब्बत का इजहार किया। बता दें कि इस्लाम के मानने वाले हर 18 वर्ष के उम्र वाले शख्स पर रोजा फर्ज यानी जरूरी हो जाता है।रमजान माह के पवित्र महीने में मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा रखते हैं। इस दौरान सूरज निकलने से लेकर सूर्यास्त तक किसी तरह का खाना पीना वर्जित रहता है। यह रमजान माह रहमतों और बरकतों का महीना कहा गया है। गरीब हो या अमिर सभी नये नये वस्त्र धारण करते है और एक साथ नमाज अदा करते हुए पूरे महीने रोजे रख अंतिम माह जाने की खुशी मनाते है। हर मुस्लिम रमजान के पूरे महीने में अल्लाह की इबादत करता है और फितरा जकात यानी एक दुशरे को सहयोग किया करते है। ताकि किसी को भी इस पाक रमजान के माह में नये वस्त्र पहनने में परेशानी ना हो । रमजान शब्द अरबी का शब्द है और इस्लामिक महीना है।यह महीना रोजे के लिए खास मुकर्रर किया गया है। रोजे को अरबी भाषा में सौम भी कहा जाता है। सौम का मतलब होता है रुकना या ठहरना यानी खुद पर नियंत्रण या काबू करना है।

## संक्षिप्त खबरें

### कोडरमा सांसद प्रतिनिधि ने किया नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोडरमा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत विष्णुगढ़ प्रखंड के ग्राम बरॉय के तेली टोला में 100 केवीए के नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन कोडरमा सांसद के हजारीबाग जिला सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल ने शनिवार को फीता काटकर एवं स्विच ऑन करके किया।उद्घाटन के पहले नए ट्रांसफार्मर की विधिवत पूजा अर्चना की गई। स्विच ऑन होते ही बिजली जलने से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई।मौके पर प्रखंड सांसद प्रतिनिधि सुखदेव महतो,पूर्व प.स.स महेंद्र कुमार,वार्ड सदस्य बैजनाथ प्रसाद साव,राजू साव, संजय साव, विजय साव, गुड्डू चंद्रवंशी,हरिलाल साव,संतोष साव,वीरेंद्र कुमार साव,चुरामन साव,नेपाली पासवान,शंभू साव, मुन्ना कुमार साव समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### पडरिया जीतराम पुस्तकालय सेंटर में 165वीं शहादत दिवस मनीं




**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पडरिया के पुस्तकालय स्टडी सेंटर में स्वतंत्रता सेनानी जीतराम बेदिया की 165वीं शहादत दिवस मनाया गया। अवसर पर बच्चों और लोगों ने 2 मिनट का मौन धारण कर क्रांतिकारी जीतराम बेदिया को श्रद्धांजलि दिया। साथ ही गांव में बच्चों, युवाओं, महिलाओं ने रैली निकाली। लोगों ने बताया कि ग्राम पडरिया में शहीद जीतराम बेदिया पुस्तकालय स्टडी सेंटर स्थापित किया गया हैं। जिसमें बच्चे पुस्तकों का अध्ययन करते हैं। मौके पर रामवृक्ष बेदिया, प्रयाग बेदिया, लाका बेदिया, बैजनाथ बेदिया, पवन बेदिया, नरेश बेदिया, सुनीता देवी, भारती देवी, मुलैया देवी, कदमी देवी, सुगया देवी आदि उपस्थित थे।

### स्वतंत्रता सेनानी शहीद जीतराम बेदिया का 165 वां शहादत दिवस मनाया गया



**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ प्रखण्ड के ग्राम लोधमा में शहीद स्वतंत्रता संग्राम के जीतराम बेदिया का 165 वां शहीद दिवस बेदिया युवा संघर्ष संघ , झारखण्ड द्वारा मनाया गया एव प्रथम बेदिया युवा संघर्ष के प्रमुख संदीप कुमार बेदिया ने जीतराम बेदिया के चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके संघर्षो पर विचार रखा ,सभी युवा द्वारा शहीद जीतराम बेदिया के चित्र पर बारी -बारी से पुष्पांजलि अर्पित किया मौके में उपस्तिथ युवा संघ के , रोहित बेदिया , दीपक कुमार बेदिया ( कुरकुट्टा ) , सुरेश बेदिया ,दीपू बेदिया ,दिलीप बेदिया ,पवन बेदिया ,सूरज बेदिया एव जलधर बेदिया मौजूद थे ।

### जिला तैलिक समाज ने दानवीर भामाशाह जयंती समारोह मनाया

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला तैलिक समाज ने दानवीर भामाशाह जयंती समारोह इंद्रलोक टावर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तैलिक समाज के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद व मंच संचालन महासचिव नारायण साव ने किया। कार्यक्रम की शुरुवात मुख्य अतिथि पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव द्वारा दीप प्रजवल्लित कर किया गया। इसके पश्चात दानवीर भामाशाह की तस्वीर का माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम में आगे भामाशाह के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए मुख्य अतिथि श्री साव ने कहा कि भामाशाह बहुत बड़े दानवीर थे। उन्होंने यह भी कहा कि देश की आज़ादी में भामाशाह का बहुत बड़ा योगदान रहा है। भामाशाह को विदेशों में नही याद किया जाता है। लेकिन उनकी ख्याति भारत मे कम हो रही है जो बहुत दुखद है। जिला तैलिक समाज अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने भी भामाशाह के द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला और समाज के लोगो को भी उसी लगन के साथ समर्पित होने का संदेश दिया।

## हजारीबाग यूथ विंग के प्रयास से 12 वर्षीय थैलेसीमिया बच्चे को कराया गया रक्त उपलब्ध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बदलते वक्त के साथ हर कुछ बदल रहा है, लोग बदल रहे हैं। और बदलती वक्त में कोई किसी के कामना नही आता है। परंतु हजारीबाग शहर में पिछले डेढ़ वर्षो से लोगों को अपनी सेवा प्रदान कर रहा है यूथ विंग इसी सेवा के बीच रविवार को केरेडारी के सालगा निवासी रामवृक्ष भुइयां के सुपुत्र अर्जुन कुमार 12 वर्षीय जोकि थैलेसीमिया बीमारी से जूझ रहे हैं। शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ



अस्पताल कि चिकित्सकों के द्वारा संबंधित रक्त उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया जिसके बाद परिजनों के द्वारा हजारीबाग यूथ विंग से संपर्क किया गया यूथ विंग के समस्त पदाधिकारी संबंधित रक्त की खोजबीन में जुट गए।कोई रक्तदाता ना मिलने पर हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने स्वयं रक्तदान करने का निर्णय लिया जिसके बाद उन्होंने आनन-फानन में शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल स्थित ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान कर 12 वर्षीय बच्चे की जान बचाई। मौके पर रक्तदाता सह संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि अपने रक्त को किसी दूजे को देखकर आज मन काफी प्रसन्न हुआ है साथ ही 12 वर्षीय बच्चे के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।

## परशुराम जयंती समारोह पूरे धूमधाम से मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुण्ड धाम परिसर में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूरे धूमधाम से परशुराम जयंती समारोह का आयोजन किया गया।जिस कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मुखिया बेडोकला तुलसी पाण्डेय,जिप सदस्य प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पाण्डेय, गोविंद पाण्डेय,प्रमोद पाण्डेय के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।एवं कार्यक्रम स्थल में उपस्थित लोगों के द्वारा विष्णु भगवान के छठे अवतार भगवान परशुराम जी के चित्र पर बारी-बारी से माल्यार्पण कर किया गया।वंही गणमान्य प्रबुद्धजनों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि धरती पर अन्याय के खिलाफ विष्णु भगवान के छठे अवतार लेकर परशुराम भगवान नें शस्त्र ओर शास्त्र का ज्ञान दिया।मौके पर जीतन



पाण्डेय नरेश पाण्डेय,रामतीर्थ पाण्डेय, संजय पाण्डेय,सुनील पाण्डेय, शिशिर पाण्डेय,विनय पाण्डेय, बीरेंद्र पाण्डेय,आदित्य पाण्डेय, रोहित लाल तिवारी,देवेन्द्र पाण्डेय, तरूण पाण्डेय,मुकेश कुमार पाण्डेय,अजीत कुमार पाण्डेय,अनुज पाण्डेय,सुरेश कुमार पाण्डेय,आशिष कुमार पाण्डेय,संतोष कुमार पाण्डेय,अभय कुमार पाण्डेय,सोनू पाण्डेय,बब्लू पाण्डेय,मंटू पाण्डेय,के अलावे सैकड़ो विप्र बंधु , अन्य समाजसेवी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता सेनानी जीतराम बेदिया को लोगों ने शहादत दिवस पर किया याद, दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** अरगड्डा जीएम ऑफिस चौक पर स्वतंत्रता सेनानी जीतराम बेदिया के शहादत दिवस पर रविवार को लोगों ने उनकी प्रतिमा पर फूलमाला पहनाकर इन्हें याद किया। लोगों ने बताया कि क्रांतिकारी जीतराम बेदिया ने स्वतंत्र भारत के आंदोलन में अपनी अहम भागीदारी निभाई थी। उन्होंने अंग्रेजो से सीधे तौर पर लड़ाई लड़ी और स्वतंत्र भारत का सपना पूरा करने में अपना अहम योगदान दिया। हम सभी इनके बलिदान और जज्बे को सदैव याद रखेंगे। मौके पर कई ग्रामीण समाजसेवी युवा आदि उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ तैलिक सेवा समिति ने भामाशाह की जयन्ती मनाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ सात मील मोड स्थित एमएस कॉम्प्लेक्स में तैलिक सेवा समिति रमुआ के द्वारा समारोह आयोजित कर धूमधाम से भामाशाह की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष गिरजा साव तथा संचालन विवेक कुमार ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के द्वारा सत्यनारायण भगवान की पूजा अर्चना कर भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अक्षय तृतीया को सनातन परंपरा के धरोहर भगवान परशुराम को भी नमन किया गया। अतिथियों ने कहां की 16 वीं शताब्दी में हल्दीघाटी युद्ध के दौरान मुगल शासन की स्थापना के खिलाफ भामाशाह ने अपनी पूरी सेना तथा संपत्ति मेवाड़ के



राजा महाराणा प्रताप सिंह को दान में दे दिए थे। भामाशाह एक राष्ट्रभक्त थे, अपने धर्म और क्षेत्र की रक्षा के लिए अपने आप को सर्वस्व न्योछावर कर दी। इसीलिए भामाशाह को दानवीर कहा जाता है। हमें उनसे प्रेरणा लेकर समाज तथा देश की सुरक्षा की सीख लेनी चाहिए। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर प्रकृति के संरक्षण से जुड़े चित्र तथा रंगोली बनाई गई जो सराहनीय रहा। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों के द्वारा चित्रकला तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल बच्चों को मेडल, मोमेंटो तथा पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीस सूत्री अध्यक्ष गिरिजा साव, समाज सेवी राजेंद्र दुबे,आचार्य रोहित मिश्र,शिव कुमार पांडेय,ललित मिश्रा,विनय पाठक,मिथिलेश बर्मन,राजेश सोनी,अजीत कुमार मिश्रा,समाज के प्रखंड अध्यक्ष पूरन साव,मुखिया निर्मल कुमार, लक्ष्मी कुमारी,रामचंद्र यादव, पंचायत समिति सदस्य अजय मंडल,मुन्नी देवी,दीपक रजक समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे ।

## स्थानीय युवाओं को रोजगार देने में विफल है एनटीपीसी प्रबंधन : मनोज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** एनटीपीसी मजदूर यूनियन(एटक)की सप्ताहिक बैठक यूनियन कार्यालय पीटीपीएस पतरातू में हुई। जिसकी अध्यक्षता भाकपा अंचल सचिव सह एटक राज्य कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार महतो ने किया बैठक में मजदूरों की समस्याओ एवं स्थानीय युवाओं को रोजगार को लेकर आगामी 15 मई से एनटीपीसी प्रबंधन के खिलाफ चरणबद्ध तरीके से आंदोलन की शुरुआत की जाएगी जिसको लेकर एनटीपीसी मजदूर




यूनियन 1 मई से सभी विस्थापित प्रभावित के गांव में जाकर मजदूरों एवं ग्रामीणों को गोल बंद करेगी वही कामरेड मनोज कुमार महतो ने कहा की लगातार मजदूरों की समस्याएं सामने आ रही है। वहीं स्थानीय युवाओं को एनटीपीसी प्रबंधन रोजगार देने में विफल साबित हो रही है। मौके पर मनोज कुमार महतो,मनोज मुंडा, सरवन करमाली विकास मुंडा, सरवन महतो, जयनंदन सिंह,विकास भुईयां, रोहित भुईयां यादि उपस्थित थे।

## कटिया में 15-16 मई को मंडा पूजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** रविवार को कटिया शिव मंदिर मे मंडा लगाने के संबंध में ग्रामीणों की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता कटिया बस्ती पंचायत मुखिया किशोर कुमार महतो संचालन भुनेश्वर महतो ने किया। बैठक में ग्रामीणों द्वारा निर्णय लिया गया कि आगामी 15-16 मई 2023 को कटिया में मंडा लगाया जाएगा और मंडा में बंगाल पुरुलिया के लड़की पार्टी छ्व नृत्य द्वारा कला का प्रदर्शन किया जाएगा। ग्रामीणों द्वारा नए कमेटी का भी गठन किया गया।जिसमे संरक्षक जिला परिषद सदस्य राजाराम प्रजापति,थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह,मुखिया किशोर कुमार महतो,प.स.स.अनीता जैन,बालदेव महतो,नरेश महतो,भुनेश्वर महतो , टिकेश्वर महतो,कौलेश्वर महतो, अशोक महतो, धनराज महतो,शंकर महतो,कुमार तिलक,इंद्र नाथ महतो, गोविंद महतो,गणेश ठाकुर,पंकज महतो,बालकिशुन महतो,नंद किशोर



महतो,अध्यक्ष नंद किशोर महतो, उपाध्यक्ष संतोष कुमार,सचिव मोहित कुमार,सहसचिव मनीष कुमार, कोषाध्यक्ष वकील महतो, सहकोषाध्यक्ष रवि कुमार,और कमेटी का सदस्य विनोद कुमार,प्रिय रंजन,रंजन कुमार,खेमनाथ महतो, रविंद्र कुमार,सनोज कुमार उमाशंकर कुमार,कामेश्वर महतो,ज्ञानी महतो, जितेंद्र कुमार,राम प्रसाद महतो, रूपलाल कुमार,सुरेंद्र कुमार,सुखन महतो,सूरज पहान,रंजीत कुमार, दीपक कुमार,अशोक कुमार, कमल नाथ महतो,चमरू महतो का चयन किया गया।

# हर वंचित तक पहुंचे स्वास्थ्य जांच की सुविधा : विधायक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रविवार को विद्यानगर वासियों ने रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी का स्वागत किया। वे पतरातु बस्ती विद्यानगर में अवस्थित छावनी परिषद मध्य विद्यालय में जीवन वाटिका संस्था द्वारा झारखंड स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहीं। शिविर में उनके आगमन पर संस्था के संरक्षक ओ पी शर्मा ,झारखंड स्वास्थ्य मिशन के अध्यक्ष संतोष सोनी तथा डॉ शुभाश्री ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।इस अवसर पर विद्यानगर की महिलाओं ने गुलाब फूल देकर विधायक के प्रति अपने सम्मान की अभिव्यक्ति की।




श्रीमती चौधरी शिविर में योगदान दे रहे डॉक्टर और अन्य पैरामेडिकल कर्मचारियों से मिलीं और उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया।मौके पर उपस्थित प्रेस मिडिया के सदस्यों को संबोधित करते हुए श्रीमती चौधरी ने कहा कि संस्था द्वारा इस प्रकार के आयोजन बहुत सराहनीय हैं। इससे समाज के नीचले स्तर पर जीवन यापन कर रहे नागरिकों को स्वास्थ्य जांच की बेहतर सुविधा उनके घर तक पहुंचाने का काम किया गया है। ऐसे आयोजन से उपेक्षित वर्ग के लोगों को भी मुख्य धारा में जुड़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि यह प्रयास होना चाहिए कि ऐसे शिविर हर गांव में आयोजित हों ताकि कोई भी स्वास्थ्य लाभ से वंचित न रहे।इस अवसर पर जीवन वाटिका संस्था के सचिव प्रभात भारद्वाज, झारखंड स्वास्थ्य मिशन के अध्यक्ष संतोष सोनी, मेडिका अस्पताल के मार्केटिंग ऑफिसर दीपक कुमार, वार्ड पार्षद संजीत सिंह, आजसु महिला प्रकोष्ठ की रामगढ़ नगर अध्यक्ष अनुपमा सिंह, आजसु नगर सचिव नीरज मंडल, मनोहर महतो, संतोष प्रसाद, किरण माला, मीना देवी, मालती देवी, कमली देवी, लक्ष्मी देवी, रेखा शर्मा, मंजु देवी, यशोदा देवी, रीता देवी, प्रयाग प्रसाद, सरजू प्रसाद,अशर्फी प्रसाद, सुरेश प्रसाद, बिहार घोष, सुनीता,बबिता पांडेय, रेखा देवी, सहित काफी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### लगातार 14 वीं बार बादम मुस्लिम समाज के सदर चुने गए मो. मोकित उल्लाह



**बड़कागाँव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के सबसे बड़े मुस्लिम आबादी वाले गांव बादम में मुस्लिम समाज का चुनाव हुआ। प्रत्येक वर्ष ईद के दूसरे दिन मुस्लिम समाज का चुनाव किया जाता है। चुनाव में कुल 326 वोट पड़े। 172 वोट मो मोकित उल्लाह को एवं निसार अहमद को 128 वोट पड़ा। 44 वोट से मो मोकित उल्लाह जीत कर लगातार 14 वीं बार सदर चुने गए। चुनाव में काफी गहमा गहमी रही। चुनाव में बढ़ चढ़ कर लोगों ने हिस्सा लिया। जीत बाद लोगों ने मो मोकित उल्लाह को बधाई दिया। निष्पक्ष रूप से चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने में हाजी सलाह उद्दीन, मास्टर अजहर, जाहिद अकरम, बहाउद्दीन अहमद शामिल थे। बधाई देने वालो में पंचायत समिती सदस्य राजा खान, नासीब खान, मोदस्सर खान, वली उल्लाह, अजहर मास्टर, प्रवेज आलम, मो सलीम, मोर्करम खान, नुर उल्लाह, जावेद हुसैन, जुबेर खान, मुन्ना खान, तकरीम आलम, मो अफरोज, तहमीद आलम, रफशन जानी, जुनेद अहमद, रेहान, मो नैययर, मो नौशाद, डालर खान, अदीब अखतर, जीशान खान, पप्पु पठान, सदाब खान, शिहन जफर, नौशाद आलम, मेहरूल हसन सहित सैंकड़ों लोग शामिल हैं।

## सुधीर मंगलेश बने कांग्रेस के जिला सचिव, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिया बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड सिरु निवासी दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश को कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव बनाए जाने पर सुधीर मंगलेश ने कहा कि मैं अपने प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूँ। उन्होंने कहा कि मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को जिला में जिला सचिव के पद पर जिम्मेवारी दी है।उसे मैं जिम्मेवारी पूर्वक निभाऊँगा। जिला कांग्रेस कमेटी को और मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे तथा उनके विश्वास पर खरा उतरने का काम करेंगे। साथ ही पार्टी द्वारा दी गई।जिम्मेदारी का इमानदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए कांग्रेस के संगठन



एक ढांचे को और मजबूत करने का काम करूंगा साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खडगे सोनिया गांधी राहुल गांधी प्रियंका गांधी व कांग्रेस की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करूंगा। बधाई देने वाले में। पुर्व मुखिया हरिवंश महतो विरेन्द्र महतो सुनिल महतो सुरज महतो मुखलाल महतो कुंवर महतो बाबुराम महतो रामघृत महतो अजय बेदिया पप्पू महतो विकास राम महतो सुभाष महतो फलेन्दर महतो छोटन कुमार विकास कुमार रामप्रसाद महतो सपुत कुमार उतम कुमार रविकांत महतो करमू महतो बबलू महतो लिलेश्वर महतो हेमलाल महतो राजकुमार महतो महेंद्र ओहदार राजन कुमार अरविंद कुमार ललित कुमार मोहित पटेल शुभम कुमार अमित कुमार रितेश कुमार रुकेश कुमार मुकेश कुमार पवन महतो हेमंत महतो किष्टो महतो तबारक अंसारी ताहिर अंसारी जबार अंसारी महेताब राही वाहिद अंसारी ईमाम अंसारी क्युमुदुनी अंसारी प्रदीप भोक्ता सिकेन्दर कुमार प्रदीप बेदिया प्रेम मुंड़ा आदि।

## ईद आपसी सौहार्द भाईचारे शांति और सद्भाव का पर्व : अम्बा प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पतरातू प्रखंड के रोचाप में नौजवाने इस्लाम कमेटी के द्वारा ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद उपस्थित हुई। इस कार्यक्रम में मुस्लिम भाइयों एवं बहनों से मिलकर ईद उल फितर का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। विधायक अंबा प्रसाद ने सभी को ईद पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ईद का महापर्व शांति एकता एवं भाईचारगी का प्रतीक है। इस पर्व से प्रेरणा मिलता है कि हम सभी भारत के लोग गले मिलकर हाथ मिलाकर समानता एवं एकता बनाए रखें। रमजान का महीना हमें त्याग और बलिदान का भी संदेश देता है क्योंकि जिस तरह से 1 महीने तक लोग अन्न त्याग कर रोजा रखते हैं एवं शांति प्रगति की कामना करते हैं।उसी तरह हमसभी को बुरे कामों को त्याग कर अच्छे कर्म करना चाहिए। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, मुखिया पानो देवी,पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी,अजय सिंह,राम इकबाल सिंह,संजय मिश्रा,नईम



अंसारी, रबानी अंसारी,संतोष साहू, गंगाधर महतो,अशरफ अंसारी, वारिस खान,कलाम अंसारी,सदर मंसूर अंसारी,मुमताज अंसारी, अमरोज खान,महेंद्र महतो,जमीन खान,अकबर खान,शौकत खान, सोहेल अंसारी,बिलाल अंसारी,रोहेल अंसारी,मेराज अंसारी,मुर्तजा अंसारी,अयूब खान,रहमान अंसारी ,तुलसी महतो,आबिद खान आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### दिलीप इंटरप्राइजेज का हुआ उद्घाटन

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नगर परिषद क्षेत्र के कोठार में दिलीप इंटरप्राइजेज का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता



चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि जीप अध्यक्ष सुधा चौधरी,नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज़ कुमार महतो के द्वारा फीता काटकर किया गया। मौके पर सुनीता चौधरी ने कहा कि एग्रो दुकान खुलने से आसपास क्षेत्र के किसान भाईयों के लिए काफी लाभदायक होगा। साथ ही उन्होने बताया कि मजदूरों की समस्या से निपटने के लिए देश के कृषि वैज्ञानिक और इंजिनियर भी तरह-तरह के अविष्कार करते रहते हैं। अब खेतों की सभी सामयिक क्रियाएं ठीक से हो सकें इसके लिए भूमि की जुताई के लिए कृषि यंत्र, खेत तैयार करने वाले कृषि यंत्र,छोटे किसानों के लिए कृषि यंत्र इत्यादि तमाम तरह की खेती में काम आने वाले उपकरण और खेती के नए औजार इस दुकान में उपलब्ध हैं।मौके पर आजसू पार्टी नगर परिषद सचिव राजेन्द्र महतो,विभन सिंह,सुखदेव महतो,नीरज मंडल,महिला नगर अध्यक्ष अनुपमा सिंह,सुरेंद्र महतो,उमेश महतो,दुकान संचालक दिलीप कुमार,राहुल कुमार,भुनेश्वर मिश्रा,राकेश कुमार,देवनारायण,विक्रमजीत सिंह,किशोर बनर्जी आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ ने रांची में प्रवेश किया

Birla Fertility & IVF

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीके बिरला ग्रुप आने वाले दिनों में रांची में अपने व्यापक फर्टिलिटी एंड आई वी एफ सेंटर बिरला फर्टिलिटी एंड आई वी एफ की शुरुआत करेगा। यह बिरला ग्रुप का राज्य में पहला केंद्र होगा 15 सेंटर 7 राज्यों . दिल्ली हरियाणा यूपी बंगाल बिहार उड़ीसा असम और चंडीगढ़ में हैं और फरीदाबाद आगरा इंदौर और राँची सहित अन्य बड़े शहरों और कस्बों में इसकी स्तिार की योजना है। बिरला फर्टिलिटी एंड आई वी एफ क्लिनिकली भरोसेमंद इलाज किफायती और पारदर्शी लागत मरीजों को संवेदनशील और विश्वसनीय देखभाल का वादा करता है।

## सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस फुटबॉल के लिए चयन 24-25 को हजारीबाग में

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पर्यटन,कला संस्कृति,खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड के अधिनस्थ झारखंड खेल प्राधिकरण , रांची द्वारा नव सृजित स्वीकृत सेंटर फॉर एक्सेलेंस फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र (एकलव्य प्रशिक्षण केंद्र) हेतु बालक एवं बालिका वर्ग के 16 वर्ष से 22 वर्ष तक के फुटबॉल के लिए योग्य खिलाड़ियों का चयन कर्जन स्टेडियम,हजारीबाग में 24-25 अप्रैल को प्रातः 7¬00 बजे से किया जाएगा।आवेदक खिलाड़ी जिन्होंने मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय,राष्ट्रीय स्तरीय,आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित खेलों में भागीदारी अथवा मेडलिस्ट हो उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।अंतिम रूप से चयनित(बालक/बालिका) खिलाड़ियों को राज्य सरकार निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के साथ अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराया जाएगा।

## द वॉयलेट टूर एंड ट्रैवल के नई शाखा का उद्घाटन

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ट्रैवल एजेंसी द वॉयलेट टूर्स एंड ट्रेवल्स के नए ब्रांच का उद्घाटन पुराना मुफासिल थाना के समीप नगर निगम महापौर रौशनी तिर्की एवं माता गिरजा देवी के हाथो फीता काट कर संपन्न हुआ । एजेंसी के निर्देशक दीपक कुमार गुप्ता ने बताया की पिछले तेरहा वर्षो से हजारीबाग के अन्य देशों के कई शहरों में अपनी उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रसिद्ध एजेंसी की यह नई शाखा रांची पटना रोड के आसपास रहने वाले लोगो के लिए एक तोहफा सबिता होगा। हमारे शाखा से विमान ,रेलवे, के टिकट के साथ उचित दर पर पासपोर्ट,वीजा, मनी एक्सचेंज,हेलीकॉप्टर ,होटल एवम बस की बुकिंग सबसे सस्ती दर पर होती है। हमारे इस शाखा की विशेषता हैं की अब छ्स्ष्ट वेल्लोर के डॉक्टर का अप्वाइंटमेंट भी बहुत आसानी से उपलब्ध है। इस अवसर पर दीपक कुमार गुप्ता , बीजेपी महिला मोर्चा की सत्यभामा शर्मा, जितेंद्र सिन्हा,दीपक घोष,बबलू सिन्हा ,मनोज कुमार,अंशु गुप्ता,मोनू गुप्ता, टोनू गुप्ता ,अमित कुमार गुप्ता के साथ हजारीबाग के अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

## 118वां भोक्ता पूजा का हुआ शुभारंभ

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जोड़ापोखर बस्ती के निवासियों ने शिव मंदिर के प्रांगण में 118वां भोक्ता पूजा का शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर दो सौ भक्तों ने भक्ता खुटा में अपने शरीर में कील लगा कर भगवान शिव को प्रशनय करने के घुरा हैं। जिसमें सबसे कम उम्र के भक्ता 18 वर्षीय सोनू महतो हैं। सुबह से ही पति पत्नी, बच्चे भक्तों उपवास करने के बाद स्थानीय तलाब से स्नान करने के बाद गाजे बाजे झरखण्ड की संस्कृति नृत्य के साथ मंदिर पहुंच कर शिव मंदिर में पूजा अर्चना किया तथा भोक्ता खुटा में घुरा गया है। सोमवार को झरखण्ड की खोरठा भाषा में ऑर्केस्ट्रा का आयोजन किया जाएगा।

## राज्य थांग - टा चैंपियनशिप 29 से धनबाद में

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी 29 - 30 अप्रैल को धनबाद में हीरापुर स्थित अग्रसेन भवन में आयोजित होने वाली 8वीं झारखण्ड राज्य थांग-टा चैंपियनशिप में धनबाद का प्रतिनिधित्व करने के लिए 38 सदस्यीय जिला टीम की घोषणा आज जिला थांग-टा संघ के सचिव कृष्णा कुमार साव द्वारा कर दी है। जिन खिलाडियों का चयन किया गया है उनमें अनिरुद्ध विश्वास, अनुकल्प प्रसाद, सक्षम कुमार, अक्षिता पंडित, कुमार वत्सल, आर्या जैन, ऐश्वर्या प्रसाद, शिवन्या अग्रवाल, रवि कुमार साव, अक्षत सिंह, सूरज कुमार साव, समरेश किस्कू, सौरभ भारती, बेबी कुमारी, काजल कुमारी, दिव्यांका कुमारी, सौरव रवानी, नियति कुमारी, खुशी कुमारी, श्रेया प्रसाद रजक, प्रगति प्रिया, मनीषा सिंह, संचिता मुखर्जी, राधिका सहाय, समृद्धि कुमारी, राज कुमार किस्कू, मनीष कुमार राम, संदीप कुमार पासवान, मनीषा कुमारी, पूनम कुमारी, उषा कुमारी, अभया भारती, किरण कुमारी, नैना कुमारी गुप्ता, सुरभि नूपुर, तूलिका टुडू, जुली कुमारी तथा उन्नति प्रिया शामिल है। चयन प्रक्रिया का सञ्चालन मुख्य कोच रंजीत केशरी, कोच कृष्णा कुमार साव, विकाश कुमार, ममता पांडेय तथा मृत्युंजय कुमार के देख रेख में संपन्न हुई। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मेजबान धनबाद के अलावा बोकारो, रांची, दुमका, लोहरदगा, हज़ारीबाग, पलामू, कोडरमा, गढ़वा, देवघर तथा पूर्वी सिंघभूम से लगभग 200 पुरुष तथा महिला थांग टा खिलाड़ी भाग लेंगे।

## पाटलिपुत्र हॉस्पिटल का नि:शुल्क मेगा हेल्थ चेक अप अभियान

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह टाउन के तत्वावधान में पाटलीपुत्र मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल (यूनिट ऑफ पाटलीपुत्र नर्सिंग होम) जोड़ा फाटक रोड धनबाद का निःशुल्क मेगा हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन गिरिडीह के पूर्व विधायक निर्भया शाहबादी ने किया। यह कैम्प श्याम मंदिर परिसर, श्याम भवन गिरिडीह मे हुआ। अस्पताल के तरफ से पांच विभाग के डॉक्टर उपस्थित थे। जिसमें हड्डी एवं नस रोग के डॉ. निखिल ड्रॉलिया, मूत्र रोग डॉ साकेत नारनोली, मनोरोग डॉ शिल्पी कुमारी, स्त्री रोग डॉ विदिशा ड्रॉलिया एवं जेनेरल फिजीशिय डॉ. एस. डी. चौधरी उपस्थित थे।लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह टाउन के तरफ से लायंस प्रदीप डोकानिया, लायंस अशोक बागरिया, लायंस संजय डंगाइच, लायंस श्रवण केडिया एवं सभी सदस्यों के सहयोग से कैम्प को सुचारू रूप से चलने में अपना भागीदारी निभाई। इस कैम्प में कुल 174 मिरोजो को देखा गया। सभी मरीजो का निःशुल्क बी.पी, शुगर, हेमोग्लोबिन, कैल्शियम एवं ब्लड ग्रुप जांच किया गया।

## भूली मे वीर कुंवर सिंह की जयंती मनाई गई

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भूली सी ब्लॉक में वीर कुंवर सिंह की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक दिनेश सिंह की अध्यक्षता में वीर कुंवर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया और श्रद्धा सुमन दी गई। श्रद्धांजलि देने वालों में झारखंड के पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक, झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनंत नाथ सिंह, वैभव सिन्हा, नवनीत नीरज, सीता राणा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष राजू हारी, नीलू कांत सिन्हा, सरजू सिंह, बिरेंद्र पासवान, रंजीत, अशोक सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सभा की अध्यक्षता दिनेश सिंह ने तथा धन्यवाद ज्ञापन रणजीत ने किया।

# भीषण जल संकट से जूझ रहे राजबाड़ी गितिल टोला और रायपाड़ा के ग्रामीण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़िया :** प्रखंड का राजबाड़ी गितिल टोला और राय पाड़ा बिचपहाडी गांव इन दिनों भीषण जलसंकट के दौर से गुजर रहा है। जहां रायपाड़ा बिचपहाड़ी की आबादी लगभग 200 लोगों की है। लेकिन वहां शुद्ध जलापूर्ति हेतू लगा ओवरहेड सोलर पानी टंकी विगत तीन माह से साधारण मरम्मती के अभाव में बंद पड़ा हुआ है। वहीं राय टोला में



सरकारी चापानल विगत एक वर्ष से खराब पड़ा हुआ है। हालात इतने बदत्तर हैं कि आदमी तो आदमी यहां के पालतू जानवरों के लिए भी एक किलोमीटर दूर स्थित निर्माणाधीन एकलव्य विद्यालय परिसर से माथे पर धोकर पानी लाना पड़ रहा है। इससे भी चिंतनीय स्थिति राजबाड़ी गितिल टोले की है। तेतुलिया पंचायत अंतर्गत आनेवाले इस गांव की पेयजल समस्या आजादी के बाद से लेकर अबतक यथावत है। पूर्व में गांव के लोग गितिल टोला स्थित एक वर्षो पुराने मिट्टी के कूप का पानी पीने को लाचार थे लेकिन इस बार की गर्मी में वो भी सुख चुका है । 300 की आबादी वाले इस गांव में एक भी चापानल चालू हालात में नही हैं । बस एकमात्र ओवेरहैड सोलर टंकी से वर्तमान में पुरे राजबाड़ी गितिल टोला वासी पानी पीने को मजबूर हैं । जो गांव की आबादी के अनुरूप नाकाफी है । वहां अक्सर पानी के लिये काफी भीड़ जमा हो जाती है और पहले हम पहले हम के चक्कर मे ग्रामवासियों में आपस मे अक्सर गुत्थमगुत्थी होने की नॉबत आ जाती है । इस बाबत ग्रामीण पौलुस मुर्मू , रफाएल हेम्ब्रम , मिताली मुर्मू , भगवती हेम्ब्रम सहित बिचपहाडी रायपाड़ा निवासी ललिता देवी , राजेश राय , महावीर राय , शंकर राय आदि ने बताया कि पानी के लिये इतनी लंबी दूरी तय करने में ग्रामीण महिलावों की स्थिति खराब हो जाती है ।

## केंद्रीय अध्यक्ष प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीणों से बात चीत कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारिबाग :** नव झारखंड फॉउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा ने कटकमदाग प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत डेंगुरा पंचायत में भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से बात चीत कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए । उन्होंने पाया कि ढेंगुरा पंचायत कि अत्यंत गरीब महिला मरियम खातून पति एम.डी. साबिर का मकान कि हालत ऐसी देखने को मिल रही है कि पुरे परिवार कि जिंदगी ईस्वर भरोसे टिक रही है इनकी क्क्रू आवास वर्ष 2017-2018 में ही जनगणना में लिस्ट में नाम जोड़ा गया था लेकिन जनप्रतिनिधियो को चढ़ावा नही मिलने के कारण आज तक आवास से वंचित रखा गया है इस पंचायत में वैसे लोगो को भी आवास दिया गया जो परिपूर्ण लोग है जो गहन जाँच की विषय है। ग्रामीणों से पूछे जाने के बाद मुखिया एंव उपमुखिया टाल मटोल करते आ रहे है,। ग्रमीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि बिना चढ़ावा का कुछ भी काम नही किया जाता । राणा ने प्रखंड पदाधिकारी से जांच करने की अपील की है। ओर आवश्यक व्यक्ति जिनको मकान की आवश्यकता है उन्हें ही आवास का लाभ मिले।

## बड़कागांव के पंडरिया ग्राम वासियों को सदर विधायक ने दिया शिव परिवार सहित बजरंगबली की प्रतिमा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिले के बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत पंडरिया में आगामी 29 अप्रैल 2023 को आयोजित होने वाले श्री श्री 108 श्री शिव परिवार सह हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा रूद्र महायज्ञ से पूर्व रविवार को सदर विधायक मनीष जायसवाल के द्वारा शिव परिवार और वीर बजरंगी की आकर्षक प्रतिमा भेंट किया गया। विधायक मनीष जायसवाल के अनुपस्थिति में उनके पिता सह हजारीबाग के पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल ने पंडरिया ग्राम के यज्ञ आयोजन समिति के पदाधिकारियों को



विधायक मनीष जायसवाल का यह भेंट सौंपा और यज्ञ के सफल आयोजन की हार्दिक बधाई दी। ज्ञात हो की एक सप्ताह पूर्व ही इस धार्मिक आयोजन को लेकर आयोजन समिति के लोगों ने हजारीबाग पहुंचकर विधायक मनीष जयसवाल से मुलाकात की और उन्हें इस धार्मिक अनुष्ठान में सम्मिलित होने का न्यौता दिया था और प्रतिमा के लिए अनुरोध किया था। ज्ञात हो की 29 अप्रैल से 04 मई 2023 तक यहां इस महायज्ञ का आयोजन किया जायेगा ।प्रतिमा लेने हजारीबाग विधायक कार्यालय पहुंचे यज्ञ आयोजन समिति के संजय महतो, गुलाब ठाकुर, राजकुमार राणा, कमलनाथ महतो, धर्मनाथ महतो, प्रेम राणा, रामचंद्र कुशवाहा सहित अन्य लोगों ने विधायक मनीष जायसवाल के प्रति आभार प्रकट किया और उन्हें हजारीबाग का हिंदू हृदय सम्राट बताया। मौके पर विशेषरुप से कटकमदाग विधायक प्रतिनिधि अजय साहू, कटकमदाग भाजपा मंडल अध्यक्ष कविंद्र यादव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## हजारीबाग स्विमिंग एसोसिएशन का हुआ पुनर्गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग़ :** जहां एक और बच्चे अपनी पढ़ाई के साथ विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में सम्मिलित हो रहे हैं वहीं बच्चों की उत्साह को देखते हुए डिस्टिक स्विमिंग एसोसिएशन की साधारण बैठक की गई। जिसमें स्विमिंग एसोसिएशन के संरक्षक के रूप में सदर विधायक मनीष जयसवाल, झारखंड पुलिस के पूर्व आईजी दीपक वर्मा , डीएवी स्कूल के पूर्व फाउंडर प्रिंसिपल अशोक कुमार, विपिन बिहारी सिंह - झारखंड पुलिस, श्रधानंद सिंह- समाजसेवी को संरक्षक के रूप में



मनोनीत किया गया ।मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा की जिले के तैराकों को हर संभव मदद किया जाएगा एवं उन्होंने यह भी कहां की ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान स्विमिंग को चिन्हित कर विशेष प्रशिक्षण सुविधा प्रधान की जाएगी। ताकि वे भी झारखंड के प्रतियोगिताओं के साथ देश के अन्य स्विमिंग प्रतियोगिताओं भाग ले सकें। बच्चों को स्विमिंग के प्रति प्रोत्साहित करना लक्ष्य होगा।वही नवनियुक्त संरक्षक दीपक वर्मा ने कहा की बच्चों के प्रति हम लोगों से जो भी हो सकेगा हम लोग करने के लिए तैयार हैं।नवनियुक्त सचिव प्रह्लाद सिंह ने कहा कि बच्चों की उत्साह को देखते हुए संगठन का पुनः गठन किया गया है हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि बच्चों के प्रति यह संगठन काफी लाभदायक साबित होगी हम सब मिलकर बच्चों को स्विमिंग के प्रति जागरूक करेंगे।

## विश्वविद्यालय ने छात्रों को लूट का ज़रिया बनाया : चंदन सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय में फोर ईयर अंडर ग्रेजुएट प्रोग्राम 20022-26 के तहत पढ़ाये जाने वाले विषय योगा वेलनेस एवं फ़िटनेस विषय की पढ़ाई के लिए पूरे विश्वविद्यालय के किसी भी महाविद्यालय में एक भी शिक्षक नहीं है।बिना शिक्षकों के छात्रों ने पढ़ाई पूरी कर ली और उनके प्रथम सेमेस्टर कि परीक्षा भी ले ली गई है।बिना शिक्षक के छात्रों ने परीक्षा तो दे दिये परंतु सवाल यह उठता है कि छात्रों के उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन किसने किया(इंटरनल परीक्षा)।या आगे कौन करेगा। वहीं एक नया मामला सामने आया है जिसने दूसरे सेमेस्टर में छात्रों को इंट्रोडेक्ट्री कोर्स में साइबर डिफेंस की पढ़ाई करनी है।छात्रों ने पूर्ण शुल्क दे कर महाविद्यालयों में नामांकन करवा लिया है।सिलेबश में साइबर डिफेंस की पढ़ाई भी शामिल है परंतु विश्वविद्यालय ने एक नोटिफिकेशन(VBU/NEP/R/vvz®) जारी कर छात्रों को साइबर डिफ़ेंस की पढ़ाई के लिए 300 रुपए और 18त्नजीएसटी जमा करने का निर्देश दिया है।

## पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट, एसोसिएशन का मीटिंग अटल सांस्कृतिक भवन (सर्किट हाउस) में रखा गया। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा एवं संचालन उपाध्यक्ष कुलेश्वर प्रसाद मेहता ने किया। सर्वप्रथम 20 अप्रैल 2023 को जम्मू कश्मीर में शहीद 5 जवानों को श्रद्धांजलि दिया गया एवं उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। मीटिंग में संगठन के उत्थान हेतु सभी सदस्यों ने बारी-बारी से अपना बात रखा और अंत में सभी की सहमति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया साथ ही चार सदस्यों को माला पहना कर संगठन का सदस्यता ग्रहण करवाया गया। मीटिंग में चतरा रामगढ़ के सदस्यों ने भी भाग लिया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा ने कहा कि आप जहां भी रहे संगठित रहें यही हमारी ताकत है। मीटिंग हजारीबाग जिला अध्यक्ष शंकर सिंह के देखरेख में संपन्न हुआ।इस मीटिंग मे मुख्य रूप से प्रदेश



अध्यक्ष अरविंद ओझा, उपाध्यक्ष कुलेश्वर प्रसाद मेहता, कोषाध्यक्ष उपकार सिंह, संगठन महामंत्री चंद्रिका प्रसाद कुशवाहा, हजारीबाग जिला अध्यक्ष शंकर सिंह, सचिव अजीत सिंह, उप सचिव सुरेश दांगी, केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष वासुदेव साहू, बरही प्रखंड अध्यक्ष मुकेश सिंह, चतरा जिला प्रवक्ता ओमप्रकाश सिंह, सलाहकार किशोरी किशुन, भोलानाथ प्रसाद, देवेंद्र कुमार यादव, बिंदेश्वरी

## विप्र फाउंडेशन व विश्व ब्राह्मण संघ के संयुक्त तत्वाधान ब्लड डोनेशन कैम्प सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ झारखंड,विप्र फाउंडेशन व विश्व ब्राह्मण संघ रामगढ, झारखंड के सौजन्य से रविवार को ब्लड डोनेशन कैम्प स्थान होटल मनोहर रेसीडेंसी झण्डा चौक स्थित रामगढ केन्ट झारखंड मे समय सुबह 10.00 बजे से शाम 4 बजे तक लगाया गया। मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश के ,भारतीय खाद्य निगम एफ सी आई सलाहकार प्रकाश मिश्रा,पूर्व अध्यक्ष रामगढ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एन्ड इंडस्ट्रीज सुबोध पाण्डे एवं विप्र फाउंडेशन झारखंड प्रदेश महासचिव सह विश्व ब्राह्मण संघ झारखंड प्रदेश मुख्य महासचिव प्रदीप कुमार शर्मा थे , सर्व प्रथम भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर, दिप प्रज्ज्वलित कर स्वस्तिवाचन मन्त्र के साथ विधिवत उद्घाटन किया गया, उसके उपरांत अतिथियो को अंग वस्त्र ओढ़ाकर बुके नवीन पाठक, श्याम शर्मा ने सम्मानित किया , वही महिला उपाध्याय संजू शर्मा को सचिव अलका पाठक ने बुके देकर सम्मानित किया।सर्व प्रथम महासचिव प्रदीप कुमार शर्मा व शिप्रा मिश्रा ,मधु शर्मा इत्यादी अनेको महिला ने रक्तदान किया महिलाओ मे काफ़ी उत्साह देखने को मिला।कार्यक्रम कि अध्यक्षता कमल शर्मा व संचालन श्याम शर्मा ने किया एवं धन्यवाद ग्यापन रवि मिश्रा एवं संगठन सचिव पं राजीव ठाकुर ने किया, सूरज शर्मा व अवधेश पाठक का सराहनीय योगदान रहा ,मुख्य रूप से अशोक कुमार शर्मा, कमल शर्मा, महेन्द्र दुबे ,पं राजीव ठाकुर , सूरज शर्मा, अवधेश पाठक अशोक पाण्डेय, मुना मिश्रा, राजू शर्मा, गोकुल शर्मा, संदीप शर्मा,प्रणव मिश्रा , रमेश शर्मा, शशिकांत दुबे, हेमन्त भोजक, रमण शर्मा ,आनन्द पाठक, उदय पांडे इत्यादि अनेकों लोग उपस्थित थे, कार्यक्रम के अन्त मे भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर चर्चा कि गई आगामी 30,04,2023 दिन रविवार को समय 10 बजे से गुरुनानक ऑडिटोरियम, रामगढ, के विशाल हॉल मे हजारो कि संख्या मे, पुरे उत्साह के साथ मनाया जायेगा।

## ईद त्योहार के अवसर पर मस्जिदों में हैलोजन लाइट का वितरण किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया, समाजसेवी सी के पाण्डेय, मुखिया सुमन कुमार,मुखिया अब्बास अंसारी,पूर्व मुखिया मोइन अंसारी,पूर्व मुखिया गुड्डी देवी ने ईद के अवसर पर बरकट्ठा प्रखण्ड अंतर्गत शिलाडीह,बनवारी, बण्डासिंघा,बरकट्ठा,कोनहारा खुर्द,कोनहारा,घंघरी क्षेत्रों के लगभग सभी मस्जिदों में एलईडी लाइट हेलोजन का वितरण किया।इस अवसर पर जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया ने कहा कि हमसबों को सभी धर्मो के प्रति सम्मान करना कर्तव्य



है।उन्होंने कहा कि अपने शुभचिंतकों के सहयोग से आने वाले श्रावण महीना तक जिला परिषद बरकट्ठा दक्षिणी क्षेत्र के लगभग सभी धार्मिक स्थलों में एलईडी लाइट हैलोजन लगा दिया जाएगा।इस अवसर पर समाजसेवी सी के पाण्डेय, झुरझुरी मुखिया सुमन कुमार, बरकट्ठा मुखिया अब्बास अंसारी,पूर्व मुखिया बेलकप्पी गुड्डी देवी, कोनहारा खुर्द पूर्व मुखिया मोइन अंसारी, समाजसेवी अर्जुन राणा, उप मुखिया नेजाम सहजाद, समाजसेवी रिंकू माली, इस्राफील आलम, सलाउद्दीन अंसारी, आफताब आलम, असरफ अंसारी, आफताब अंसारी, मुजीब अंसारी, हैदर अंसारी, मुमताज अंसारी, बदरुद्दीन अंसारी,कौशर अंसारी, सरफराज अंसारी, जमीला खातून, आबिद अंसारी,नान्हू अंसारी, मुख्तार अंसारी,समसुद्दीन अंसारी, बासिर मियाँ, इमाम मुज़फ़्फ़र हुसैन, के अलावा गणमान्य व्यक्ति, युवा साथी एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

## जयंती पर याद किए गए बाबू वीर कुंवर सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सामाजिक समरसता के अद्भुत प्रतीक 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती रविवार को शहर के सर्किट हाउस के समीप प्रतिमा स्थल के पास उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद हुए। सभी लोग श्रद्धा पूर्वक पुष्प अर्पित किए।इस अवसर पर शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने भी प्रतिमा के समक्ष तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया।मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह को भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक के रूप में जाना जाता है। जो 80 वर्ष की उम्र में भी लड़ने तथा विजय हासिल करने का क्षमता रखते थे. अन्याय विरोधी व स्वतंत्रता प्रेमी बाबू वीर कुंवर सिंह कुशल सेनानायक थे।

## बिजली की चपेट में आने से मवेशी की मौत

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के बदवारा पंचायत अंतर्गत मधुपुर गांव में बिजली के 11000 तार गिरने से मवेशी की मौत हो गई। यह कोई पहली घटना नहीं है इससे पहले भी कई बार बिजली की चपेट में आने से मवेशी की मौत हो चुकी है। बिजली विभाग की लापरवाही है की आये दिन बिजली की तार गिरने से मवेशी की मौत हो रही है लेकिन विभाग बिलकुल लापरवाह है। वही मवेशी के मौत से ग्रामीणों में आक्रोश है और मुवावजे की मांग कर रहे है। बिजली विभाग को चाहिए की समय समय पर तार की चेकिंग करे और दुरस्त करे जिससे बेजुबान जानवर की हो रही मौत रुक सके। वही इस तार के चपेट में कोई इंसान भी आ सकता था इस तरह के लापरवाही अगर बिजली विभाग करती है तो एक बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर रही है।

## टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा में विश्व



पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस मौके पर स्कूल मे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया विश्व पृथ्वी दिवस कार्यक्रम का प्रारंभ संजीव श्रीवास्तव, दिलीप कुमार गुप्ता एवं विनोद कुमार तिवारी ने विद्यालय के प्राचार्य पी.के.मिश्रा को पौध देकर किया। विनोद कुमार तिवारी ने विश्व पृथ्वी दिवस के बारे में बच्चों को जानकारी देते हुए या कहा कि हम अपनी पृथ्वी को अधिक मात्रा में वृक्ष लगाकर ही बचा सकते हैं। पर्यावरण की रक्षा से ही दुनिया की सुरक्षा संभव है। बच्चों को प्रकृति संरक्षण और पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्राचार्य पी.के.मिश्रा ने भी बच्चों को बताया कि बच्चे किस प्रकार पृथ्वी को हरा भरा रखने में और पर्यावरण को स्वच्छ रखने में मदद कर सकते हैं। प्राची महतो ने अंग्रेजी में और तन्मय प्रकाश पाण्डेय ने हिंदी में विश्व पृथ्वी दिवस के बारे में भाषण दिया। आदित्य कुमार सिंह ने विश्व पृथ्वी दिवस पर आधारित बच्चों से प्रश्न पूछा। रिद्धिमान बनर्जी के द्वारा बच्चों को पौधे लगाने और उसे बचाने के लिए शपथ दिलाई गई। विद्यालय के प्राचार्य पी.के.मिश्रा एवं अन्य शिक्षकों ने भी विद्यालय प्रांगण में पौधे लगाए। इस अवसर पर पृथ्वी को संरक्षित करने एवं पर्यावरण को बचाने के लिए बच्चों के द्वारा चित्र भी बनाए गए। कार्यक्रम का संचालन दसवीं कक्षा की छात्रा अर्चिसा मंडल ने किया।

## सर्वदलीय बैठक में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार व जनहित में जन समस्याओं के निदान पर चर्चा

**धनबादा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को गोधर के काली मंदिर के



बगल में सर्वदलीय बैठक अवध सिंह एवं विनय सिंह की अध्यक्षता में बैठक रखी गई। बैठक का नेतृत्व संजय पासवान एवं संचालन अमर पासवान के द्वारा किया गया।

# श्रमिक समस्याओं पर वार्ता के बाद धरना स्थगित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ संबद्ध भा.म.संघ द्वारा श्रमिक समस्याओं को लेकर रविवार को सुबह 11 बजे से कोयला भवन के लेबल-III में सिमरन दत्त अध्यक्ष सह प्रबंध बी.सी.सी.एल. की मध्यक्षता में संघ के साथ द्विपक्षीय वार्ता सौहार्दपूर्ण स्थिती में सम्पन्न हुई। संघ के महामंत्री सह केन्द्रीय सलाहकार समिति सदस्य बीसीसीएल रामधारी ने वार्ता में वर्षो से लंबित समस्या जैसे जन्मतिथि सुधार, उम्र विवाद, नियोजन, पदोन्नती, क्लर्क, ठेका वाहन चालको को पूनः कार्य पर वापस लाने, 13 दिनों का बकाया पैसा भुगतान आदि अन्य विषयो से प्रबंधन को अवगत कराया। जिस पर बैठक में उपस्थित प्रबंधन की ओर से साकारात्मक पहल करते हुये समय सीमा निर्धारित कर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया तत्पश्चात 24 अप्रैल से कोयला भवन के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना को स्थगित किया गया। रामधारी ने बताया कि श्रमिकों के ज्वलंत समस्याओं को लेकर संघ द्वारा दिनांक 24 अप्रैल से कोयला भवन के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना करने का निदेशक कार्मिक बी.सी.सी.एल. को पत्राचार की गई थी, जिसकी एक प्रति अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक बीसीसीएल को भी दी गइ थी। जिसपर सिमरन दत्ता, सीएमडी ने ज्वलनशील मुद्दे को देखते हुए स्वंय संज्ञान में लेते हुए बैठक में उपस्थित होते हुए अपने बोर्ड सभागार में रविवार को बैठक बुलाई और समस्या का समाधान करने को संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।

## राष्ट्रीय सूड़ी समाज का बंगला नववर्ष व सूड़ी एकता सम्मेलन संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** रविवार को धनबाद जिला के सरायढेला थाना अंतर्गत स्टील गेट दुर्गा मंदिर प्रांगण में राष्ट्रीय सूड़ी समाज के बैनर तले बांग्ला नववर्ष एवं सूड़ी एकता सम्मेलन संपन्न हुई।

जिसमें पश्चिम बंगाल सहित विभिन्न राज्य से प्रतिनिधि हिस्सा लिये। झारखंड राज्य के विभिन्न जिला से हजारों की संख्या में सूड़ी बंधु एकजुट हुए।

सभा का आयोजन राष्ट्रीय सूड़ी समाज धनबाद जिला टीम ने किया।

मंच का संचालन धनबाद जिला अध्यक्ष राजेश मंडल ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में गोड्डा पूर्व सांसद सूरज मंडल उपस्थित थे।

### नौजवान कमिटी ने दिव्यांग बच्चों के साथ मनाई ईद

## खुशियां बांटने से ही बढ़ती है : सोहराब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** ईद के पावन अवसर पर नौजवान कमिटी,पूराना बाज़ार की टीम सोहराब ख़ान के साथ दिव्यांग बच्चों की स्कूल पहला कदम पहुँची। नौजवान कमिटी के संस्थापक सदस्य सोहराब ख़ान पिछले 11 वर्षो से पहला क़दम के बच्चों के साथ ईद की ख़ुशियाँ बाँटते आ रहे हैं। नौजवान कमिटी की टीम ने पहला क़दम के बच्चों के साथ ईद मनाया। बच्चों ने ईद की खुशियों के गीत के साथ नौजवान कमिटी की टीम का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। नौजवान कमिटी की टीम ने बच्चों को गुलाब का फूल दे कर एवं सेवाइयाँ एवं अल्प आहार करवा कर ईद के त्यौहार को ख़ास बना दिया। इस अवसर पर सोहराब ख़ान ने कहा की ख़ुशियाँ बाँटने से बढ़ती हैं और पहला क़दम के बच्चों के साथ खुशियाँ बाँटने से बेहतर ईद मानना और क्या हो सकता है। इस अवसर पर सोहराब ख़ान, इमरान अली, अफ़रोज़ ख़ान, तनवीर अंसारी, ख़ुर्शीद आलम एवं टोटो संघ के प्रवक्ता संतोष कुशवाहा उपस्थित थे।

## चिरकुंडा थाना अंतर्गत चोरों का तांडव जोरों पर है जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुमारधुबी :** चिरकुंडा थाना अंतर्गत जलापूर्ति के लिए इको पार्क में लगे ट्रांसफार्मर को फिर एक बार चोरों ने अपना शिकार बनाया। ट्रांसफार्मर को खोल अंदर के तांबा पीतल लेकर फरार हो गये। आपको बताते चलें 2 महीना पूर्व भी चोरों ने ट्रांसफार्मर खोलकर चोरी करने का प्रयास किया था पर उस वक्त चोर सफल नहीं हो पाए थे। सबसे मजेदार बात ये रही की बीसीसीएल प्रबंधन एवं प्रशासन पिछ्ली बार के चोरी से कुछ शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाए थे पर चोर बहुत कुछ सीख इस बार चोरी को अंजाम देने में सफल रहे।



वहीं जानकर आश्चर्य होगा की इस घटना को अंजाम देने 20 से 25 चोरों को लगभग 3 घंटे का समय लगा होगा। पर इस दौरान किसी को कानो कान खबर नहीं हुआ। आखिर इन बेखौफ चोरों को किस-किस का संरक्षण प्राप्त है। चोरों कि इस कारनामे से क्षेत्र के लोग आतंक में हैं।

इस भीषण गर्मी में 10,000 से अधिक आबादी को जल संकट झेलना पड़ेगा।

## मलेरिया को रोकना सामाजिक जिम्मेदारी : सिविल सर्जन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वाहन करके मलेरिया जैसी बीमारी को रोका जा सकता है। मलेरिया की रोकथाम एवं उसके बचाव के लिए अपने आसपास पानी को जमा न होने दें। जमे हुए पानी में कीटनाशक, जला हुआ मोबिल, किरासन तेल डालें। जिससे मच्छर प्रजनन न कर सके। पानी की टंकी को ढक कर रखें। फ्रिज, कूलर, फूलदानी व अन्य बर्तनों का पानी सप्ताह में एक दिन अवश्य सुखा लें। घरों के अंदर कीटनाशक का छिड़काव करें एवं मच्छरदानी का प्रयोग करें। उपरोक्त बातें सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने विश्व मलेरिया दिवस को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में कहीं। उन्होंने कहा कि 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इस दिन मलेरिया को नियंत्रित करने, उसके उन्मूलन के वैश्विक प्रयास के बारे में और लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए इसका



आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है। भारत में संक्रमण के 65 प्रतिशत प्लाजमोडियम वाइवैक्स तथा 35 प्रतिशत प्लाजमोडियम फैल्सीपैरम के कारण होता है। छोटे बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं में इस रोग के प्रति प्रतिकार क्षमता अत्यंत कम होती है। इसके कारण माता मृत्यु, मृत शिशुओं का जन्म, नवजात शिशुओं का वजन अत्यधिक कम होना एक प्रमुख समस्या है। इसे रोकने के लिए गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व मलेरिया की जांच अनिवार्य की गई है। उन्होंने बताया कि ठंड के साथ बुखार आना, उल्टी होना या उल्टी जैसा लगना, शरीर में ऐठन एवं दर्द, सिर दर्द, चक्कर आना तथा थोड़ी देर में पसीने के साथ बुखार आना मलेरिया के लक्षण हो सकते हैं। ऐसा होने पर तुरंत चिकित्सीय परामर्श लेना हितकारक है। कहा कि मलेरिया की जांच एवं उपचार की सुविधा प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्र एवं स्वास्थ्य कर्मियों (सहिया, एम.पी.डब्लू., ए.एन.एम.) के पास निःशुल्क उपलब्ध है। गम्भीर मलेरिया के रोगियों की जांच एवं पूर्ण उपचार की सुविधा सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सदर अस्पताल एवं एसएनएमएमसीएच में उपलब्ध है। सिविल सर्जन ने बताया कि 25 अप्रैल, विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन कार्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## माना पाठक ने किया विभिन्न क्षेत्रों का दौरा



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जनहित मोर्चा के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष माना पाठक ने आज रविवार को टुंडी के विभिन्न मुस्लिम बहुल क्षेत्रों का दौरा किया एवं ईद उल फितर जैसे महान पर्व पर सभी लोगों से मिलकर बधाईयां दी। बताया जाता है कि आज रविवार को टुंडी के बिसनीपतरा, कमारडीह, महाराजगंज, टुंडी,मंछियारा, सर्रा आदि ईदगाहों में पहुंचे और ईद की? मुबारकबाद देते हुए गले मिले और लोगों से कुशलक्षेम जाना। मौके पर उनके निजी सचिव मुरारी सिंह, डॉ नंदकिशोर केवट, मृत्युंजय ठाकुर, अरूण रवानी,नरेश रवानी, गिरधारी तिवारी, इम्तियाज अंसारी, गुलाम अंसारी, डॉ अख्तर इमाम, मुश्ताक अंसारी, मुख्तार अंसारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सोनपुर मंडल के सराय स्टेशन पर FOB के गर्डर लॉंचिंग हेतु दिनांक 25.04.2023 को ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक के कारण ट्रेनों के परिचालन में परिवर्तन

**हाजीपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोनपुर मंडल के हाजीपुर-मुजफ्फरपुर रेलखंड के सराय स्टेशन पर FOB के गर्डर लॉंचिंग हेतु 25.04.2023 को 06.25 बजे से 10.55 बजे तक ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक लिया जायेगा । इस कारण ब्लॉक के दिन ट्रेनों के परिचालन में निम्नानुसार परिवर्तन किया गया है -

**पुनर्निधारित कर चलायी जाने वाली ट्रेनें -**1. दिनांक 25.04.23 को दानापुर से खुलने वाली गाड़ी सं. 13226 दानापुर-जयनगर एक्सप्रेस दानापुर से 155 मिनट पुनर्निधारित समय से खुलेगी ।

2. दिनांक 25.04.23 को बापूधाम मोतिहारी से खुलने वाली गाड़ी सं. 15556 बापूधाम मोतिहारी-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस बापूधाम मोतिहारी से 165 मिनट पुनर्निधारित समय से खुलेगी ।

3. दिनांक 25.04.23 को मुजफ्फरपुर से खुलने वाली गाड़ी सं. 05253 मुजफ्फरपुर-पाटलिपुत्र पैसेंजर स्पेशल मुजफ्फरपुर से 110 मिनट पुनर्निधारित समय से खुलेगी ।

**नियंत्रित कर चलायी जाने वाली ट्रेनें -**

1. दिनांक 24.04.23 को ग्वालियर से खुलने वाली गाड़ी सं. 11123 ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस रास्ते में 145 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी ।

2. दिनांक 24.04.23 को हटिया से खुलने वाली गाड़ी सं. 15027 हटिया-गोरखपुर एक्सप्रेस रास्ते में 100 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी ।

## वुशु प्रतियोगिता : गिरिडीह के अभिषेक कुमार ने जीता पदक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** 19वी झारखंड राज्यस्तरीय प्रतियोगिता वुशु प्रतियोगिता में गिरिडीह के अभिषेक कुमार ने जीता पदक। रांची के खेल गॉव में 22 और 23 अप्रैल को हुए 19वी सिनियर राज्यस्तरीय वुश प्रतियोगिता में भाग लेने गिरिडीह से अभिषेक कुमार और पवन कुमार खेलने गए हुए थे जिसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अभिषेक कुमार कांस्य पदक जीतने में कामयाब रहे। गिरिडीह जिला वुशु संघ के महासचिव आकाश कुमार स्वर्णकार ने बताया कि 22 और 23 अप्रैल 2023 को रांची के खेल गांव में सिनियर 19वी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ जिसमें गिरिडीह के अभिषेक कुमार ने कांस्य पदक जीत कर गिरिडीह का नाम रौसन किया है। उन्होंने बताया कि अभिषेक पूर्व में भी कई पदक जीत चुका है और निरंतर वुशु का अभ्यास कर रहा है और ये पूर्ण विस्वाश है कि जल्द ही वो अपने पदक को स्वर्ण पदक में बदलेगा। उसकी इस उपलब्धि से गिरिडीह के सभी खिलाड़ियों एंग पदाधिकारी में काफी खुसी की लहर है सभी ने उन्हें फोन पर बधाई भी दी। उन्होंने बताया कि उसके गिरिडीह वापस आने पर स्वागत समारोह का आयोजन कर संघ द्वारा सम्मानित किया जायेगा। गिरिडीह जिला वुशु संघ के संदीप डंगेसच, संरक्षक मुकेश जालान राजेंद्र तर्वे ,अनिल मिश्रा,उपाध्यक्ष संतोष खत्री, अमित स्वर्णकार, साधन पटनायक, कोषाध्यक्षया अनिता ओझा, जॉइंट सेक्रेटरी रोहित राय, अन्य पदाधिकारीयो ने अभिषेक कुमार और उनके कोच आकाश कुमार को पदक जीतने पर बहुत बहुत बधाई और सुभकामना दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## सख्त नियम से 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा 2023 के कला संकाय का मूल्यांकन हुआ आरंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** रविवार को झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा 2023 के कला संकाय का मूल्यांकन प्लस टू सर जे सी बोस बालिका उच्च विद्यालय में आरंभ हुआ। मूल्यांकन आरंभ से पहले मूल्यांकन निदेशक मुन्ना प्रसाद कुशवाहा ने झारखंड अधिविध परिषद द्वारा प्रतिनियुक्त परीक्षकों को मूल्यांकन के गाइडलाइंस का बारीकी से निर्देश दिया। कुशवाहा ने जैक के निर्देश के आलोक में मूल्यांकन परिसर में किसी भी परीक्षक को मोबाइल अपने साथ नहीं रखने की हिदायत दी, स्विच ऑफ मोड में भी रखना मना होगा । मूल्यांकन के दौरान जैक के निर्देश के अनुसार हर उत्तर का स्टेप वाइज मार्किंग के अनुदेश का कड़ाई से पालन करना होगा। इस दरमियान मूल्यांकन अवधि 10꞉00 से 5꞉00 तक और सभी परीक्षकों का बायोमेट्रिक उपस्थिति आवश्यक होगा ।1 परीक्षक 1 दिन में 70 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए इस बात का ध्यान रखेंगे मूल्यांकन के दौरान



किसी भी विद्यार्थी के उत्तर पुस्तिका में बिना भेदभाव का मूल्यांकन करेंगे। सेवानिवृत्त और ब्लैक लिस्ट शिक्षकों को इस मूल्यांकन से दूर रखा गया है।

प्रधान परीक्षक सह परीक्षकों द्वारा जांची उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर मूल्यांकन करते हुए वेरीफाई करेंगे। उन्हें अलग से उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन नहीं करना है।

बड़ी सावधानी से अंको को मार्क्स पोलियो में चढ़ाने का काम किया जाए ताकि किसी भी प्रकार के अशुद्धि से बचा जा सके।

## तैलिक साहू सभा ने मनाई दानवीर भामाशाह जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** रविवार को गिरिडीह जिला तैलिक साहू सभा के द्वारा आज 23 अप्रैल को साहू समाज भवन हुट्टी बाजार, गिरिडीह में दानवीर भामाशाह जयंती मनाई गई। इस समारोह की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बाल गोविंद साहू (अधिवक्ता ) तथा मंच संचालन महासचिव धर्म प्रकाश ने किया। इस समारोह में गिरिडीह सदर विधायक श्री सुदिव्य कुमार सोनू विशिष्ट अतिथि तथा गिरिडीह नगर निगम के उपमहापौर प्रकाश सेठ एवं कोडरमा सांसद प्रतिनिधि दिनेश कुमार यादव अतिथि के रूप में उपस्थित थे।



कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों तथा उपस्थित लोगों के द्वारा दानवीर भामाशाह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विशिष्ट अतिथि माननीय विधायक सुदिव्य कुमार सोनू अतिथि प्रकाश सैनी जिला अध्यक्ष बाल गोविंद साहू तथा राज्य कार्यकारी अध्यक्ष उमा चरण प्रसाद साहू के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया। अतिथियों का स्वागत जिला अध्यक्ष द्वारा बुके देकर किया गया। अतिथियों एवं उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए जिला अध्यक्ष बाल गोविंद साहू ने कहा कि भामाशाह केवल दानवीर ही नहीं ,बल्कि एक राष्ट्रभक्त तथा शूरवीर भी थे। जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व दान कर दिया। उन्होंने समाज के लोगों को उनके जीवनी से प्रेरणा लेने की अपील की। विशेष अतिथि माननीय विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि साहू समाज में भामाशाह का डीएनए है ।इसीलिए साहू समाज के कामों का लाभ समाज के तमाम लोगों को मिलता है।

## बीसीसीएल कर्मी का शव मिला, जांच में जुटी पुलिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बलियापुर :** धनसार थाना क्षेत्र के आमटाल, बेड़ा बॉर्डर पर कुमिर डोभा ग्राम थान के पास धोखरा के कहालडीह निवासी 50 वर्षीय (बीसीसीएल कर्मी) निमाई रवानी का शव पाया गया। शव मुंह के भर पड़ा था। उसके बगल में शराब की बोतल एवं प्लास्टिक के कई गिलास भी पड़े थे। उसका बाइक भी वहीं पड़ा था। वस्तु स्थिति से शंका हत्या की जताई जा रही है। पुलिस जांच में जुट गई है।

**मृतक दुबारी कोलियरी में था कार्यरत, सुबह 5:30 बजे ड्यूटी के लिए निकला था घर से**

जानकारी के मुताबिक निमाई



दुबारी कोलियरी में कार्यरत था। उसका ड्यूटी प्रथम पाली में था।

जिसका समय सुबह 6 बजे से 2 बजे तक था। 5:30 बजे सुबह ड्यूटी के लिए बाइक से निकला था। काफी देर होने के बाद भी घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। इसी दौरान शव पाए जाने की सूचना पर मृतक की पत्नी आशा देवी व उसके परिजन शव स्थल पहुंचे और उसकी पहचान की। इसकी सूचना पर आमटाल के मुखिया संजय गोराई समेत काफी संख्या में ग्रामीण भी पहुंचे थे।

**नियोजन के मांग पर ग्रामीणों ने पुलिस को शव ले जाने से रोका,**

**डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर पहुंचे**

देर शाम करीब 7 बजे धनसार पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाना चाहा तो मृतक के परिजनों एवं ग्रामीणों ने रोक दिया। यह लोग परिवार में से किसी एक को नियोजन देने की मांग कर रहे थे। उसके बाद करीब 8 बजे धनबाद डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर पहुंचे। डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर एवं बीसीसीएल के पदाधिकारीयों द्वारा सकारात्मक वार्ता किए जाने के आश्वासन पर ग्रामीणों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने दिया। मृतक का एक पुत्र व एक पुत्री है। पूरे परिजन रो रोकर बेहाल हैं।

# हॉकी सिमडेगा का महाभियान, छुपा ना रह जाए एक भी प्रतिभावान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** जंगलों और पहाड़ों के बीच बसे जिला मुख्यालय से लगभग 110 किलोमीटर दूर स्थित बानो प्रखंड के सुदूरवर्ती हुरदा और बांकी तथा कोलेबिरा प्रखंड के अघरमा में हुआ खिलाड़ियों का चयन ट्रायल। हॉकी सिमडेगा के सदस्यो ने 3000 हजार किलोमीटर से भी अधिक यात्रा कर जिला के 87 पंचायत के लिए 22स्थलों में चयन ट्रायल आयोजित कर किया खिलाड़ियों का चयन। इस चयन ट्रायल में सामिल कई खिलाड़ी बानो और 70त्र खिलाड़ी सिमडेगा नही देखे है। बानो प्रखंड के विभिन्न इलाके में आयोजित आज ट्रायल में खूंटी जिला और पश्चिमी सिंहभूम जिला के भी खिलाड़ी पहुंच गए थे। हॉकी सिमडेगा द्वारा आयोजित होने वाले सिमडेगा जिला स्तरीय सबजूनियर महिला और पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2023 में सिमडेगा जिला का कोई भी प्रतिभाशाली हॉकी खिलाड़ी खेलने से वंचित ना रह जाए।जिसके लिए हॉकी सिमडेगा ने एक कार्यक्रम चलाया है हॉकी सिमडेगा का महाभियान छुपा ना रह जाए एक भी प्रतिभावान के तहत तीन चार पंचायत को एक जगह मिलाकर सिमडेगा जिला के सभी 94 पंचायतों के लिए 24 स्थलों में 16 वर्ष से कम उम्र सीमा के महिला और पुरुष हॉकी खिलाड़ियों के लिए चयन ट्रायल आयोजित कर टीम का गठन किया जा रहा है और इस टीम को सिमडेगा जिला स्तरीय सब महिला और पुरुष हॉकी चैम्पियनशिप में खेलने का अवसर दिया जाएगा। जिसके तहत आज जंगलों और पहाड़ों के बीच बसे जिला मुख्यालय से लगभग 110 किलोमीटर दूर स्थित बानो प्रखंड के सुदूरवर्ती हुरदा खेल मैदान में जेनमेर पंचायत, जमतई पंचायत, साहूबेड़ा पंचायत ,डुमुरिया पंचायत और रायकेरा पंचायत के लिए तथा बांकी खेल मैदान में उकौली पंचायत, बांकी पंचायत, बिनतुका पंचायत तथा बड़का डॉईल पंचायत के लिए एवम कोलेबिरा प्रखंड के अघरमा खेल मैदान में अघरमा पंचायत, शाहपुर पंचायत और बरसलोया पंचायत के लिए चयन ट्रायल आयोजित कर तीनो स्थलों से एक एक महिला पुरुष टीम के लिए प्रत्येक टीम के लिए 20=20महिला और पुरुष हॉकी खिलाड़ी चयनित किए गए। हॉकी सिमडेगा के सदस्यो ने अभी तक सिमडेगा जिला के विभिन्न पंचायतों में 3000 हजार किलोमीटर से भी अधिक यात्रा कर जिला के 87 पंचायत के लिए 22स्थलों में चयन ट्रायल आयोजित कर किया 920 खिलाड़ियों का चयनित किए है । सुदूरवर्ती इलाकों में आज के चयन ट्रायल में सामिल कई खिलाड़ी बानो और 70त्र खिलाड़ी सिमडेगा भी नही देखे है। बानो प्रखंड के विभिन्न इलाके में आयोजित आज ट्रायल में खूंटी जिला और पश्चिमी सिंहभूम जिला के भी खिलाड़ी पहुंच गए थे।

# कोयल नदी से अवैध बालू उठाव करने पर पुलिस ने किया एक ट्रैक्टर जब्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** कोयल नदी से अवैध बालू उठाव करते एक ट्रैक्टर को पुलिस द्वारा जप्त किया गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा कोयल नदी से अवैध बालू उठाव पर कारवाई करते हुए सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान द्वारा एक ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया। बताया जाता है कि ईद पर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिये प्रशासन क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी। उसी दरमियान कोयल नदी से बालू का उठाव किया जा रहा था। जिसपर थाना प्रभारी का नजर पड़ते ही त्वरित कारवाई कर टैक्टर को पकड़ा लेकिन चालक कोयल नदी में गाड़ी छोड़ भाग गया। बताया जाता है कि जब्त टैक्टर में रजिस्टेशन नम्बर अंकित नही है। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार ने कहा अवैध रूप से बालू का उठाव ट्रैक्टर चालक एवं लेबर के द्वारा किया जा रहा था। और पुलिस गाड़ी देख गाड़ी को छोड़ चालक एवं लेबर भाग निकला। साथ ही उन्होंने कहा जब्त ट्रैक्टर के विरुद्ध खनन अधिनियम के तहत कारवाई हेतु अंचलाधिकारी को सूचित किया गया है।

# बाबू वीर कुंवर सिंह 80 वर्ष की उम्र में अंग्रेजों के दांत खट्टे किए थे : बाल कृष्णा सिंह



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रण बाकुरा बाबू वीर कुंवर सिंह जी का विजय उत्सव ग्राम भैसमुन्दो के समुदायिक भवन में क्षत्रिय महासभा द्वारा विवेक सिंह की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बालकृष्णा सिंह के द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह 80 वर्ष की उम्र में अंग्रेजों के दांत खट्टे किए थे। उन्होंने कभी अंग्रेजों की गुलामी स्वीकार नहीं की इस उम्र में उन्होंने तत्कालीन पूरे बिहार के क्षत्रियों को एकजुट कर आजादी की लड़ाई में कूदा और और अंग्रेजो के दांत खट्टे किए तत्कालीन बिहार के अपने सम्राज्य क्षेत्र से उन्होंने अंग्रेजो को भागने पर मजबूर किया युद्ध के दौरान गंगा पार करते हुए उनके हाथ में अंग्रेजो के द्वारा चलाई गई गोली लगी तब उन्होंने भारत माता की जय करते हुए अपने हाथ खुद अपने तलवार से काटते हुए गंगा मैया को समर्पित कर दिया उनके विचारों और साहसिक कदम को हमारे आने वाली पीढ़ियों को जानना चाहिए ताकि समय-समय पर अपने पूर्वजों की वीर गाथा को जान सके और लोगों को बता सकें इस अवसर पर बालकृष्णा सिंह, अभिषेक सिंह, विवेक सिंह, आनंद सिंह, मधुसूदन सिंह, अटम सिंह, सूरज, राजेश, सुदन, मनोज, संध्या कुमारी, रूपेश सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

# कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ हुआ तीन दिवसीय श्रीराम यज्ञ



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मेढो ग्राम में कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ हुआ तीन दिवसीय राम महायज्ञ। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के उगरा पंचायत स्थित मेढो ग्राम में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय श्रीराम यज्ञ प्रारम्भ किया गया। आयोजित कलश यात्रा में 251 महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा मेढो स्थित हनुमान मंदिर से आरम्भ हुआ जो कोयल नदी तट पहुंच जल का देव् वरुण का आवाहन कर गंगा पूजन, और आरती के पश्चात नदी से जल उठा कर मंदिर तक लाया गया। यज्ञ के मुख्य यजमान रविन्द्र सिंह कलश यात्रा के दौरान लुढ़कते हुए नदी तट तक पहुंचे और नदी से पुनः लुढ़कते हुए ही मंदिर प्रांगण वापस आए। यज्ञाचार्य सूर्यनारायण पाठक ने बताया की कलशयात्रा के साथ यज्ञ प्रारम्भ हो गया है। आज पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश वेदी पूजन और महाआरती की जाएगी उसके पश्चात 36 घंटे का अखंड हरिकीर्तन प्रारम्भ किया जायेगा। 24 अप्रैल को मंडपस्थ देवताओं का पूजन और संध्या मे महाआरती की जाएगी। यज्ञ के तीसरे दिन मंडपस्थ देवताओं का पूजन,अखंड हरिकीर्तन का समापन, हवन, पूर्णाहुति,और महाआरती के साथ यज्ञ की समाप्ति की जाएगी। यज्ञ के मुख्य यजमान रविन्द्र सिंह ने बताया की 1997 से प्रत्येक वर्ष जन कल्याण के लिए यज्ञ करते है। बताते हुए कहा कि कोरोना काल में दो वर्ष यज्ञ का आयोजन नहीं हो पाया था। यज्ञ के दौरान प्रत्येक दिन भंडारा चलता रहेगा। जिसमें सभी श्रद्धालु भक्त यज्ञ स्थल पहुंच भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य का भागीदार बन सकते हैं।

# स्वास्थ्य ही मनुष्य का सबसे बड़ा धन : डॉ. मृत्युंजय कुमार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार आज 44 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। हड्डी एवं नस के विशेषज्ञ डॉ मृत्युंजय कुमार एवं जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए। सभी ने भारत माता की जय,वंदे मातरम और वीर शहीद जवान अमर रहे का नारा लगाएं। आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 43 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज कराकर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं सहसचिव संजय चौधरी ने डॉ मृत्युंजय कुमार को भागवत गीता व सेवा भारती की पुस्तिका एवं पुष्प देकर देकर सम्मानित किए। डॉ मृत्युंजय कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य ही मनुष्य का सबसे बड़ा धन है हर व्यक्ति को नियमित रूप से अपना स्वास्थ्य की जांच कराते रहना चाहिए। समाजसेवी दीपक सर्राफ के द्वारा प्रत्येक सप्ताह यह स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों का निशुल्क सेवा करना काफी प्रशंसनीय है इसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है,और कहा कि मैं लोहरदगा में रहा तो इस शिविर पर अवश्य आकर लोगों का सेवा करता रहूंगा। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ व सहसचिव संजय चौधरी ने कहा कि यह प्रत्येक सप्ताह चल रहे निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में काफी लोग अपना इलाज करा कर लाभान्वित हो रहे हैं,और कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है,जो कि प्रत्येक सप्ताह निरंतर चलते रहेंगे चलते रहेंगे। आज लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेवल,वजन,हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए,डॉ मृत्युंजय कुमार से हड्डी एवं नस के साथ-साथ अन्य बीमारियों का भी चेकप कराते हुए परामर्श भी लिए। आज शिविर में,जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ मृत्युंजय कुमार, संजय चौधरी, सुबोध महतो, अतुल सर्राफ, अनूप कुमार महतो, अंजली सर्राफ, प्रभा देवी, दीपा पोद्दार, दिलीप सिंह, ओम प्रकाश महतो, अमर पोद्दार, मनमोहन प्रसाद, गीता देवी, सुदंर देवी, रेनू देवी, मीना देवी, शुभम ठाकुर, अंजू देवी, कामेश्वर साहू, सोमा उरांव,मोती लाल अग्रवाल, मुन्नी देवी, नीलम देवी, शिमला देवी, राम प्रसाद साहू, अनूपनाथ शाहदेव, उदय प्रसाद कास्यंकार, रमेश शर्मा, सूर्या देवी आदि थे।

# एमबी डीएवी विद्यालय में अर्थ दिवस पर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में प्राचार्य जी पी झा के तत्वावधान में पृथ्वी दिवस पर सीसीए प्रभारी शिक्षक अश्विन कुमार पात्रों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया। हमारी पृथ्वी एक मात्र ऐसा ग्रह है जहां जीवन संभव है। धरती पर जीवन को बनाए रखने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का पृथ्वी पर बने रहना अति आवश्यक है। धरती पर मनुष्य की स्वार्थ पूर्णता, आधुनिकता तथा औद्योगिकरण की होड तथा लापरवाही के कारण प्रकृति का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। सर्वप्रथम इस समस्या की ओर सभी का ध्यान केंद्रित करने वाले यूएसए के गेलॉर्ड नेल्सन थे। उन्हीं के जन्म दिवस के अवसर पर पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। प्राकृतिक धरोहर तथा प्राकृतिक संतुलन के विचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में कक्षा एलकेजी से द्वितीय तक के बच्चों के मध्य पौधों तथा पेड़ों का रूप धारण कर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसका शीर्षक धरती माता का बचाव था। इस प्रतियोगिता में कक्षा एलकेजी में अनुराज कुंडू, अलीशवा अहमद, दिव्यांश कुमार, समृद्धि कुमारी, विवान राज, कक्षा यूकेजी में अथर्व कृत, अलिका अम्बर, कश्वि कुमारी, निधि कुमारी, काव्या तरुशि तथा कक्षा प्रथम में शिवाय सिंह, शिवांश शर्मा, प्रयांस वर्मा, अनुश्री लकड़ा, आराधना केरकेट्टा, आरोही वर्मा, आकंक्षा कच्छप, कृश गुप्ता, वैशनवी कुमारी, काव्या गोयल, कक्षा द्वितीय में हेमांगी नाग, विशेष प्रकाश, मान्या राज, नव्या तरुषी, कोमल कुमारी, अनन्या कुमारी, प्रिंस कुमार, अयांश गुप्ता, अनुपम राज, हर्षित राज, प्रिंसेस भव्या सिंह, मास्टर यश कुमार साहू, मास्टर रीत कुमार आदि ने प्रथम स्थान अर्जित किया। इस प्रतियोगिता में शिक्षक अश्विन पात्रों, संगीता मित्तल, सोमिता दास, रजनी प्रसाद व श्वेता कुमारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

# सेवा व इलाज के नाम पर हो रहे धर्मांतरण पर जल्द लगे रोक : दीपक साहू



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जय श्रीराम समिति के द्वारा दो यूनिट ब्लड देकर मानवता का परिचय दिया गया। जानकारी स्वरूप पतराटोली निवासी बुधवा उरांव की पुत्री सीता कुमारी एवं बसार टोली कृषि मार्केट निवासी स्वर्गीय चमरू उरांव की पत्नी सुखमनिया उरांव दोनों सदर अस्पताल में इलाजरत डॉक्टर ने खून की कमी बताई परिवार के लोग काफी परेशान जय श्रीराम समिति से संपर्क किए समिति के सदस्य अनुज मेहता एवं जिला कोषाध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने एक एक यूनिट ब्लड देकर मानवता का परिचय दिया। नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा कुछ लोग गरीबों के मजबूरी का लाभ उठाकर सेवा एवं इलाज के नाम पर धर्मांतरण का खेल खेलते हैं जो आज भी निरंतर जारी है वैसे लोगों से बचने की आवश्यकता है राज्य सरकार जल्द से जल्द संज्ञान ले। आगे कहा जिन्हें भी ब्लड की आवश्यकता हो या किसी भी परेशानी में हो वह जय श्रीराम समिति से संपर्क कर सकते हैं समिति समस्या का हल करने का प्रयास करेंगी। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो, जिला महामंत्री अजय साहू, दीपक साहू, आशीष कुमार, रजनीश उरांव, नगर कार्यकारी अध्यक्ष लाल नितेश नाथ शाहदेव, करण महतो, दशरथ उरांव आदि लोग मौजूद थे।

# सरहुल देखने आई वृद्ध महिला की अज्ञात वाहन के चपेट में आने से हुई मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** तोड़ार पखनटोली में अज्ञात वाहन के चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए जांच में जुटी। सेन्हा थाना क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत तोड़ार पखन टोली ग्राम में वृद्ध महिला का शव मिलने पर क्षेत्र में फैला सनसनी वहीं ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना सेन्हा थाना प्रभारी को दिया गया। घटना की सूचना पर धनंजय कुमार पासवान एवं पु0आ0नि0 संतोष कुमार दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया। साथ ही जांच में पुलिस जुट गई। शव का पहचान डोका निवासी स्व0 रोजना उराँव की 76 वर्षीय पत्नी एते उराइन के रूप में किया गया। बताया जाता है कि वृद्ध महिला तोड़ार ग्राम में सरहुल देखने आई हुई थी। और देर शाम तक उसे गांव में देखा गया था। परंतु घर जाने के दौरान किसी गाड़ी के चपेट में आने से उसकी मौत घटना स्थल पर हो गया। जानकारी के अनुसार बता दें कि शव के दोनो हाथ में गम्भीर चोट का निशान है। साथ ही अंदरूनी चोट होने की बात कही जा रही है। वही थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा कि शव को देखने से प्रथम दृष्टया सड़क दुर्घटना में मौत होने का प्रतीत हो रहा है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम के पश्चात ही मौत होने का कारण पता चल पायेगा। शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज पुलिस अग्रतर कारवाई में जुटी हुई है।

# करंट लगने से लाइन मैन हुआ घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखंड के कूटूंगीया डोंगापानी में बिजली बनाने के क्रम में ओडगा फीडर लाइन मैन विश्राम समद को पोल पर काम करने के दौरान करंट लगने से पोल से नीचे गिरा और घायल हो गया। जैसे ही मिशन बदलाव ओडगा टीम को पता चला सभी साथी जितेंद्र महतो, रोहित राणा, आशिक खान, अजीत मिल कर आनन फानन में अपने ही निजी वाहन से नजदीकी स्वास्थ्य उपकेंद्र जलडेगा ले जाकर प्राथमिकी उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए 108 की मदद से सिमडेगा सदर अस्पताल ले जाया गया। फिलहाल लाइन मैन विश्राम समद की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। साथ में मौजूद लाइन मैन नें बिजली विभाग के एस. डी. ओ. को कॉल कर घटना के सम्बन्ध में जानकारी देते हुवे कहा की लाइन मैन को सुरक्षा से सम्बंधित पहनने के लिए बिभाग से कुछ नहीं दिया जाता है, जिसके कारण ये घटना आज घटी।

# कुएं से जहरीला सांप निकाल वन विभाग की टीम ने सुरक्षित जंगल में छोड़ा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** कुएं में जहरीला सांप गिरने की सूचना पर वन विभाग टीम सेन्हा महतो मूहल्ला स्थित देवी महतो के बारी पहुंच कुएं से जहरीला सांप को निकाल कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया। सेन्हा प्रखंड ग्राम स्थित महतो मूहल्ला के समीप देवी महतो का बरी स्थित कुएं में जहरीला सांप गिरने की सूचना वन परिसर पदाधिकारी को ग्रामीणों के द्वारा दिया गया। कुएं में सांप गिरने की सूचना पर वन परिसर पदाधिकारी नंदकिशोर कुमार अपने टीम के साथ पहुंच ग्रामीणों की मदद से सांप को कुएं से निकाल कर बक्सीडीपा जंगल में सुरक्षित छोड़ा। वहीं वन परिसर पदाधिकारी नंदकिशोर कुमार ने सांप की प्रजाति का नाम बताते हुए कहा कि यह जहरीला नाग सांप है। और काफी समय तक पानी में होने के कारण थक गया है और काफी गुस्सा में है। जो किसी को भी डस सकता था। साथ ही कहा कि किसी भी जंगली जीव जंतु को बचाना या सुरक्षित स्थान पर छोड़ देने से जीव जंतु अपना बसेरा के लिए स्थान ढूंढ लेता है। बताते हुए आमजनों से अपील किया कि किसी प्रकार से क्षेत्र में जीव जंतु भटक कर या मुसीबत में दिखें तो वन विभाग को अवगत कराते हुए मदद करने के लिये आम लोगो से कहा। मौके पर वन विभाग टीम में रामहरी महतो,राजेश कुमार के अलावे ग्रामीण शामिल थे।

# कुजाम व चिरोडीह माइंस में लोडिंग कार्य अनिश्चितकालीन के लिए बंद : कंवलजीत सिंह



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुमला ट्रक आँनर एसोसिएशन अध्यक्ष कंवलजीत सिंह की अध्यक्षता में पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों की एक बैठक पतराटोली में संपन्न हुई। जिसमें इस बात पर चर्चा की गई कि हिंडाल्को कंपनी अपने तय किए गए वादे से मुकर रही है एवं तानाशाही रवैया अपना रही है,जिसके विरोध में कुजाम एवँ चिरोडीह माइंस में दिनांक 22/4/23 से जो काँटा जाम किया गया है,वह कांटा जाम अनिश्चितकाल के लिए जारी रहेगा और लोडिंग कार्य भी कल दिनांक 24/4/ 2023 से अनिश्चितकालीन बंद रहेगा। इसके अलावा हिंडाल्को कंपनी अगर 26/4 /2023 तक एसोसिएशन की मांगों को नहीं मानती है तो उसके बाद अम्तिपानी एवं विमरला के ट्रकों का परिचालन भी ठप कर दिया जाएगा, जिसकी सारी जवाबदेही कंपनी की होगी। विदित है कि एसोसिएशन कंपनी से कुजाम एवं चिरोडीह माइंस में सामान ट्रिप की मांग कर रहा है जबकि कंपनी अपने वादे के मुताबिक पीछे हट रही है। आज की बैठक में मुख्य रूप से लोहरदगा गुमला ट्रक ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह, उपाध्यक्ष अभय सिंह, रहमत अंसारी, मोहम्मद गुड्डू, राजेश शर्मा, जत्रु मुंडा, बरज सिंह, इनामुल अंसारी, मुंतजीर आलम, तारीक खान, इरशाद खान, मोहम्मद मुन्ना, सुनील साहू, तारकेश्वर महतो, मोनू शराफ, गंगा प्रसाद, मोहम्मद तसलीम, मोहम्मद जसीम, संजीव शर्मा,राम आशीष साहनी, खुर्शीद अंसारी, शकील अंसारी मोहम्मद बबलू, मोहम्मद अमानुल्लाह, बासुदेव महतो, कृष्णा महतो, साजिद खान, रिजवान खलीफा, रफीक अंसारी, जीतू सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे।

# यंग इंडिया के बोल के जरिए देश की युवाओ को एक राजनीतिक मंच मिलेगा : रोहित उरांव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** रविवार को लोहरदगा युवा कांग्रेस कमेटी द्वारा यंग इंडिया के बोल सीजन 3 कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं पोस्टर के माध्यम से यंग इंडिया के बोल सीजन 3 का विमोचन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी रोहित उरांव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हर स्तर पर देश के युवाओं को अवसर दे रही है। यंग इंडिया के बोल के जरिए देश की युवा आवाज को एक राजनीतिक मंच मिलेगा, जिसके जरिए वह लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखेंगे। म्यूट तंत्र में जहां-जहां भाजपा एक माइक बंद करने का प्रयास कर रही है, वहा युवा कांग्रेस इस कार्यक्रम से युवाओं को लाखों माइक देगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी जी की सोच रही है कि युवाओं को ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित हो, यह कार्यक्रम उनकी सोच को साकार करेगा। इस मौके पर जिला सह प्रभारी डॉ अंजेला कुजूर ने कहा कि आज हम ऐसे दौर में जी रहे हैं, जहां किसी भी विषय पर अपनी बात रखने की आजादी खत्म होती जा रही है। खासकर सरकार के खिलाफ, ऐसे में यंग इंडिया के बोल कार्यक्रम,देश भर के युवाओं को ताकत प्रदान करेगा, जिससे वो खुलकर समाज के सामने अपनी बात को रख सकेंगे। जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ने कहा कि वे यंग इंडिया के बोल कार्यक्रम के पहले सीजन से जुड़ी हैं और उन्होंने कहा कि यह युवाओं का सबसे बड़ा राजनीतिक मंच है, जहां विचारों को व्यक्त करने का मंच मिलता है। वह कहती हैं, आज देश में आपातकाल जैसे हालात बनाए जाने का प्रयास किया जा रहा है। केंद्र की सरकार द्वारा,युवाओं की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है,उनके हितों से जुड़े विषयों पर सरकार मौन है, ऐसे में यह कार्यक्रम उन्हें शक्ति देगा और वो भी आगे आकर देश के सामने बोल पाएंगे। मौके पर जिला उपाध्यक्ष गुलाम जिलानी, जिला महासचिव कविश जयसवाल, जिला महासचिव इमरोज़ अंसारी, जिला महासचिव सोहैल अख्तर, नगर अध्यक्ष तौसीफ आलम, प्रखंड अध्यक्ष फैयाज अंसारी, अरसद अंसारी, जय सिंह, सम्श तबरेज आदि उपस्थित थे।

# वनाधिकार कानून के तहत हुई ग्रामसभा की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** सदर प्रखंड के गरजा पंचायत के गरजा राजस्व ग्राम में वनाधिकार कानून 2006 के तहत वनाधिकार समिति की बैठक अपलुस एक्का की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जनसंगठन एवं ग्राम सभा मंच के मीडिया प्रभारी खुशीराम कुमार को विशेष रूप आमंत्रित किया गया था।इस अवसर पर खुशीराम कुमार ने कहा कि वनाधिकार कानून 2006 एक केंद्रीय कानून है जो जम्मू और कश्मीर को छोड़कर सम्पूर्ण भारत देश में लागू है। जिसे हमें हर हाल में पालन करना होगा।ये कानून हमारे लिए रक्षा कवच के रुप में है और हमें हमारे पूर्वजों ने जल जंगल जमीन को बचाने के लिए लंबी लड़ाई लड़ते हुए हमारे लिये विरासत के रूप में छोड़ गए हैं, इसलिए हमें अपने जंगलों की जैव विविधता की रक्षा करने के साथ साथ सरंक्षण, संवर्धन और प्रबंधन करते हुए रक्षा करना होगा जिससे कि पृथ्वी के साथ साथ पर्यावरण बची रहे। आज कल हम सब रासायनिक खादों के उपयोग करने के कारण तरह तरह की बीमारियों से ग्रसित होना पड़ रहा है इसलिए जंगलों के खर पतवार से जैविक खाद बनाने की विधि को जानना होगा और जैविक खाद का उपयोग अपने खेत टांड में करना होगा।धन्यवाद ज्ञापन अनिल डुंगडुंग ने किया। इस बैठक मेजसवंती देवी, इच्छा कुमारी, सावित्री देवी, सिलास किड़ो, पौलुस बाड़ा, सामुएल बाड़ा, सुधीर बाड़ा निर्मला बाड़ा, नूतन एक्का, सुशीला बाड़ा, मार्टिन टोप्पो, अलेक्सियूस किड़ो, सुशील टेटे, ज्योति किड़ो, प्रीति डुंगडुंग, शबनम देवी, ग्रेसमनी टोप्पो, तारा देवी, सकुन्तला देवी, अंजलि देवी, एतवारी देवी, झुनि देवी, नीलिमा एक्का, पेत्रुस सोरेंग, कलिंदर प्रधान, कस्तु प्रधान, राधा देवी, बंधु लोहरा, चामू पहान, राहुल लोहरा, बसंत बड़ाईक, किरपाल नायककलिंदर नायक सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### झारखंड एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ का चरणबद्ध आंदोलन आज से शुरू

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**। अपनी मांगों को लेकर स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत कार्यरत एमपीडब्ल्यू स्वास्थ्य कर्मी कल से यानी 24 अप्रैल 2023 से चरणबद्ध आंदोलन करेंगे । जिसकी जानकारी राज्य संघ ने मुख्यमंत्री,स्वास्थ्य मंत्री, मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य सभी विभागीय अधिकारियों को दे दिया है । संघ के अध्यक्ष पवन कुमार और महासचिव मंगल हेम्ब्रम ने सौंपे मांग पत्र में लिखा है कि 22 मार्च 2023 को संगठन ने अपनी विभिन्न मांगो को विभाग और सरकार के समक्ष रखा था। लेकिन इस पर अभी तक किसी पर का पहल/कारवाई नही हुई है। जिस कारण राज्य के तमाम एमपीडब्ल्यू स्वास्थ्य कर्मियों में रोष वयाप्त है। राज्य संघ ,राज्य महासंघ और राज्य भर के तमाम एमपीडब्ल्यू स्वास्थ्य कर्मी कल से चरणबद्ध आंदोलन पर रहेंगे। इसकी जानकारी राज्य संघ के अध्यक्ष पवन कुमार और संघ के महासचिव मंगल हेम्ब्रम ने सम्मिलित रूप से दिया।

### युवक की गोली मारकर हत्या

**छतरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: थाना अंतर्गत रविवार की शाम सिलदाग पंचायत स्कूल के समीप अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार मिथिलेश यादव ग्राम तुक तुका का निवासी था वह महिंद्रा पेट्रोल पंप से अपने घर की ओर जा रहा था सीलदाग में ही चिमनी भट्ठा का करोवारी था घटनास्थल पर छतरपुर पुलिस पहुंची कार्रवाई में जुटी।

### सूडान में फंसे भारतीयों की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास कर रही केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार सूडान में जटिल और उभरती सुरक्षा परिस्थियों पर बारीकी से नजर बनाए हुए है और वहां फंसे भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आकस्मिक योजनाएं मौजूद हैं लेकिन जमीन पर कोई भी गतिविधि सुरक्षा स्थिति पर निर्भर करेगी। भारतीय दूतावास सूडान में फंसे भारतीयों के नियमित संपर्क में है और उन्हें सुरक्षित आवाजाही की व्यवहार्यता और अनावश्यक जोखिम से बचने की सलाह दे रहा है। जब भी सुरक्षा स्थिति सुरक्षित आवाजाही की अनुमति देगी खार्तूम शहर से संभावित निकासी सहित हर संभव उपाय पर काम किया जाएगा।मंत्रालय के अनुसार हम सूडान में फंसे और वहां से निकलना चाह रहे भारतीयों की सुरक्षित वापसी के लिए विभिन्न सहयोगियों के साथ समन्वय कर रहे हैं। सूडानी अधिकारियों के अलावा विदेश मंत्रालय और सूडान में भारतीय दूतावास भी संयुक्त राष्ट्र, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, मिस्र और अमेरिका के साथ नियमित संपर्क में हैं। भारत कई विकल्पों पर काम कर रहा है। दो भारतीय वायुसेना सी-130जे वर्तमान में जेद्दाह में स्टैंडबाय पर तैनात हैं और आईएनएस सुमेधा पोर्ट सूडान पहुंच गया है।मंत्रालय के अनुसार खार्तूम में विभिन्न स्थानों पर भयंकर लड़ाई की खबरों के कारण हालात नाजुक बने हुए हैं। सूडानी हवाई क्षेत्र वर्तमान में सभी विदेशी विमानों के लिए बंद है। ओवरलैंड मूवमेंट में जोखिम और तार्किक चुनौतियां भी होती हैं।

# अगले 25 वर्ष में कौशल व सामर्थ्य ही महत्वपूर्ण : धर्मेंन्द्र प्रधान



**एजेंसी**

**भुवनेश्वर** : भुवनेश्वर के आईएमएमटी परिसर में रविवार को जी-20 की शिक्षा से संबंधित वर्किंग ग्रुप के तीसरी बैठक से पहले फ्यूचर वर्क को लेकर एक प्रदर्शनी का उद्घाटन केन्द्रीय शिक्षा, कौशल विकास व उद्यमिता मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने किया।इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री प्रधान ने कहा कि पुरातन काल से ओडिशा की परंपरा में कौशल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है । विश्व में हो रहे परिवर्तनों को ध्यान में रख कर हमारे यहां कौशल विकास किया जाना आवश्यक है। भविष्य के कार्य के लिए हमारे युवाओं को नियुक्तिदाता के रूप में तैयार करने की परिकल्पना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की है । उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विश्व के युवा वर्ग की संख्या में से 25 प्रतिशत भारत के पास होगी । आगामी 25 वर्षो के अमृतकाल में डिग्री नहीं बल्कि कौशल व सामर्थ्य ही महत्वपूर्ण होंगे । इसलिए आगामी दिनों के कार्य के स्वरुप को ध्यान में रख कर युवाओं को तैयार करना होगा।प्रधान ने आशा व्यक्त की कि इस दिशा में जी-20 शिक्षा वर्किंग ग्रुप की बैठक विशेष रुप से सहायक सिद्ध होगी ।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदृष्टिवाले नेतृत्व में भारत के पास जी-20 की अध्यक्षता है। इसकी थीम के अनुरूप भारत हमेशा विश्वकल्याण की कामना करने वाला देश रहा है । प्रधान ने कहा कि 21वीं शताब्दी ज्ञान आधारित व टेक्नोलाजी का युग होग।भारत के पास ज्ञान का भंडार के साथ साथ सृजनशील मानव संसाधन तथा सुदृढ बाजार है । इनके माध्यम से भारत इस शताब्दी में व्यापक परिवर्तन का साथी बनेगा।

## लोस सचिवालय अपने कर्मचारियों के लिए चिंतन शिविर का करेगा आयोजन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** लोकसभा सचिवालय अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए चिंतन शिविरों की एक श्रृंखला आयोजित कर रहा है। पहले दो दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन 24 एवं 25 अप्रैल को संसद परिसर में किया जाएगा। इसमें सचिवालय की विभिन्न सेवाओं के 250 अधिकारी शामिल होंगे। लोकसभा सचिवालय के मुताबिक लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह 24 जुलाई को पहले चिंतन शिविर का उद्घाटन करेंगे। चिंतन शिविर के उद्देश्य इस प्रकार हैं ॽ रचनात्मक और नई सोच को प्रोत्साहित करते हुए विभिन्न पदों पर कार्यरत पदाधिकारियों के बीच की दूरियों को कम करना और बंधुत्व/सौहार्द को बढ़ावा देना; प्रौद्योगिकी का अधिकाधिक उपयोग करना; लीक से हटकर समाधान सोचना; शासन में अधिक पारदर्शिता और निष्पक्षता लाना; लोकसभा सचिवालय की सेवाओं को ऊर्जावान और पेशेवर बनाना; सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना और एक-दूसरे से सीखना; ज्ञान का उन्नयन करना और नेतृत्व के गुण विकसित करना।

सार्थक और उद्देश्यपूर्ण चर्चा और विचार-विमर्श को सुविधाजनक बनाने के लिए चिंतन शिविर एक अनूठी और अग्रणी पहल है। इस शिविर का उद्देश्य प्रशासनिक मुद्दों पर गहन चिंतन करने के साथ ही लोकसभा सचिवालय के अधिकारियों की ऊर्जा को नया आयाम देना और लोगों की आकांक्षाओं से जुड़े रहना है।

# मायावती ने आनंद मोहन की रिहाई को लेकर बिहार सरकार को घेरा





**एजेंसी**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी(बसपा) की सुप्रीमो मायावती ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि बिहार सरकार की ओर से माफिया आनंद मोहन की रिहाई दलित समुदाय का अपमान है।इस मामले को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती ने रविवार को ट्वीट किया है। इसमें उन्होंने बिहार की नीतीश सरकार द्वारा, आन्ध्र प्रदेश (अब तेलंगाना) महबूबनगर के रहने वाले गरीब दलित समाज से आईएएस बने बेहद ईमानदार जी कृष्णैया की निर्दयता से की गई हत्या मामले में आनन्द मोहन को नियम बदल कर रिहा करने की तैयारी देश भर में दलित विरोधी निगेटिव कारणों से काफी चर्चाओं में है।

आगे उन्होंने कहाकि आनन्द मोहन बिहार में कई सरकारों की मजबूरी रहे हैं, लेकिन गोपालगंज के तत्कालीन डीएम कृष्णैया की हत्या मामले को लेकर नीतीश सरकार का यह दलित विरोधी व अपराध समर्थक कार्य से देश भर के दलित समाज में काफी रोष है। उनकी चाहें कुछ भी मजबूरी हो, बिहार सरकार को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए।

# डीएलएड में एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज का जलवा बरकरार





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा 22 अप्रैल को प्राथमिक शिक्षक शिक्षा की सत्र 2020- 22 का परीक्षा परिणाम को घोषित कर दिया गया। इस परीक्षा परिणाम में पलामू प्रमंडल में एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज की डीएलएड की छात्रा अर्चिता ने 1214 अंक प्राप्त कर पूरे पलामू प्रमंडल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वही कॉलेज की छात्रा पूनम कुमारी ने 1205 अंक प्राप्त कर प्रमंडल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इस परीक्षा परिणाम पर कालेज के चेयरमैन डॉक्टर आरपी सिन्हा ने कहा की छात्रों की मेहनत एवं शिक्षकों के अच्छे प्रयास से यह परिणाम प्राप्त करने में छात्र सफल रहे हैं तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जगदंबा सिंह ने कहा कि विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी छात्रों के परीक्षा परिणाम या दर्शाता है कि महाविद्यालय में नियमित अध्ययनरत छात्र ही सर्वोच्च अंक प्राप्त करने में सफल रहे हैं। लगातार तीन वर्षो से महाविद्यालय प्रमंडल में प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफल हो रहा है।इस परिणाम को सतत बनाए रखने में शिक्षकों एवं छात्रों का मेहनत प्रमुख रहा है इस परीक्षा परिणाम पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक बहुत ही खुशी अनुभव किए और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# चैनपुर वासियों को मिला रतन इलेक्ट्रॉनिक्स का तोहफा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर में लगातार 25 वर्षो से इलेक्ट्रॉनिक्स के दुनिया में तहलका मचाने वाला रतन इलेक्ट्रॉनिक का दूसरा शोरूम अब चैनपुर में रविवार को खुला। चैनपुर वासियों के लिए रतन इलेक्ट्रॉनिक ने तोहफा दिया है। रतन इलेक्ट्रॉनिक के दूसरे शोरूम का उद्घाटन झारखंड विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी और उनके पुत्र दिलीप सिंह नामधारी ने फीता काटकर संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि चैनपुर जैसे क्षेत्र में रतन इलेक्ट्रॉनिक जैसे प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान का शोरूम खुलना चैनपुर के विकास का घोतक है। इससे चैनपुर वासियों को लाभ मिलेगा। उन्होंने शोरूम प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर प्रेम सिंह नामधारी व हरजी नामधारी को शुभकामना दी।

इस अवसर पर रतन इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रोपराइटर प्रेम सिंह नामधारी और हरजी नामधारी ने कहा कि अब चैनपुर वासियों और आसपास के क्षेत्रों के ग्रामीणों को डालटेनगंज जाने की जरूरत नहीं है। उनके इलेक्ट्रॉनिक सामान के जरूरत का हर सामान एक छत के नीचे फाइनेंस सुविधा के साथ बिना ब्याज के उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि लोग इलेक्ट्रॉनिक सामानों की खरीदारी के लिए शहर की ओर जाते थे। लेकिन अब रतन इलेक्ट्रॉनिक स्वयं गांव की ओर गांव वासियों की सेवा के लिए उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए गांव की ओर कदम बढ़ा दिया है। इसी सिलसिले में चैनपुर में इलेक्ट्रॉनिक प्रतिष्ठान खुला है। रतन इलेक्ट्रॉनिक की ओर से चैनपुर वासियों को तोहफा मिला है। मालूम हो कि रतन इलेक्ट्रॉनिक्स ग्राहकों की हर खरीदारी पर कूपन देगा और निश्चित इनाम भी मिलेगा। प्रतिदिन लकी ड्रा निकाला जाएगा और लोगों को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम खुलने के इस अवसर पर पलामू जिला के प्रसिद्ध समाजसेवी सोनू सिंह नामधारी, इंडियन रोटी बैंक के प्रदेश संयोजक झामुमो के युवा नेता दीपक तिवारी, समाजसेवी परवेज अख्तर, रतन सिंह नामधारी, संत अवतार सिंह, सिमरन कौर, रतन सिंह नामधारी,सतवीर कौर, जिसा के अध्यक्ष अविनाश वर्मा, संतोष यादव, वेद प्रकाश कमलापुरी, काशी प्रसाद, नारायण यादव, दिलीप कश्यप व साहब सिंह नामधारी समेत दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने प्रोपराइटर को बधाई और शुभकामना देते हुए कहा कि चैनपुर वासियों को इलेक्ट्रॉनिक सामानों के लिए अब शहर की ओर नहीं जाना पड़ेगा। उनके गांव घर में ही सब सामान प्राप्त होगा।

## गुयाना के प्रधानमंत्री से मिले भारतीय विदेश मंत्री

**जॉर्ज टाउन।** भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को गुयाना के प्रधानमंत्री मार्क फिलिप्स से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने ऊर्जा, आपदा प्रबंधन और रक्षा क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की। जयशंकर ने ट्वीट किया कि उन्हें यहां प्रधानमंत्री फिलिप्स और अन्य नेताओं से मिलकर खुशी हुई।उन्होंने ट्विटर पर लिखा- हमने ऊर्जा, आपदा प्रबंधन एवं तैयारी और रक्षा सहयोग पर चर्चा की। भारत गुयाना की विकास की यात्रा में उसका साझेदार बनेगा। विदेश मंत्री ने एक दूसरे ट्वीट में कहा- उन्होंने गुयाना के लोक निर्माण मंत्री देवदत इंदर के साथ 'ईस्ट बैंक-ईस्ट कोस्ट रोड लिंकेज' परियोजना स्थल का दौरा किया। इससे पहले जयशंकर ने गुयाना के राष्ट्रपति इरफान अली और उप राष्ट्रपति भरत जगदेव से भेंट की। उन्होंने गुयाना के अपने समकक्ष ह्यू टॉड के साथ पांचवीं भारत-गुयाना संयुक्त समिति बैठक की सह अध्यक्षता भी की।

# आशी केयर हॉस्पिटल में दहृदय रोग जाँच शिविर का आयोजन, उमड़ पड़े रोगी





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : आशी केयर हॉस्पिटल पांकी रोड रेडमा में दहृदय रोग जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पंकज प्रभात एवं डॉ साकेत कुमार (कार्डियोलॉजिस्ट) द्वारा दिल से संबंधित सभी रोग जैसे हार्ट अटैक, हार्ट फेल्योर, वाल्ब की समस्या,दिल मे छेद, सीने में दर्द, भारीपन, सांस फूलना, चक्कर या बेहोशी आना,धड़कन का तेज होना, जल्दी या ज्यादा थकान होना के कुल 141रोगियों को निःशुल्क परामर्श दिया गया. महाशिविर का उद्घाटन के मुख्य अतिथि पांकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक बिट्टू सिंह व अविनाश वर्मा, अविनाश देव, ब्राइटलैंड स्कूल निदेशक रंजीत राय एवं रागिनी राय तथा डॉ पंकज प्रभात, डॉ साकेत कुमार,डॉ कादिर, डॉ रेणु यादव, डॉ चर्चिल बॉयज, डॉ मिथलेश, डॉ अमित मिश्रा द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर सामूहिक रूप से किया गया। सभी का स्वागत डॉ राहुल एवं मनीष तिवारी ने पुष्पगुच्छ देकर किया। इस अवसर पर निदेशक अमितेश पांडेय ने बताया कि कोरोना के प्रकोप के बाद आज के समय मे हृदय रोग की जाँच अत्यंत ही जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुवे इस शिविर का आयोजन किया गया है ओर हमारे शहर में कोई हृदय रोग विशेषज्ञ न रहने के कारण बहुत से लोगो को शहर से बाहर जाना पड़ता है जो कि अब नही जाना पड़ेगा। तथा मंगलवार,गुरुवार, शनिवार और रविवार को डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन अस्पताल में महानिदेशक मनीष तिवारी जी ने किया, इस अवसर पर अस्पताल के प्रबंधक डॉ राहुल, अनूप कुमार, अभिषेक गुप्ता, आनंद प्रसाद, पवन मित्तल, सुनीता सिस्टर, डेजी सिस्टर एवं अस्पताल के सभी कर्मचारी मौजूद थे।

# सुदेश महतो ने किया स्वतंत्रता सेनानी जीतराम बेदिया की प्रतिमा का अनावरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पूर्व उपमुख्यमंत्री और आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने स्वतंत्रता सेनानी शहीद जीतराम बेदिया के बलिदान दिवस पर रविवार को जोन्हा स्थित बरवादाग में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर महतो ने कहा कि क्रांतिकारियों की माटी झारखंड ने असंख्य वीर शहीदों को जन्म दिया, जिन्होंने इस माटी के मान, सम्मान एवं स्वाभिमान के लिए अपना सर्वस्व अर्पण कर दिया। इतिहासकारों ने झारखंड के महानायकों को इतिहास के पन्नों में वह जगह नहीं दिया, जिसके वे असली हकदार थे। झारखंड की गौरवशाली इतिहास, वैभवशाली संस्कृति तथा गुमनाम क्रांतिकारियों की गाथा को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हम सभी पर है।

युवा पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास से सीखने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता, एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले झारखंड के वीर सपूतों की संघर्ष गाथा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हम संकल्पबद्ध हैं और इस दिशा में निरंतर प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि झारखंड के वीर सपूत शहीद जीतराम बेदिया ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आंदोलन को जो बिगुल फूंका, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। देश ऋणी है उन क्रांतिवीरों का, जिन्होंने देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

युवाओं को वीर शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेकर राज्य और देश निर्माण में योगदान देना चाहिए तथा इतिहास पुनर्लेखन के लिए आगे आना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि हमें झारखंड के महानायकों एवं उनके विचारों को समझना होगा, नीति-निर्णयों में शामिल करना होगा। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में आजसू के कई नेता मौजूद थे।

**नफरत दूर करने और अमन कायम करने का पैगाम देता है ईद : अविनाश देव**

# एमएसए पब्लिक स्कूल में ईद मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**आपसी एकता व भाईचारगी को बढ़ावा देता है ईद : मो. शफीक अंसारी**







**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** नगर निगम के पोखराहा खुर्द स्थित एम.एस.ए पब्लिक स्कूल मे ईद मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूल संस्थापक मों शफीक अंसारी ने कार्यक्रम में शरीक हुए सभी आगन्तुक अतिथियों को गले मिलकर ईद का मुबारकबाद दी। साथ ही सभी बच्चों और अभिभावकों को सेवइयाँ, छोला व दही बड़ा आदि खिलाकर सवाब हासिल किए। मौके पर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष व माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव ने कहा कि ईद आपसी एकता, मिल्लत तथा भाईचारगी के साथ रहने का संदेश देता है। वार्ड पार्षद निरा देवी ने अपने सम्बोधन में कहा रमज़ान के पूरे महीने रोजे रखकर मुस्लिम मन और तन से पवित्र हो जाते है। समाजसेवी अरविंद पासवान ने कहा ईद गला मिलकर सभी गिला शिकवा को भूलने का संदेश है। कार्यक्रम का अध्यक्षता शफीक अंसारी और अनवर हुसैन अंसारी कर रहे थे। इस मिलन समारोह में विद्यालय मे पढ़ने वाले लगभग सभी 800 छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों का उपस्थिती बनी हुई थीं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सदर इरसाद, जलाल मुखिया, कौशलेश गिरी, अनुराग पासवान, जयप्रकाश पासवान, भोला पासवान, विशाल पासवान, संतोष पासवान, ओंकारनाथ पाण्डेय, हदीस अंसारी, लव तिवारी, सत्यार्थ उपाध्याय, रविन्द्र उपाध्याय, अफज़ल शफीक सहित सभी छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों का महत्वपूर्ण भूमिका रहा।